हॉकी वर्ल्ड कप : भारत का पहला मुकाबला स्पेन से पेज-12

हरियाणा में बाल विवाह हुआ पूरी तरह से निषेध पेज-10

पिता की दवाई हो या छोटे भाई बहनों की पढ़ाई सबका ख्याल रख लेती है। कुछ लड़कियां अपने घर का बड़ा बेटा होती है।
–डा. सुमिता मिश्रा@Sumitamisra

चीन अलग-थलग होगा, भारत के लिए अवसर बढ़े : अडाणी पेज-13

डाक संस्करण

www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com



भारत-पाकिस्तान अलग-अलग तरह से अमेरिका के साझेदार : बाइडन पेज-11

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ गोरखपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

गोरखपुर

बुधवार ● 28 सितम्बर ● 2022

14 पृष्ठ, मूल्य ₹ 6.00

सर्राफा	दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम)	₹ 49,580	चांदी (प्रति किलो)	₹ 56,155	शेयर	सेंसेक्स 57,108	-38	निफ्टी 17,007	-9	विनिमय दर	₹/$ 81.58	+0.09	मौसम (दिल्ली)	तापमान अधिकतम 33°	न्यूनतम 24°

संक्षिप्त खबरें

सुभासपा में टूट, महेन्द्र राजभर ने बनायी नई पार्टी

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के सावधान यात्रा को हरी झंडी दिखाने के एक दिन बाद पार्टी के उपाध्यक्ष रहे एवं बागी नेता महेंद्र राजभर ने मंगलवार को एक नई 'सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी' के गठन का ऐलान कर दिया। -पेज 02

लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण आज

अयोध्या। अयोध्या में सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण बुधवार को होगा। इसकी भव्य तैयारियां की गयी हैं। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल होंगे और तीन घंटे अयोध्या में बिताएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल जुड़ेंगे। -पेज 02

इविवि के छात्र ले रहे थे भू-समाधि, मचा हंगामा

प्रयागराज। इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने विवि परिसर में भू-समाधि लेने लगे। इस दौरान पुलिस ने काफी मशक्कत से छात्रों को समाधि से निकाला। छात्रों ने कहा कि इविवि प्रशासन उनकी बात नहीं सुन रहा है, ऐसे में उनको भू-समाधि का निर्णय लेना पड़ा। -पेज 02

जेलों में डाक्टरों के पदों को तय समय सीमा में भरें

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को जेलों में डाक्टरों, अन्य स्टाफ के खाली पदों को समयबद्ध योजना के तहत भरने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि सरकार कैदियों की चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने व उन्हें न्यूनतम मजदूरी का पारिश्रमिक देने पर विचार करे। कोर्ट में हाजिर वित्त सचिव को हाईकोर्ट के प्रस्ताव की फाइल पर चिड़िया बैठाकर न बैठने की नसीहत दी और कहा कि प्रस्तावों पर यथाशीघ्र मंजूरी दी जाय। कोर्ट ने 10 नवंबर को दोनों अफसरों वित्त सचिव व आईजी कारागार को कार्ययोजना के साथ दुबारा हाजिर रहने का निर्देश दिया है। -पेज 02

खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

लखनऊ। प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 36वें राष्ट्रीय खेल में भाग लेने जा रहे प्रदेश के खिलाड़ियों से मंगलवार को संवाद के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में भर्ती के लिए दो फीसद सीटें आरक्षित की हैं।

अंदर के पन्नों पर

संपादकीय
08 विपक्षी एकता के किंतु-परंतु

मार्केट
13 खाद्य संकट से निपटने को एडीबी ने दी मदद

आधी दुनिया
14 हिजाब यहां और वहां



PFI पर फिर छापे, पाबंदी की तैयारी

सात राज्यों से पीएफआई के 170 कार्यकर्ता गिरफ्तार, इनमें यूपी से 57, शाहीन बाग से 30

एजेंसियों की ताजा कार्रवाई

- पुलिस ने दिल्ली के जामिया इलाके में लगाई धारा 144
- महाराष्ट्र और असम से 25-25 लोगों की गिरफ्तारी

■ कुणाल

नई दिल्ली/लखनऊ। एसएनबी

देश के सात राज्यों में मंगलवार को मारे गए छापों में पीएफआई से कथित संबंध रखने वाले 170 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया या गिरफ्तार किया गया। छापेमारी की कार्रवाई, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, असम और मध्य प्रदेश की पुलिस ने की। इस बीच, पिछले कुछ दिनों में देशभर में पीएफआई के ठिकानों पर सौ से ज्यादा रेड और इनके खिलाफ जब्त किए गए सबूतों के आधार पर सरकार आने वाले कुछ दिनों में इस संगठन पर बैन का ऐलान कर सकती है। राज्य सरकारें भी इसे बैन करने की मांग कर चुकी हैं।

इससे पहले एनआईए के नेतृत्व में विभिन्न एजेंसी की टीमों ने देश में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के आरोप में 22 सितंबर को पीएफआई के खिलाफ 15 राज्यों में छापेमारी कर उसके 106 नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। एनआईए, पीएफआई की संलिप्तता वाले 19 मामलों की जांच कर रही है। पीएफआई के खिलाफ ताजा कार्रवाई में मंगलवार को संबंधित राज्यों की पुलिस ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में छापेमारी की कार्रवाई की, जो समन्वित कार्रवाई प्रतीत होती है।

अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने असम और महाराष्ट्र से 25-25 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि उत्तर प्रदेश में 57 और दिल्ली में 30 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह, मध्य प्रदेश में 21, गुजरात में 10 और पुणे में छह लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा, कर्नाटक में भी कई लोगों को हिरासत में लिया गया। उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि जिला पुलिस, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के संयुक्त दलों ने 26 जिलों में एक साथ पीएफआई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें कुल 57 लोग हिरासत में लिए गए। कार्रवाई के बाद मौके से बरामद विभिन्न प्रकार के अभिलेखों एवं साक्ष्यों का संयुक्त रूप से विश्लेषण किया जा रहा है। वहीं, असम के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न जिलों से पीएफआई के 25 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। सबसे ज्यादा 10 पीएफआई कार्यकर्ताओं को गोलपाड़ा से गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद पांच को कामरूप (ग्रामीण) में और तीन को धुबरी में गिरफ्तार किया गया। वहीं, बारपेटा, बक्सा, दरांग, उदलगुरी और करीमगंज में भी गिरफ्तारियां की गईं।

उधर, दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय राजधानी में निजामुद्दीन और शाहीन बाग सहित कई स्थानों पर पीएफआई से संबद्ध ठिकानों पर छापेमारी के बाद मंगलवार को 30 लोगों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि जिन इलाकों में छापेमारी की जा रही है, वहां पर एहतियातन अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। दिल्ली के जामिया इलाके में धारा 144 लगा दी गई है। पुलिस ने बताया कि अब तक मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है क्योंकि जांच जारी है। वहीं, महाराष्ट्र में औरंगाबाद, ठाणे और नांदेड़ सहित छह जिलों से 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पुणे पुलिस ने पीएफआई और इसकी राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) से जुड़े छह लोगों को हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि राज्य पुलिस ने पीएफआई से जुड़े रहने के आरोप में प्रदेश के आठ जिलों से 21 लोगों को हिरासत में लिया है।

■ पीएफआई का नेटवर्क ध्वस्त कर दिया जाएगा : ब्रजेश - पेज 10

नई दिल्ली : पीएफआई सदस्य अनीश को हिरासत में लेकर थाने ले जाती पुलिस।

गल्फ देशों से हर माह 3 मिलियन दिरहम की फंडिंग!

मंगलवार को छापे में मिले दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक गजैट्स साफ तौर पर इशारा करते हैं कि पीएफआई से जुड़े रीहैब इंडिया फाउंडेशन को देश के कई मुस्लिम संगठनों से फंड मिलता है। हवाला के अलावा गल्फ देशों से भी फंडिंग की जानकारी सामने आई है। अकेले यूएई और अरब देशों से इस संगठन को हर महीने 3 मिलियन दिरहम की फंडिंग की जाती है। जांच में गल्फ देशों को पीएफआई से लिंक कई मैन पावर सप्लाई करने वाली कंपनियां के बारे में पता चला है। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से इन कंपनियों के जरिए गल्फ देशों में काम करने गए हजारों लोग पीएफआई को हर महीने फंडिंग करते है।

आशा पारेख को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली (एसएनबी)। गुजरे जमाने की मशहूर अभिनेत्री आशा पारेख को 2020 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पारेख (79) को शुक्रवार को होने वाले 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। दादा साहेब फाल्के भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार है। ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में पत्रकारों को बताया कि आशा भोंसले, हेमा मालिनी, पूनम ढिल्लों, उदित नारायण और टीएस नागभरण की पांच सदस्यीय दादा साहेब फाल्के पुरस्कार समिति ने सम्मान के लिए पारेख का नाम चुना है।

मंत्री ने कहा, उन्होंने बैठक में निर्णय लिया कि इस बार आशा पारेख जी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पारेख ने लगभग पांच दशक तक चले अपने अभिनय जीवन की शुरुआत 10 साल की आयु में की थी। उन्होंने 1952 में आई फिल्म 'आसमान' से एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था।

EWS रिजर्वेशन पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली (एसएनबी)। उच्चतम न्यायालय ने शिक्षण संस्थानों में दाखिले और सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले संविधान के 103वें संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता सहित अन्य वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनने के बाद इस कानूनी प्रश्न पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि ईडब्ल्यूएस कोटा ने संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन किया है, या नहीं।

■ संविधान पीठ तय करेगी ईडब्ल्यूएस कोटे ने संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन किया है या नहीं

शीर्ष न्यायालय में इस संबंध में साढ़े छह दिन तक सुनवाई हुई। अकादमिक जगत से जुड़े मोहन गोपाल ने मामले में 13 सितम्बर को पीठ के समक्ष दलील पेश किए जाने की शुरुआत की थी। उन्होंने ईडब्ल्यूएस कोटा के लिए किए गए संविधान में संशोधन को 'कपटपूर्ण' और आरक्षण की अवधारणा को नष्ट करने के लिए पिछले दरवाजे से किया गया प्रयास करार दिया था।

राज्य योजना आयोग के पुनर्गठन को मंजूरी

■ **लखनऊ (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य योजना आयोग के पुनर्गठन को मंजूरी दी गयी। करीब पचास साल पुराने इस आयोग को खत्म करके नया आयोग स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के नाम पर बनेगा, जो केन्द्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर काम करेगा। आयोग के अध्यक्ष सीएम योगी आदित्यनाथ होंगे। यह कमीशन यूपी के विकास के लिये नीतियों को बनाने में सरकार के लिये थिंक टैंक के रूप में काम करेगा। कैबिनेट ने इसके अलावा जैव ऊर्जा नीति, एमएसएमई नीति सहित कई अन्य प्रस्तावों को भी मंजूर दी है।

कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा ने बैठक में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि वित्त मंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, कृषि, समाज कल्याण, पंचायती राज्य मंत्री, औद्योगिक विकास मंत्री,जलशक्ति मंत्री, नगर विकास मंत्री, नियोजन विभाग के मंत्री कमीशन के पदेन सदस्य होंगे। उपाध्यक्ष के पद पर किसी आर्थिक क्षेत्र से संबंधित विषय विशेषज्ञ रखे जाएंगे, जिनकी नियुक्ति मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अलावा मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, समाज कल्याण आयुक्त, अपर मुख्य सचिव आदि भी इसमें होंगे।

- कैबिनेट की बैठक में लगी बीस प्रस्तावों पर मुहर
- पराली जलाने से प्रदूषण की समस्या से निपटने को जैव ऊर्जा नीति को मंजूरी
- एक्सप्रेस-वे के पांच किमी दायरे में 5 एकड़ जमीन पर बनेंगे एमएसएमई क्लस्टर

उन्होंने बताया कि कमीशन का गठन करने के अलावा मंत्रिपरिषद ने जैव ऊर्जा के संबंध में भी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे पराली जलाने की समस्या का समाधान होगा। सरकार सभी जिलों में बायो फ्यूल प्लांट लगाने के लिये आवेदन मांगेगी। योजना में तीस साल के लिये एक रुपये की लीज पर जमीन दी जाएगी। स्टाम्प शुल्क में 100% सब्सिडी दी जाएगी।

बैठक में एमएसएमई नीति को भी मंजूर कर लिया गया है। इस नीति के तहत ग्राम सभाओं की जमीन लेकर एमएसएमई यूनिट लगेंगी। एक्सप्रेस-वे के पांच किलोमीटर में 5 एकड़ जमीन पर एमएसएमई क्लस्टर बनेगा। कैबिनेट ने अयोध्या में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बड़ी संख्या में गेस्ट हाउस और पार्किंग का निर्माण कराने की योजना को भी हरीझण्डी दी है। इसके साथ ही मुजफ्फरनगर और गोंडा की कटरा बाजार नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार को भी हरी झंडी दे दी है।

गहलोत गुट के जोशी, धारीवाल, राठौर पर होगा एक्शन!

नई दिल्ली (एसएनबी)। कांग्रेस की राजस्थान इकाई में संकट को लेकर पार्टी के पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में कहा है कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक के समानांतर विधायकों की अलग बैठक बुलाया जाना 'घोर अनुशासनहीनता' है। इसके लिए मुख्य सचेतक महेश जोशी समेत तीन नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

सूत्रों ने बताया, जोशी के अलावा कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल और विधायक धर्मेंद राठौर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है। ये तीनों नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी माने जाते हैं। (विवरण पेज 10 पर)

माफिया डॉन अबू सलेम को तीन साल की सजा

लखनऊ (एसएनबी)। अंडरवर्ड डान अबू सलेम को फर्जी पासपोर्ट मामले में सीबीआई लखनऊ की विशेष अदालत ने तीन साल की सजा व दस हजार का जुर्माना लगाया है। अबू सलेम के साथ-साथ इसी मामले में परवेज आलम को भी अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई है तथा 35 हजार का जुर्माना भी लगाया है। यह सजा सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट समृद्धि मिश्रा की कोर्ट ने अभियोजन सीबीआई के सबूतों व साक्ष्यों पर विचार करते हुए सुनाई है।

■ फर्जी पासपोर्ट मामले में सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला

अभियोजन के अनुसार अबू सलेम उर्फ अब्दुल कयूम अंसारी ने वर्ष 1993 में अपने साथी परवेज आलम व एक अन्य समीरा जुमानी के साथ मिलकर लखनऊ के पासपोर्ट कार्यालय में अकील अहमद आजमी के नाम से आवेदन किया था। अबू सलेम ने इस आवेदन के साथ कूटरचित दस्तावेज लगाकर आवेदन किया था और इसके सहारे पासपोर्ट प्राप्त किया था। जिसका इस्तेमाल भी किया गया। इस मामले में विवेचना के बाद सीबीआई ने चार्जशीट अदालत में पेश की थी, जिस पर अदालत ने संज्ञान लेकर आरोप तय किए थे।

सीएम योगी के खिलाफ याचिका पर निर्णय सुरक्षित

प्रयागराज (एसएनबी)। सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ परिवाद दर्ज किए जाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने सरकार के वकीलों को सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया। अदालत का फैसला दो-तीन दिनों में आने की उम्मीद है।

यूपी सरकार ने याचिका का विरोध करते हुए इसे खारिज किये जाने की हाईकोर्ट से सिफारिश की। सरकार की तरफ से एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल, शासकीय अधिवक्ता एसके पाल, एजीए एके संड ने पक्ष रखा तथा याचिका को खारिज करने की मांग की।

जस्टिस समित गोपाल की सिंगल बेंच ने दलीलें सुनने के बाद इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया।

उद्धव को SC से झटका

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने और पार्टी का चुनाव चिह्न 'तीर-कमान' आवंटित करने संबंधी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की याचिका की सुनवाई पर आगे बढ़ने के लिए मंगलवार को निर्वाचन आयोग को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने उद्धव ठाकरे नीत खेमे की याचिका खारिज कर दी, जिन्होंने 'मूल' शिवसेना होने के शिंदे खेमे के दावे पर फैसला करने से निर्वाचन आयोग को रोकने का अनुरोध किया था। पीठ में न्यायमूर्ति एमआर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल थे।

■ शिंदे खेमे के असली शिवसेना होने के दावे पर निर्वाचन आयोग को आगे बढ़ने की अनुमति दी

संविधान पीठ ने कहा, 'हम निर्देश देते हैं कि निर्वाचन आयोग के समक्ष कार्यवाही पर कोई रोक नहीं होगी।'

ठाकरे खेमे की ओर से कपिल सिब्बल ने दलील दी कि चुनाव चिह्न आदेश तभी लागू किया जा सकता है, जब दावा करने वाला उसी राजनीतिक दल से हो, लेकिन दावा एक विरोधी खेमा का हो। उन्होंने कहा, 'मेरा कहना है कि शिंदे पार्टी में अब नहीं हैं और सदस्यता त्याग दी गई है। ऐसे में ईसी उनकी सुनवाई कैसे करेगा? सिब्बल ने इस साल जून में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव के खिलाफ बगावत करने वाले शिंदे और शिवसेना के कुछ अन्य विधायकों के खिलाफ आयोग्यता नोटिस जारी किये जाने का हवाला देते हुए यह कहा।

तीन दशक : नई पीढ़ी और नया दौर, मुलायम से अखिलेश तक का सफर

■ मनमोहन

लखनऊ। एसएनबी

सपा का राष्ट्रीय अधिवेशन कल

■ पार्टी बनाने वाले कई दिग्गज अब नहीं रहे

तीन दशक पुरानी हो गई है समाजवादी पार्टी। इन तीन दशक में पार्टी आज 'नई पीढ़ी और नये दौर' में है। पिता मुलायम की बनाई पार्टी अब बेटे अखिलेश के कमाण्ड में है। दो पीढ़ियों के बीच सपा ने राजनीति के कई उतार चढ़ाव देखे। इस दौरान अब वे कई दिग्गज भी दुनिया में नहीं रहे, जिनके साथ 5 नवम्बर 1992 को मुलायम सिंह यादव ने लखनऊ के बेगम हजरत महल पार्क में समाजवादी पार्टी बनाई।

मुलायम ने नई पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर से उनकी पार्टी समाजवादी जनता पार्टी से अलग होकर बनायी थी। तब उनके साथ जनेश्वर मिश्र, कपिल देव सिंह (बिहार), किरनमय नंदा (पश्चिम बंगाल), बेनी प्रसाद वर्मा, राजेन्द्र चौधरी, रामशरण दास, प्रभु नारायण सिंह के साथ ही डा. राममनोहर लोहिया को मनाने वाले कई नेता एक मंच पर जुटे। इनमें से आज कई दिग्गज नेता दुनिया में नहीं हैं।

सपा के गठन के समय यूपी में भाजपा सरकार थी। कल्याण सिंह उसके मुखिया थे। अयोध्या मुद्दे को लेकर उस दौर में मुलायम को लेकर दूसरे तरह की चर्चाएं थीं। इसे संयोग ही कहेंगे कि एक महीने बाद 6 दिसम्बर 1992 को राज्य में भाजपा सरकार बर्खास्त हो गयी। एक साल तक राष्ट्रपति शासन रहा। ऐसे समय मुलायम ने बसपा संस्थापक कांशीराम से समझौता कर पिछड़ों के साथ दलितों का गठजोड़ बनाया। चुनाव के नजीते अनकूल रहे और यूपी में मुलायम ने 4 दिसम्बर 1993 को सपा-बसपा गठबंधन की सरकार बना ली। यह गठबंधन 2 जून 1995 तक चला। मगर मुलायम थमे नहीं और एक साल में ही केन्द्र सरकार में भागीदारी हासिल कर रक्षामंत्री के पद पर आसीन हो गये।

5 नवम्बर 1992 को लखनऊ के बेगम हजरत महल पार्क में समाजवादी पार्टी का पहला अधिवेशन। (फाइल फोटो)

उसके बाद से सपा का प्रभाव ऐसा बढ़ा कि मुलायम के नेतृत्व में 2003 में फिर सरकार बनी। इसी दौर में मुलायम ने साल 2000 में फौरन ही विवाह बंधन में बंधे 'इंजीनियर' बेटे अखिलेश को कन्नौज लोकसभा सीट से राजनीति में प्रवेश कराया। राजनीति करवट बदल रही थी। मुलायम से सत्ता छिनी और राज्य में 2007 में मायावती की सरकार बन गयी। साल 2012 के चुनाव आते सपा ने 'उम्मीद की साइकिल' का नारा दिया और बाजी पलट दी। सपा को पूर्ण बहुमत मिला। मुलायम ने सत्ता की कमान अखिलेश के हाथ दे दी।

अखिलेश ने राजनीति में पिता के कदम से कदम मिलाकर चलने वाले नेताओं के 'अनुभव' से सरकार चलायी। मगर पांच साल बाद अखिलेश सत्ता नहीं बचा सके। भविष्य की राजनीति को अखिलेश ने बसपा प्रमुख मायावती से हाथ मिलाया। मगर डगर सफल नहीं हुई। आज पिता मुलायम नेपथ्य में हैं। अखिलेश नये दौर में नये तरीके से 'नई हवा है नई सपा है, बड़ों का हाथ युवाओं का साथ' नारे संग राजनीति में खुद फैसले ले रहे हैं। एक जनवरी 2017 को विशेष अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने अखिलेश उसी साल 5 अक्टूबर को आगरा में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में विधिवत अध्यक्ष चुने गये। अब एक बार फिर 29 सितम्बर को लखनऊ में राष्ट्रीय अधिवेशन हो रहा है और अखिलेश को फिर अध्यक्ष चुना जाना तय है।

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की युवा साथियों को हार्दिक बधाई! साक्षरता, स्वच्छता, पर्यावरण के लिए समाज को जागरूक करने के साथ आपदाओं में पीड़ितों के रक्षक बनकर अपना सेवा धर्म निभायें और राष्ट्र और समाज की उन्नति में भागीदार बने रहें, यही शुभकामनाएं। शिवराजसिंह चौहान@ChouhanShivraj

भाजपा पर 'प्रहार' की रणनीति बनाएंगे समाजवादी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

सपा का नौंवा राज्य अधिवेशन आज से

- पार्टी मुख्यालय से रमाबाई मैदान तक दोनों तरफ की सड़कें समाजवादी रंग की होर्डिंग, बैनर से सजीं
- समाजवादियों में उत्सव सरीखा माहौल, कई जिलों से सपा कार्यकर्ताओं का राजधानी पहुंचना जारी

यूपी में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभा रही समाजवादी पार्टी (सपा) के अधिवेशनों की आज बुधवार से यहां शुरुआत हो रही है। आज पार्टी का राज्य अधिवेशन होगा। अगले दिन 29 सितम्बर को इन अधिवेशनों के जरिए पार्टी भाजपा के खिलाफ 'प्रहार' की रणनीति बनाएगी, ताकि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य में मजबूत 'ताकत' मिल सके।

सपा के दोनों ही अधिवेशन रमाबाई अम्बेडकर मैदान में होंगे। इन अधिवेशन के जरिए पार्टी राज्य और केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ भविष्य की आक्रमक राजनीति का खाका खींचेगी। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का मानना है, 'भाजपा नफरत की राजनीति कर राजनीतिक वातावरण को प्रदूषित कर रही है। समाज को बांटने वाली ताकतों ने लोकतांत्रिक मूल्यों का अपहरण करने की कुचेष्टा की है। भाजपा की निष्ठा भारत के संविधान में नहीं है।'

अखिलेश कहते हैं, 'समाजवादी पार्टी गांधी, लोहिया एवं अम्बेडकर की विचारधारा पर चलकर लोकतंत्र, और संविधान को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाजवादी पार्टी धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक न्याय के लिए निरन्तर

राष्ट्रीय सहारा
बृहस्पतिवार 5 नवम्बर 1992 लखनऊ 16 पृष्ठ मूल्य—रु. 1.50

देश व समाज तोड़ने में भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ

सहारा समाचार

लखनऊ, 4 नवम्बर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुलायम सिंह यादव ने कहा है कि भाजपा देश और समाज को तोड़ने का षड़यन्त्र कर रही है और कांग्रेस प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी पूंजीवादी नयी आर्थिक नीतियों के समर्थन के लिए भाजपा के निकट होती जा रही है और अपनी इसी कमजोरी के कारण वह भाजपा के फांसीवादी जीवनदर्शन के जाल में फंसती जा रही

आवाज उठाती रही है। साथ ही पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, वंचितों के लिए विशेष अवसर के सिद्धांत की सुरक्षा के प्रति संकल्पित है। अधिवेशन के जरिए सपा इन्हीं संकल्पों को पुख्ता करेगी।

बुधवार को सपा का नौंवा राज्य अधिवेशन होगा। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज के ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से होगी। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सपा का झण्डारोहण करेंगे। इसके साथ ही अधिवेशन की राजनीतिक गतिविधियां शुरू होंगी। आयोजन को लेकर तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. रामगोपाल यादव, प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम समेत अन्य नेताओं ने मंगलवार को आयोजन स्थल का भ्रमण कर तैयारियों को परखा। अधिवेशन के पूर्व मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्वमंत्री अम्बिका चौधरी, नारद राय, ओमप्रकाश सिंह, माता प्रसाद पाण्डेय, राजेन्द्र चौधरी,नरेश उत्तम आदि नेताओं ने कार्यक्रम में प्रस्तुत होने वाले राजनीतिक, आर्थिक प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया।

अधिवेशन को लेकर समाजवादियों में उत्सव सरीखा माहौल है। आयोजन में शिरकत करने के लिए सूबे के अधिकांश जिलों से बड़ी तादाद में समाजवादी लखनऊ पहुंच गये हैं। पार्टी मुख्यालय में डेलीगेट कार्ड लेने वालों की भारी भीड़ दफ्तर में दिनभर जुटी रही। यहां सपा मुख्यालय पर भव्य तोरणद्वार बनाया गया है तो सड़क के दोनों किनारों को नेताओं ने अपने नामों की होर्डिंग्स से पाट दिया है।

सपा मुख्यालय से रमाबाई मैदान को जाने रास्तों पर भी समाजवादी रंग और नारों की होर्डिंग्स, बैनर लगे हैं। आयोजन स्थल पर सपा के अब तक हुए 10 राष्ट्रीय अधिवेशन के फोटोयुक्त बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गये हैं। अधिवेशन के प्रतिनिधियों के साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों के बैठने की भी उचित व्यवस्था बनायी गयी है।

सपा अधिवेशनों में चुने जायेंगे प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष : राजेन्द्र चौधरी

लखनऊ (एसएनबी)। सपा के कल हो रहे राज्य अधिवेशन और 29 सितम्बर को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्षों का चुनाव होगा।

राष्ट्रीयध्वज फहरा कर अखिलेश शुरू करेंगे अधिवेशन

यह जानकारी पार्टी के प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि सपा का नौंवा राज्य अधिवेशन कल बुधवार को रमाबाई मैदान में शुरू होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्वाह्न 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर करेंगे। राष्ट्रगान के बाद सपा का झण्डारोहण होगा।

श्री चौधरी ने बताया कि झण्डारोहण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संगठन के चुनाव अधिकारी प्रो. रामगोपाल यादव उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न करायेंगे। पूर्वाह्न 11.30 बजे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सम्मेलन में उद्घाटन भाषण करेंगे। दोपहर 12:30 बजे अधिवेशन में राजनैतिक एवं आर्थिक प्रस्ताव पर चर्चा और उसे पारित किया जाएगा। राज्य सम्मेलन का समापन पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के उद्बोधन से होगा। श्री चौधरी ने बताया कि इसी तरह 29 सितम्बर को पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन भी पूर्वाह्न 10 बजे रमाबाई अम्बेडकर मैदान में राष्ट्रध्वज फहराने और राष्ट्रगान से शुरू होगा। श्री यादव झण्डारोहण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उद्घाटन भाषण करेंगे। इसके बाद चुनाव अधिकारी प्रो. रामगोपाल यादव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। अधिवेशन में पार्टी का आर्थिक और राजनीतिक प्रस्ताव पेश होगा। अधिवेशन का समापन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सम्बोधन से होगा।

पसमांदा मुसलमानों का कांग्रेस से मोह भंग : अनीस मंसूरी

लखनऊ (एसएनबी)। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि देश के पसमांदा मुसलमानों की बदहाली की जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। देश के पसमांदा मुसलमान अब जागरूक हो गये हैं और उनका कांग्रेस से मोह भंग हो गया है। यही वजह है कि कांग्रेस का जनाधार खत्म होता जा रहा है। श्री मंसूरी अपने सम्मान में राजस्थान के अजमेर में आयोजित सम्मान समारोह से लौटने के बाद पत्रकारों से मुखातिब थे। कार्यक्रम का आयोजन पसमांदा मुस्लिम समाज के राजस्थान प्रकोष्ठ ने किया था।

श्री मंसूरी ने कहा कि देश की 85 प्रतिशत आबादी वाली पसमांदा बिरादरी के लोगों की बदहाली की जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। 10 अगस्त 1950 को कांग्रेस ने तत्कालीन राष्ट्रपति के द्वारा अध्यादेश जारी करवाकर मुसलमानों की बड़ी आबादी वाले पसमांदा मुसलमानों को दलित आरक्षण के लाभ से वंचित कर दिया था। पसमांदा मुसलमान पिछड़ा व आदिवासी घोषित होने से वंचित हैं। उत्तर प्रदेश के साथ पूरे देश में कर्पूरी ठाकुर फार्मूला के अनुसार अन्य पिछड़े वर्ग कोटा में अतिपिछड़ा वर्ग के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था लागू किया जाये और पसमांदा पिछड़े अधिसूचित मुस्लिम जातियों को सबसे ऊपर रखा जाये और खाली जगहों में बैकलाग के द्वारा भर्ती किया जाये। इससे पूर्व पसमांदा मुस्लिम समाज के लोगों ने अनीस मंसूरी का स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष रियाज अहमद, संरक्षक निजामुद्दीन, हाजी जवरी खां मंसूरी, राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री मोहम्मद इरफान, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी एहतिशाम, मध्य प्रदेश प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अजीज, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी शरीफ, इंदौर के अध्यक्ष रईस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भी विचार व्यक्त किये।

बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए : संजय प्रसाद

लखनऊ। प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, चुस्त-दुरुस्त व उच्च स्तर की बनाये जाने के लिए प्रदेश सरकार जीरो टालरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों को यह निर्देश दिये गये हैं कि वे मानक के अनुसार अपनी बैंक शाखाओं में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करें। साथ ही इण्टरनेट बैंकिंग को और अधिक बेहतर बनाये जाने की सुविधा को प्रमुखता दें।

श्री प्रसाद मंगलवार को गोमती नगर स्थित भारतीय रिजर्व बैंक में बैंकों की सुरक्षा के सम्बन्ध में गठित 'राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की 29वी बैठक' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किये जाने के लिये सर्विलांस सिस्टम व डाटा स्टोरेज को और प्रभावी बनाये जाने की आवश्यकता है। सभी ब्रांचों, करेंसी चेस्ट व एटीएम शाखाओं में सीसीटीवी की पुख्ता व्यवस्था अनिवार्य रूप से किया जाये। बैकों में लगाये सुरक्षा के उपकरणों एलार्म, सायरन आदि की नियमित रूप से जांच की जानी चाहिए। बैंक व करेन्सी चेस्ट में आग से सुरक्षा हेतु समुचित प्रबन्ध किये जाने के सम्बन्ध में फायर आडिट में निर्धारित मानको को पूरा करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी बैंकों में आग से बचाव हेतु पर्याप्त प्रबन्ध किये जाने तथा उसका अनिवार्य रूप से फायर ऑडिट कराया जाने के निर्देश दिये गये है। समय-समय पर बैंक व अग्निशमन विभाग के अधिकारियो द्वारा इसकी निगरानी भी की जायेगी।

जाली मुद्रा के प्रचलन पर सख्ती से रोकथाम के लिये सम्बन्धित को निर्देश दिये गये है। बैंकों की करेंसी चेस्ट में उपयोग की जाने वाली नगदी के सुरक्षित आवागमन विशेषकर उसे दूसरे राज्यों में लाने ले जाने से जुड़े सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। करेंसी-चेस्ट एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाये जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैंक शाखाओं व स्थानीय थानों के बीच प्रभावी समन्वय को सुदृढ़ किये जाने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में गृह सचिव बीडी पाल्सन, रिजर्व बैंक आफ इण्डिया लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक डा. बालू केनचप्पा व कानपुर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के क्षेत्रीय निदेशक डा. इशान शुक्ला, राज्य में कार्यरत प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधियों के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों आदि ने भाग लिया।

दलित छात्र की पिटाई मामले में प्रभावी कार्रवाई करे राज्य सरकार

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

प्रदेश के औरैया जिले में शिक्षक की पिटाई से एक दलित छात्र की मौत मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार को ऐसा संगीन मामला रफादफा करने के बजाय तत्काल प्रभावी कार्रवाई करना चाहिये।

गौरतलब है कि औरैया के अछल्दा थाना क्षेत्र में आदर्श इंटर कालेज के 10वीं कक्षा के छात्र निखित कुमार पुत्र राजू दोहरे को सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अश्विनी सिंह ने 7 सितंबर को परीक्षा में एक शब्द गलत लिखने पर जमकर पीट दिया। इससे घायल हुए छात्र को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ा। लंबे इलाज के बाद कल सुबह उसकी मौत हो गयी।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने इस मामले पर ट्वीट कर कहा, 'औरैया में शिक्षक की पिटाई से दलित छात्र की मौत पर सरकारी उदासीनता व लापरवाही का मामला काफी तूल पकड़ता जा रहा है। इंसाफ व उचित कार्रवाई के अभाव में लोग काफी आक्रोशित हैं। सरकार ऐसे संगीन मामलों को रफादफा करने के बजाय तुरन्त प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे, बीएसपी की यह मांग।' मायावती ने महिलाओं, दलितों और गरीबों के मन में उपज रही असुरक्षा का मुद्दा भी उठाते हुए कहा, 'साथ ही, यूपी में दलितों, गरीबों, मजलूमों व अल्पसंख्यकों आदि के साथ-साथ महिलाओं की असुरक्षा का मामला भी काफी चर्चाओं में है। महिला पुलिसकर्मियों के विरुद्ध थानों में शोषण व अन्याय की खबरें भी लगातार सुर्खियों में हैं, जो सरकार के कानून-व्यवस्था के दावे को गलत साबित करती हैं।'

महेंद्र राजभर ने बनायी नई सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी

ओमप्रकाश राजभर पर पार्टी को उसकी नीतियों से भटकाने का लगाया आरोप

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के सावधान यात्रा को हरी झंडी दिखाने के एक दिन बाद पार्टी के उपाध्यक्ष रहे एवं बागी नेता महेंद्र राजभर ने मंगलवार को एक नई 'सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी' के गठन का ऐलान कर दिया।

महेंद्र राजभर ने यह घोषणा करते हुए बताया कि उनके दल का नाम 'सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी' रखा गया है। हाल में महेंद्र राजभर ने सुभासपा में चल रहे आंतरिक गतिरोध के बीच पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर से नाराज चल रहे पार्टी के तमाम नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता भी महेन्द्र राजभर के साथ नये धड़े से जुड़ गये है। यहां बताना जरूरी है कि बीते 5 सितंबर को महेंद्र राजभर ने अपने 30 कार्यकर्ताओं के साथ मीडिया के सामने सुभासपा की टोपी उतारकर इस्तीफा दे दिया था। इस दौरान महेंद्र राजभर ने ओमप्रकाश राजभर पर पार्टी को उसकी नीतियों से भटकाने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा था कि ओमप्रकाश राजभर परिवारवाद की राह में आगे बढ़ रहे है। वह राजभरों की कमाई और मेहनत पर पानी फेर रहे है। महेंद्र राजभर के इस्तीफे के बाद जिले में अलग-अलग स्थानों पर तमाम कार्यकर्ताओं ने पार्टी से इस्तीफा दिया था। इस तमाम राजनीतिक उठापटक के बाद कार्यकर्ताओं की मांग पर मंगलवार को महेंद्र राजभर ने नई पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया। उन्होंने नयी पार्टी के गठन का ऐलान करने के लिये मऊ जिले के गाजीपुर तिराहे पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की थी, लेकिन कार्यक्रम के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं दी तो सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर उन्होंने पार्टी के गठन की घोषणा की। यही नहीं प्रशासन से अनुमति न मिलने के लिये भी महेंद्र राजभर ने ओमप्रकाश राजभर पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ओपी राजभर के दबाव में सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने उन्हें कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी। महेंद्र राजभर ने दावा किया कि सुभासपा के प्रदेश स्तर के कई कार्यकर्ता उनकी पार्टी का दामन थामने वाले हैं। इसके चलते ओपी राजभर ने कार्यक्रम को स्थगित करने की चाल चली है। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश राजभर की जमीन खिसक रही है क्योंकि वह अपने मकसद से भटक गए है।

चीफ जस्टिस के बेटे श्रीयश यू ललित की नियुक्ति स्थगित

लखनऊ। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के चीफ जस्टिस यूयू ललित के बेटे श्रीयश यू ललित, यथार्थ कांत और नामित सक्सेना की नियुक्ति कैंसिल कर दी है। इन तीनों की नियुक्ति उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता के रूप में हुई थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। यह जानकारी राज्य सरकार के विशेष सचिव निकुंज मित्तल की ओर से जारी अधिसूचना पत्र में दी गई है। अधिसूचना पत्र में लिखा है कि राज्यपाल ने अगले आदेश तक इनकी नियुक्ति को स्थगित कर दिया है। यहां बताना जरूरी है कि राज्य सरकार ने 24 सितंबर को भारत के चीफ जस्टिस यूयू ललित के बेटे श्रीयश यू ललित को सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में नियुक्त किया गया था। इस बाबत यूपी शासन की तरफ से नोटिफिकेशन भी जारी किया गया था। इस नियुक्ति को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

यहां बताना जरूरी है कि श्रीयश यू ललित सर्वोच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस यूयू ललित के बेटे है। एनवी रमण की रिटायरमेंट के बाद जस्टिस यूयू ललित ने सुप्रीम कोर्ट के 49वें चीफ जस्टिस का पद संभाला है। श्री ललित 8 नवम्बर 22 को सेवानिवृत्ति होंगे। चीफ जस्टिस के बेटे को यूपी सरकार के पैनल में शामिल करने पर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने खूब सवाल उठाया था। हालांकि अब यूपी सरकार ने अपने इस फैसले पर रोक लगा दिया है। महाराष्ट्र के सोलापुर में जन्मे विद्धान जस्टिस यूयू ललित की चार पीढ़ियां वकालत से जुड़ी हुई हैं। जस्टिस यूयू ललित के दादा रंगनाथ ललित सोलापुर में आजादी से पहले वकालत किया करते थे।

जस्टिस यूयू ललित के पिता उमेश रंगनाथ ललित भी वकील रह चुके है, जो बाद में हाई कोर्ट के जज भी बने। जस्टिस यूयू ललित को बार से सीधा सुप्रीम कोर्ट जस्टिस के तौर पर नियुक्त किया गया है। वहीं, उनके बेटे श्रीयश यू ललित भी अच्छे वकील है, जिन्हें यूपी सरकार ने राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में नियुक्त किया था।

स्टार्टअप बढ़ाने को 100 करोड़ खर्च करने का लक्ष्य : मुख्य सचिव

7000 से अधिक स्टार्टअप रजिस्टर्ड, 55 रजिस्टर्ड इनक्यूबेटर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मंगलवार को यहां 'स्टार्टअप पॉलिसी' के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने 100 करोड़ खर्च करने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में भव्य कार्यशाला आयोजित करें और धन के अभाव में ठप पड़े स्टार्टप को शुरू करायें। इस कार्यशाला में प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक्सपर्ट, डीआरडीओ, डीपीटीआई और इन्वेस्टर्स आदि के साथ संयुक्त रूप से विचार-विमर्श करके नयी रणनीति बनायी जाये।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागों को स्टार्टअप की दिशा में तेजी से कार्य करने की जरूरत है, ताकि इससे हर क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा मिले सके। उन्होंने अधिकारियों को इनोवेटिव आइडिया के साथ ही अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे अच्छे आइडियाज को तुरंत अपनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आइडियाज जो अच्छे तो है, लेकिन किसी कारण से उन्हें फंडिंग नहीं मिल पा रही है, उनके लिए सरकारी सिस्टम को सहयोग के लिए आगे आने की जरुरत है। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप्स के लिये 100 करोड़ रूपये खर्च करने का लक्ष्य रखा है, निर्धारित समय सीमा में इस राशि का उपयोग किया जाए। कृषि, फूड, पर्यटन समेत हर एक क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ाने की जरूरत है। इससे पूर्व विशेष सचिव आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया कि नोडल एजेंसी के रूप में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग स्टार्टअप पॉलिसी को प्रदेश में सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग कर रहा है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी भी गठित की गई है। प्रदेश में 10 हजार स्टार्टअप के लिए अनुकूल ईको सिस्टम, 100 इन्क्यूबेटरों का नेटवर्क, 3 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इनोवेशन हब एवं देश का सबसे बड़ा इनक्यूबेटर लखनऊ में स्थापित कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में 7000 से अधिक स्टार्टअप रजिस्टर्ड हो चुके है, 55 रजिस्टर्ड इनक्यूबेटर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित हो चुके है। इसके अतरिक्त सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत एसजीपीजीआई लखनऊ में मेडटेक व आईआईटी कानपुर, नोएडा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जा रहा है तथा आईआईटी कानपुर में ड्रोन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन के अधीन है। राज्य में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में इनोवेशन हब स्थापित किया गया है। सबसे बड़ा इन्क्यूबेटर नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र, अमौसी में नोडल एजेंसी द्वारा प्राप्त भूमि पर बनाया जाना प्रस्तावित है। बैठक में अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग अरविंद कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त प्रशांत त्रिवेदी, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, सचिव नियोजन आलोक कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

वर्गीकृत

न्यायालय सूचना

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) ब अदालत अपर सिविल जज (जू0डि0) न्यायालय सं0—9, जिला वाराणसी, नम्बर मुकदमा 1681 सन् 2022 ई0 राजेश कुमार बनाम अलंकृत उर्फ रानू बनाम—अलंकृत उर्फ रानू तथाकथित पुत्र स्व0 दिनेश कुमार निवासी काली बाड़ी मन्दिर रेती चौक दिवान दया राम गोरखपुर। हरगाह ने आपके नाम के नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18 माह 11 सन् 2022 ई0 बरिवक्त बजे अदालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा ने करार वाकई किया गया हो और कल उमरात उदम मुतालिका मुकदमा जबाब दे सके, हाजिर हो जबाबदेही दावा भी करे। मगर आपको लाजिम है किसी रजिजुमला दस्तावेज पेशकरदा पेश करे जिसमे आप तवाहये अपनी जबाबदेही इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप तवाहये अपनी आपको इतिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपको मसमूषा फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 20 माह 09 सन् 2022 ई0 को जारी किया गया।

सांसद अतुल राय को नोटिस

प्रयागराज (एसएनबी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घोसी के सांसद अतुल राय व अन्य को नोटिस जारी किया है। इन्हें बीएचयू की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप से विशेष अदालत वाराणसी द्वारा बरी कर दिया गया है। इसी फैसले को राज्य सरकार ने अपील दाखिल कर चुनौती दी है। सरकार की अपील को कोर्ट ने सुनवाई हेतु स्वीकार कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति डा. कौशल जयेंद्र ठाकर तथा न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने दिया है। पिछले सप्ताह न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति एसएस प्रसाद की खंडपीठ ने एमपी/एमएलए के मामलों में क्षेत्राधिकार न होने के कारण अपील अन्य पीठ समक्ष पेश करने का आदेश दिया था।

छात्रा से दुष्कर्म मामले में बरी होने के खिलाफ सरकार ने दाखिल की अपील

फीस वृद्धि के विरोध में इविवि के छात्र ले रहे थे भू-समाधि, मचा हंगामा

पुलिस-छात्रों में हुई झड़प, जमकर हुई नारेबाजी

एबीवीपी ने राष्ट्रपति, पीएम को भेजे तीन हजार पोस्टकार्ड

प्रयागराज। इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने विवि परिसर में भू-समाधि लेने लगे। इस दौरान पुलिस ने काफी मशक्कत से छात्रों को समाधि से निकाला। छात्रों ने कहा कि इविवि प्रशासन उनकी बात नहीं सुन रहा है, ऐसे में उनको भू-समाधि का निर्णय लेना पड़ा।

इविवि में लगभग सवा सौ वर्ष बाद फीस वृद्धि करीब 400 गुना हुई है। इसके विरोध में छात्रों का आमरण अनशन 22 दिन से विवि परिसर में जारी है, लेकिन विवि प्रशासन आंदोलित छात्रों से बातचीत के लिए आगे नहीं आ रहा है। इविवि प्रशासन की ओर से सकारात्मक आश्वासन न मिलने से नाराज छात्रों ने भू-समाधि लेने का फैसला लिया। दोपहर में छात्रों ने अनशन स्थल के पास गड्ढा खुद ही तैयार किया। गड्ढा खोदने के बाद छात्रनेता सत्यम कुशवाहा, आदर्श भदौरिया सहित कई छात्रों ने भू-समाधि लेने के लिए गड्ढे में उतरना शुरू किया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने छात्रों को गड्ढे से निकालने के लिए दौड़ी और कड़ी मशक्क्त के बाद छात्रों को खींचकर गड्ढे से बाहर निकाला। इस दौरान पुलिस और छात्रों में झड़प भी हुई। संयुक्त छात्र संघर्ष समिति के संयोजक अजय यादव सम्राट ने कहा कि छात्र आमरण अनशन पर हैं। विरोध प्रदर्शन के

बाद भी इविवि प्रशासन फीस वापस लेने को तैयार नहीं है। ऐसे में छात्रों को यह कदम उठाना पड़ा।आमरण अनशन पर बैठे छात्रनेताओं के समर्थन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन बुधवार को धरना स्थल पर पहुचेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने फीस वृद्धि के विरोध में तीन हजार पोस्टकार्ड पर छात्र-छात्राओं से संदेश लिखवा कर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया है। 16 दिनो से फीस वृद्धि के विरोध में डीएसडब्लू कार्यालय पर अनशन पर बैठे एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सभी संकायों की कक्षाओं और छात्रावासों में जाकर पोस्टकार्ड पर संदेश लिखवाया। एबीवीपी के इविवि इकाई अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा कि हमें विश्वास है कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री छात्रों की समस्या को समझ इस पर त्वरित संज्ञान लेंगे। इस दौरान आलोक त्रिपाठी, सौरभ शाह, अखिलेश मौर्य, यशोराज पांडेय, अभिषेक भूमित, आलोक राय, शिवम टप्पल, प्रणव साहू, अभिषेक सिंह, शिवरंजन, सौरभ सिंह, सौरभ साह व बिट्टू राय आदि मौजूद रहे।

लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण आज, सीएम योगी व केंद्रीय पर्यटन मंत्री रेड्डी करेंगे शिरकत

पीएम मोदी जुड़ेंगे वर्चुअली, तैयारियां पूरी

अयोध्या (एसएनबी)। अयोध्या में सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण बुधवार को होगा। इसकी भव्य तैयारियां की गयी हैं। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल होंगे और तीन घंटे अयोध्या में बिताएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल जुड़ेंगे।

मुख्यमंत्री व केंद्रीय पर्यटन मंत्री सुबह 10 बजे लखनऊ से हेलीकाप्टर से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। 10.30 बजे हेलीकाप्टर से रामकथा पार्क हैलीपैड पहुंचेंगे। 10.50 बजे लता मंगेशकर चौक पर लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। रामकथा पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम और लता मंगेशकर के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी में भी भाग लेंगे। दोपहर 12.25 तक लता मंगेशकर चौक के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री शिरकत करेंगे तथा संतों से मुलाकात करेंगे। 12.50 से 1.25 का समय रिजर्व रहेगा। सीएम दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे। 1.30 बजे रामकथा पार्क से लखनऊ के लिए रवाना होंगे। शाम छह बजे गायिका सुश्री सावनी रवींद्र द्वारा लता स्वरांजलि की प्रस्तुति की जाएगी। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने अफसरों के साथ समीक्षा की।

जनपद में धारा 144 लागू

महराजगंज (एसएनबी)। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद में दशहरा, ईद ए मिलाद/बरावफात,दीपावली,गोबर्धन पूजा,भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती इत्यादि त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त तथा बनाये रखने के लिए जनपद में भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। उक्त निषेधाज्ञा 27 अक्टूबर तक लागू रहेगी। इस प्रतिबंध से मजिस्ट्रेट, पुलिसकर्मी तथा ड्यूटी पर शस्त्र धारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारी पर लागू नहीं होगा।

नौ मिले कोरोना संक्रमित

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद में कोरोना की संख्या बढ़कर 15638 पहुंच गयी है। साथ ही स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने वाले मरीजों की संख्या 1492 हो गयी है। कोरोना से अब तक 146 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। मंगलवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार जनपद में 9 कोरोना पाजीटिव मरीज पाये गये। जनपद में कुल एक्टीव मरीजों की संख्या 16 हो गयी है। जनपद के 12 सीएचसी पर एंटीजन 573 व 573 आरटीपीसीआर जांच किया गया साथ ही मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर 3127 लोगों का टीकाकरण किया गया। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. आईए अंसारी ने दी।

दुकान में घुस कर लाखों की चोरी

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरोहिया चौराहा स्थित मोबाइल की एक दुकान में घुस कर बीती रात अज्ञात चोरों ने नगदी सहित लाखों का समान चोरी कर लिया। इस मामलें में पीड़ित दुकानदार ने थाना एक तहरीर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्राधिकारी ने घटना स्थल का जायजा लिया। दुकानदार महेश गौंड़ निवासी बरोहिया ने बताया है कि रोज की तरह वह सोमवार की देर शाम दुकान बंद कर घर चले गया। सुबह लोगों से सूचना मिली कि दुकान में चोरी हो गयी है। मौके पर पहुंच कर देखा कि अज्ञात चोर दुकान के पिछले दरवाजे को तोड़ कर दुकान में घुस कर रैक में रखे नगदी सहित लाखों के समान चोरी किये हैं। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया है। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी।

लाखों का कास्मेटिक बरामद,दो गिरफ्तार

सोनौली(एसएनबी)। भारत नेपाल की सोनौली सरहद पर सुरक्षाबलों की कार्यवाही में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से भारी मात्रा में कास्मेटिक शेम्पू व पेस्ट बरामद किया गया। उक्त बरामदगी पुलिस व एसएसबी जवानों द्वारा की गयी। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र यादव ने दी। बरामद सामानों में भारी मात्रा मास्मेटिक व तुथपेस्ट व शेम्पू शामिल है। कोतवाल श्री यादव ने बताया कि सरहद से होकर तस्करी के जरिये नेपाली सामानों को भारतीय सीमा में लाया जा रहा था। सूचना के आधार पर की गयी छापेमारी में 31 कार्टून पेस्ट व 8 कार्टून शेम्पू बरामद किये गये। बरामद सामानों को पुलिस ने सीज कर कस्टम के हवाले कर दिया।

टूटे पुल का निर्माण कार्य शुरू

कोल्हुई बाजार (एसएनबी)। थाना कोल्हुई क्षेत्र के बड़िहारी महावीरनगर मार्ग पर पुल टूट जाने के कारण आवागमन ठप हो गया था। इस मामले में राष्ट्रीय सहारा ने समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बताया जा रहा है कि सम्बन्धित विभाग के लोग मौके पर पहुंचकर टूटे पुल पर कार्य शुरू करा दिये है। उल्लेखनीय है कि बड़िहारी महावीरनगर मार्ग पर स्थित पुल का छत टूट जाने के कारण कुछ दिनों से आवागमन ठप हो गया है जिसके कारण ग्रामीणों व राहगीरों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खबर प्रकाशित होने के बाद आज सम्बन्धित विभाग के कमचारी व अधिकारी मौके पर पहुंचकर जायजा लिये है और कार्य शुरू करा दिये है।

चनकौली में पुलिस तैनात, गांव में सन्नाटा

महराजगंज (एसएनबी)। कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्रामसभा चनकौली में 10 माह पूर्व हुई हत्या के मामले को लेकर पुनः 23 सितम्बर को दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में कई लोग घायल हुए थे और रातोंरात पुलिस के आला अधिकारियों को मौके पर जाने को मजबूर कर दिया। इस हिंसक मामले में पुलिस के उच्चाधिकारियों की जांच में क्षेत्रीय

गांव से पलायन कर रहे हैं लोग

क्षेत्रीय उप निरीक्षक, बीट आरक्षी व डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मी निलंबित

उपनिरीक्षक, बीट आरक्षी व पीआरबी 112 पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों की लापरवाही उजागर हुई। घटना की जानकारी होने के बाद भी मामले में पुलिसिया लापरवाही सामने आयी। इसको गम्भीरता से लेते हुए एसपी डा. कौस्तुभ ने क्षेत्रीय उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम राय, बीट आरक्षी रजत कुमार व डायल 112 पर तैनात एचसी हरिश चन्द पाण्डेय व विशाल राव को निलंबित कर दिया साथ ही गांव में पुलिस पीएसी का पहरा है। साथ ही गिरफ्तारी के डर से तमाम लोग घर छोड़कर पलायित हो गये है। इससे गांव मेंसन्नाटा पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार दस माह पूर्व कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्रामसभा चनकौली में कादिर व पूरन चौहान के बीच मार पीट हुई थी। इस मामले में बीच-बचाव करने पहुंचे पूरन के पिता राजेश को कादिर पक्ष के लोगों ने पीटकर अधमरा कर दिया था और

इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गयी थी। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद 24 सितम्बर की रात दोनों पक्ष पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मार-पीट हुई साथ ही तोड़फोड़ व आगजनी की घटना भी हुई। मामले की जानकारी होते ही मौके पर एडीजी अखिल कुमार, डीआईजी जे.रवीन्द्र गौड़, एसपी डा.कौस्तुभ, एएसपी, सीओ व कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गयी साथ ही साथ गांव में पीएसी व पुलिस का पहरा लगा दिया गया। मामले में पुलिस ने तीन अलग-अलग तहरीर के आधार पर 139 लोगों के विरुद्ध तीन मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से 44 नामजद व 95 अज्ञात है। इस मामले में दो तहरीर दोनों पक्षों की है जबकि एक तहरीर पुलिस की ओर से दर्ज की गयी है। इस मामले में अभी तक दोनों पक्षों से 5-5 लोगों की गिरफ्तारी की गयी है। इस संबंध में एसपी ने कहा कि चनकौली की घटना में उपनिरीक्षक, बीट आरक्षी व दो डायल 112 के पुलिसकर्मियों की लापरवाही उजागर हुई है।

भक्तिमय गीतों पर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

सिसवा बाजार (एसएनबी)। शारदीय नवरात्र के पहले दिन सोमवार की रात नगर के हठ्ठी माता देवी स्थान परिसर में श्री बाल विष्णु दुर्गा पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में भगवती जागरण का आयोजन किया गया। पटना के प्रसिद्ध भजन गायक विवेक राज व वाराणसी की अंजली शुक्ला के भजनों का

भजन गाती अंजली शुक्ला व झांकी प्रस्तुत करते कलाकर।

आनन्द श्रोताओं ने उठाया। देर रात आरती व महाप्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। भजन संध्या का शुभारंभ समिति के उपाध्यक्ष तेज प्रताप मद्धेशिया व पदाधिकारियों सहित 101 श्रद्धालुओं ने महाआरती कर किया। सिसवा नगर के भजन गायक बृजेश शर्मा ने गणेश वंदना मेरे अंगना पधारो श्री गणेश जी...व हनुमान भजन हे दुख भंजन मारुति नंदन... प्रस्तुत किया। इसी क्रम में राम भजन होके मगन देखो...भजन गीत के साथ हनुमान जी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गयी। वाराणसी की भजन गायिका अंजली शुक्ला दे हो रहा जगराता है...,छमा छम बाजे पांव पैजनिया...व सेवका के नगरिया मैया आवेके पड़ी...आदि भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को झुमाया। पटना के भजन गायक

भजन संध्या

विवेक राज के माइक संभालते पण्डाल जय घोष से गूंज गया। उन्होंने मन भावे मैया के चुनरिया गोटेदार...,सैंया हमरो के लेहले चलीं दुर्गा पांडाल व जवना बने आहो ए मइया सुना कर श्रद्धालु श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। गोरखपुर की सृष्टि दूबे के कहवां बसेली शीतली मईया व रूनझुन आवेली मयरिया भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। स्थानीय भजन गायक वीरसेन सूफी ने गंगा जी नहइबो ए मइया...,जगत के रंग क्या देखें..., चलो बुलावा आया है... व भोजपुरी पचरा निमिया के डाढ़ी ए मइया... तथा बृजेश शर्मा ने डमक डम डमरू रे बाजे... की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोहा। कार्यक्रम के दौरान महराजगंज के दीपक एंड पार्टी के कलाकारों ने मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी। समापन देर रात माता की आरती व महाप्रसाद वितरण कर किया गया। इस दौरान बैजनाथ जायसवाल, नवीन सिंह, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, त्रिलोकी मद्धेशिया, राजकुमार मद्धेशिया, मनीष रावत, लक्ष्मण मद्धेशिया, अजय रौनियार, प्रमोद मद्धेशिया, श्याम मद्धेशिया, अनुराग जायसवाल, धीरज जायसवाल, नंदू, गोलू व सुरेंद्र सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

विज्ञान व गणित मेला आयोजित

महराजगंज (एसएनबी)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पाठ्य सहगामी क्रिया के

अंतर्गत डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा विज्ञान एवं गणित मेला का आयोजन किया गया। इसमें समस्त प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के माडल प्रस्तुत किये गए। साथ ही उन्होंने बताया कि ये प्रस्तुति सिर्फ मेला स्तर तक न होकर इसका शिक्षण में बेहतर ढंग से उपयोग किया जाय। मूल्यांकन समिति के सदस्यों में संजय कुमार, रामजी प्रसाद, आशीष कुमार मौर्या, पूजा चौधरी, सुजीत कुमार, महाकालेश्वर पाण्डेय, सिकंदर यादव, मनीष कुमार, इन्द्रजीत यादव व अनामिका मिश्रा आदि उपस्थित रहे। मूल्यांकन समिति द्वारा बताया गया है कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर पुरस्कृत किया जायेगा।

डीजे,डीएम व एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

महराजगंज(एसएनबी)। जिला जज जय प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया साथ ही विचाराधीन बंदियों के विषय में समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीजे, डीएम व एसपी ने सामान्य बैरक, महिला बैरक, बच्चों के बैरक, रसोई, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया। जिला जज ने बंदियों से बात कर उनका हाल-चाल लिया और उनकी समस्याओं को जाना। विचाराधीन बंदियों के संदर्भ में समीक्षा के दौरान जिला जज ने 436ए के मामले को जल्द से जल्द निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन विचाराधीन बंदियों को वकील नहीं मिलने के कारण पैरवी नहीं हो पा रही है उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें वकील उपलब्ध कराया जा सके।

नेपाल की टीम ने जीता वालीबाल मैच

ठूठीबारी (एसएनबी)। एसएसबी 22वीं वाहिनी बीओपी परिसर ठूठीबारी में आज सुबह एसएसबी व एपीएफ नेपाल के जवानों के बीच मैत्रीपूर्ण वालीबाल मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में एपीएफ नेपाल की टीम विजयी रही। एसएसबी के कमांडेंट एलपी उपाध्याय के निर्देशन में इंडो- नेपाल सीमा ठूठीबारी स्थित एसएसबी बीओपी परिसर में एसएसबी व इंस्पेक्टर सुरेंद्र बोहरा के नेतृत्व में सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल के जवानों के बीच मैत्रीपूर्ण वालीबाल मैच खेला गया। इसमें नेपाल की टीम ने जीत दर्ज की। एसएसबी इंस्पेक्टर जयंता घोष ने जवानों को संबोधित कर कहा कि दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच समन्वय व नागरिकों के बीच भाईचारा बढ़ाने के उद्देश्य से वालीबेल मैच का आयोजन किया गया है।

प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग आज व कल

महराजगंज (एसएनबी)। 1 अक्टूबर से आयोजित होने वाले महराजगंज महोत्सव में भाग लेने के लिए विद्यालय कार्यक्रम की स्क्रीनिंग 28 व 29 सितम्बर को जीएसवीएस इंटर कालेज सभागार में होगा। इसके लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व/मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. पंकज कुमार वमनि जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विद्यालय के कार्यक्रम की सूची व प्रतिभागी छात्रों के साथ 28 व 29 सितम्बर को प्रातः 10 बजे जीएसवीएस इंका के सभागार में स्क्रीनिंग के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें। एडीएम ने बताया कि 28 सितम्बर को एकल नृत्य व समूह नृत्य तथा महात्मा गांधी पर आधारित/देश भक्ति परक नाटक की स्क्रीनिंग होगी जबकि 29 सितम्बर कोसाइंस क्विज, रंगोली व विज्ञान प्रदर्शनी की स्क्रीनिंग होगी। उन्होंने बताया कि विद्यालयीय कार्यक्रम की स्क्रीनिंग के लिए गठित निर्णायक मंडल में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, एआर कोआपरेटिव, जिला सूचना अधिकारी व जीएसवीएस इंका के प्रधानाचार्य शामिल हैं ।

RAMA UNIVERSITY
UTTAR PRADESH KANPUR

निर्वाण दिवस
28 सितम्बर, 2022

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

The soul can never be cut into pieces by any weapon, nor can he be burned by fire, nor moistened by water, not withered by the wind.

Dr. B. S. Kushwah
Founder & Director- Rama Group
(11th Sept. 1955- 28th Sept. 2016)

RAMA PARIWAR
Those we love don't go away. They walk beside us everyday.

सीओ ने लिया लेहड़ा मन्दिर के सुरक्षा का जायजा

आनन्दनगर (एसएनबी)। सीओ फरेन्दा कोमल प्रसाद मिश्र ने मंगलवार नवरात्र पर्व के दूसरे दिन लेहड़ा मन्दिर मेले का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने एवं अपराध/अपराधियों पर नजर रखने का पाठ अपने मातहतों को पढ़ाया। उन्होंने मेले में तैनात पुलिस क्षेत्राधिकारी ने अनिरुद्ध कुमार व उपनिरीक्षक के साथ मेले का भ्रमण किया और सुनसान इलाके को बताया और दिखाया। उन्होंने दिशा निर्देश दिया कि इन जगहों पर अपराध होने से इनकार नहीं किया जा सकता। इस लिए इसको दृष्टिगत रखते हुए समय-समय से ध्यान देना जरुरी है और पैनी नजर चौबीसों घंटे रखना आवश्यक है जिससे मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर आच न आवे। इस दौरान मेले में तैनात उपनिरीक्षक व पुलिस जवान मुस्तैदी से मौजूद रहे।

पर्यटन दिवस : विदेशी पर्यटकों का स्वागत

नौतनवा(एसएनबी)। पड़ोसी मुल्क नेपाल में विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर एक विशेष समारोह सरहद पर आयोजित किया गया। उक्त समारोह की अगुआई नेपाल के गृहमंत्री बाल कृष्ण खाड़ ने की। श्री खाड़ ने नेपाल प्रवेश करने वाले विदेशी पर्यटकों का नेपाली परम्परा के अनुसार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने उन्हें ढ़ाका टोपी व फुलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। आयोजन पर्यटन व शहरी विकास मंत्रालय लुम्बिनी प्रदेश द्वारा किया गया। अध्यक्षता शहरी विकास मंत्री डिल्ली बहादुर चौधरी ने की। गौरतलब है कि कोविड महामारी के बाद नेपाल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां के होटल व्यवसायी व अन्य विभिन्न संघ संगठनों के द्वारा विशेष प्रबंध किये जा रहे। इनमें पर्यटकों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक ऑफर व योजनाएं चलाई जा रहीं। इसको लेकर विभिन्न आयोजन लगातार जारी है। इस मौके पर जिलाधिकारी रूपंदेही भरतमणि पांडेय,मेयर बुटवल,खेलराज पांडेय,मेयर भैरहवा इस्तेयाक खान,लुम्बिनी नगर प्रमुख सजरूद्दीन,नपा अध्यक्ष नौतनवा गुड्डू खान,डा.शांत शर्मा,श्रीचंद गुप्ता,किशोर जोशी सीपी श्रेष्ठ आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

ब्लाक स्तरीय कार्यशाला आयोजित

मोहनापुर(एसएनबी)। लक्ष्मीपुर ब्लाक सभागार में ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ऋषि त्रिपाठी ने लोगों को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में श्री त्रिपाठी ने सभी से आपसी तालमेल और सहयोग से बेसिक शिक्षा की कायाकल्प की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नौनिहालों को हर सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा। प्रमुख नौतनवा राकेश मद्धेशिया,खंड विकास अधिकारी अमरनाथ पांडेय,खंड शिक्षा अधिकारी अगनीत कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे। साथ ही 19 विन्दुओं की प्राथमिकता की जानकारी प्रतिभागियों को दी। संचालन डा.प्रभुनाथ गुप्ता ने किया। प्रधानसंघ अध्यक्ष अखिलेश चौधरी,प्रधान दिनेश त्रिपाठी, डा. देवेन्द्र राव,विचित्र नरायण त्रिपाठी,सुदामा चौहान,धनप्रकाश त्रिपाठी,हरिश्चन्द्र चौधरी,जावेद खान,अख्तर खान,नुरूलहुदा, रामनाथ,विकास नरायणआदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

रक्तदान सबसे बड़ा दान : डा.साहू

नौतनवा(एसएनबी)। अपना रक्त देकर किसी का जीवन बचाने से बड़ा पुण्यकार्य दूसरा नहीं हो सकता। उक्त उदगार राजीव गांधी कालेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डा.शोभाराम साहू के है। श्री साहू कालेज में आयोजित रक्तदान शिविर के आगाज के मौके पर वहां मौजूद प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे। डा. साहू ने कहा कि रक्त दान करने वाले और उसे प्राप्त करने वाले एक दूसरे को नहीं जानते। डा. साहू ने रक्त दान करने वाले को मानवता की हिफाजत की मुहिम का सच्चा सैनिक बताया। शिविर में पांच दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने रक्त दान किया। संचालन में चिकित्सा अधिकारी डा.अनिकेत कुमार,अजीत प्रताप सिंह,छाया राठौर साहू,प्रविन्द्र सिंह,हरेन्द्र प्रसाद,सनी श्रीवास्तव,आरजू खान,यासमीन बानो,अमित त्रिपाठी,चन्द्रवीर भारती,निशा गुप्ता,साधिका सिंह,संध्या साहू की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

मारवाड़ी समाज ने मनायी अग्रसेन जयंती

सिसवा बाजार (एसएनबी)। स्थानीय श्रीश्याम मंदिर में मारवाड़ी सेवा समिति की ओर से मारवाड़ी समाज के लोगों ने महाराज अग्रसेन की जयंती मनायी। इस दौरान अग्रोहा नरेश के आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया गया। मुख्य अथिति उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार रूंगटा ने महाराज अग्रसेन को पौराणिक समाजवाद का अग्रदूत बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने कालातंर में अपने नए राज्य की स्थापना के लिए पूरे भारत का भ्रमण किया था। इस बीच उन्हें एक जगह शेर तथा भेड़िए के बच्चे एक साथ खेलते मिले। इसे दैवीय संदेश मानकर इसी जगह पर अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी। अन्य वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शो को आत्मसात करने पर बल दिया। इस अवसर पर बाबूलाल अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, राधा रमण अग्रवाल, विकास अग्रवाल, देवकी नंदन अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, प्रमोद जायसवाल, मुकेश बंका, नितिन अग्रवाल, धीरज सिंहानिया व सौरभ खेतान सहित मारवाड़ी समाज के लोग उपस्थित रहे।

बस चालकों को दी गयी यातायात नियमों की जानकारी

कोल्हुई बाजार (एसएनबी)। थाना कोल्हुई क्षेत्र के लोटन रोड पर स्थित मदर मरियम ग्लोबल स्कूल खरहरवा में बस चालको व सह-चालकों का फोर्स मोटर कम्पनी के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबन्धक समीर अधमी रहे। कार्यक्रम में कम्पनी के अधिकारियों द्वारा विद्यालय बस चालको व सह-चालकों को यातायात नियमों की जानकारियां देते हुए जागरुक किया गया है। मदर मरियम ग्लोबल स्कूल खरहरवा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रबन्धक समीर अधमी ने कहा कि वर्तमान समय में यातायात नियमों की जानकारियां न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटनाएं हो रही है। इस दौरान फोर्स कम्पनी के क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर था एरिया सेल्स मैनेजर द्वारा यातायात नियमों के पालन,सीट बेल्ट का प्रयोग,उचित विश्राम,समय से निकलना समेत कई यातायात नियमों की जानकारियां देते हुए जागरुक किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल, इन्दू, श्रुति,प्रशान्त पाण्डेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

आयुर्वेद को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

महराजगंज (एसएनबी)। निदेशक आयुर्वेद सेवाएं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के आयुर्वेदिक अस्पतालों के चिकित्सक एवं स्टाफ द्वारा स्कूलों में शिक्षार्थियों व गांव में आमजन को जागरूक किया जाना शुरू हो गया है । जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में महराजगंज, फुलमनहा, नर कटहा ,ठूठीवारी आदि आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के चिकित्सक व स्टाफ द्वारा स्कूलों में आयुर्वेदिक आहार मोटा अनाज/नियम के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही स्कूली छात्र/छात्राएं कुशाग्र बुद्धि से युक्त हो सकें। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. बृजेश कुमार नायक के अनुसार हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम जारी है। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं ताकि आयुर्वेद का विस्तार हो सके।

अनुज गौड़ का प्रदेश स्तरीय कुश्ती के लिए चयन

पनियरा (एसएनबी)। पनियरा क्षेत्र के ग्राम सभा खैंचा निवासी 14 वर्षीय बालक का

अनुज कुमार गौड़ पुत्र पुरूषोत्तम गौड़ का प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोरखपुर मण्डल से प्रतिभाग करने के लिए मंगलवार को चयन हुआ है। अनुज गौड़ क्षेत्र के इलाहाबाद स्थित सरस्वती देवी इंटर कालेज का कक्षा 10 का छात्र है। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकेश सिंह ने दी है। श्री सिंह ने बताया कि उप कीड़ा अधिकारी/जिला खेल अधिकारी द्वारा आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु जनपद के तीन बालकों का चयन मण्डल स्तर पर 27 सितम्बर को होने वाली मण्डलीय ट्रायल में शामिल होने के लिए चयन किया गया था।

शरारती तत्वों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

सिसवा बाजार (एसएनबी)। थाना कोठीभार में आज उपजिलाधिकारी सत्य प्रकाश मिश्र व पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य के दिशा निर्देशन में शांति समिति की एक बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव के संदर्भ में जानकारी ली गयी। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील करते हुए पण्डालों में समिति के किसी न किसी जिम्मेदार सदस्य की उपस्थिति को अनिवार्य बताया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि डीजे पर हाइकोर्ट के निर्देश का पालन करें। विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। त्यौहार में खलल डालने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। वालेंटियर्स को पहचान पत्र जारी करना अनिवार्य होगा। पहले से तय रास्तों से ही मूर्तियां ले जायी जा सकेगीं। किसी नई परम्परा की शुरुआत नहीं की जाएगी। इस दौरान जितेंद्र वर्मा, अशोक शर्मा, अमित पुरी, पप्पू व रमेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

शिक्षक को बदनाम करने की साजिश

महराजगंज (एसएनबी)। नव नगर पंचायत परतावल में होने वाले नगर पंचायत चुनाव की सरगर्मी बढ़ती जा रही है। जो राजनैतिक द्वेष का रूप ले रही है। चुनावी सरगर्मी के बीच एक मामला तेजी से वायरल हो रहा हैजिसमें नगर पंचायत केएक संगठन के नेता द्वारा नगर पंचायत के ही शिक्षक रामप्रवेश उपाध्याय के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं बीएड की डिग्री को ट्विटर पर फर्जी बताकर वायरल किया जा रहा है। इसको लेकर शिक्षक ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की है। राम प्रवेश कुशीनगर के कप्तानगंज संस्कृत विद्यालय में सहायक अध्यापक है जो परतावल के निवासी है। शिक्षक का कहना है कि पूर्व में भी ऐसे आरोप लगे हैं जिनकी जांच में बरी रहे हैं।

ऋण वितरण को बढ़ाने का निर्देश

महराजगंज (एसनबी)। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु और औद्योगिक इकाइयों के कानून व सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एक जनपद एक उत्पाद, निवेश मित्र, औद्योगिक आस्थान महाराजगंज के बाउंड्री वल बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को विभिन्न रोजगार योजनाओं में ऋण वितरण को बढ़ाने का निर्देश दिया गया,ताकि जनपद में बेहतर कारोबारी माहौल का निर्माण किया जा सके।

उद्योग बन्धु की बैठक

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 80 आवेदन के लक्ष्य के सापेक्ष 116 आवेदन प्रेषित किये गए। प्रेषित आवेदनों में 56 को स्वीकृत करते हुए विभिन्न बैंकों द्वारा 21 आवेदनों में धनराशि वितरित कर दिया गया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 76 आवेदन के लक्ष्य 147 आवेदन प्रेषित किये गये। प्रेषित आवेदनों में 60 को स्वीकृत करते हुए विभिन्न बैंकों द्वारा 20 आवेदनों में धनराशि वितरित कर दिया गया है। एक जनपद एक उत्पाद योजना में 26 आवेदन के लक्ष्य 36 आवेदन प्रेषित किये गये। प्रेषित आवेदनों में 13 को स्वीकृत करते हुए विभिन्न बैंकों द्वारा 6 आवेदनों में धनराशि वितरित किया गया है। बैठक में उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, उपायुक्त वाणिज्यकर आरपी चौरसिया, सीओ सुनीलदत्त दूबे व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

30263 शौचालयों के निर्माण का कार्य पूर्ण : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति व जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुयी। बैठक में अपर जिला पंचायतीराज अधिकारी यावर अब्बास ने बताया कि शासन स्तर से जनपद में 32294 व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण का कैप प्राप्त हुआ था जिसमें विभिन्न विकास खंडों द्वारा 30263 शौचालयों के निर्माण का कार्य पूर्ण कराते हुए पेयजल स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट पर फोटो अपलोड किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण के लिए 32294 को प्रथम किश्त जबकि 30206 को द्वितीय किश्त दी जा चुकी है। शेष में भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के अंतर्गत 9 विषयों के अंतर्गत पंचायत पुरस्कार वर्ष-2023 के लिए विभिन्न ग्राम पंचायतों को आनलाइन आवेदन के लिए निर्देशित किया गया। अपर पंचायतीराज अधिकारी ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में पूरे देश से 03-03 ग्राम पंचायतों का चयन किया जाएगा।

उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार।

शिक्षक संघ की बैठक में चुनाव पर बनी सहमति

महराजगंज(एसएनबी)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के समस्त विकास क्षेत्रों के कार्यसमिति की एक बैठक सदर बीआरसी स्थित शिक्षक भवन पर आयोजित हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी ने की। बैठक मे सदस्यता अभियान,आय व्यय डेलिगेशन का प्रकाशन व ब्लाक कार्यसमिति के चुनाव पर चर्चा की गयी। बैठक का संचालन करते हुए जिलामंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने वर्ष 2019 वर्ष 2020 एवं वर्ष 2021 की सदस्यता और आय और व्यय को प्रस्तुत किया। बैठक के एजेंडा बिंदु में वर्ष 2022 की सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर तक पूर्ण कराने एवं माह नवंबर में विकास क्षेत्रों के निर्वाचन के संबंध में चर्चा किया गया । इस पर आम सहमति बनी की 2 नवम्बर से 15 नवंबर के बीच विकास क्षेत्रों के डेलिगेशन का प्रकाशन करके पूरी पारदर्शिता के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का निर्वाचन कराया जाये तथा विकास क्षेत्रों का निर्वाचन विकास क्षेत्र पर ही आयोजित किया जाए। विकास क्षेत्रों के निर्वाचन के बाद माह दिसंबर में जिले का निर्वाचन कराया जायेगा। इस प्रकार विकास क्षेत्रों एवं जनपद के निर्वाचन की पूरी रूपरेखा बैठक में तय कर लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व द्वारा 19 सितंबर को लखनऊ में आयोजित बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्यायों, विकास क्षेत्रों के अध्यक्ष मंत्री सहित पूरी कमेटी के निर्वाचन के लिए विचार विमर्श एवंमार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के संबंध में यह निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह,जिला कोषाध्यक्ष मनौवर अली,हरीश शाही ,वीरेंद्र सिंह, राघवेंद्र पांडेय, धन प्रकाश त्रिपाठी,अरविंद गुप्ता, अलाउद्दीन खां, सीताराम जयसवाल,देवेंद्र मिश्र, प्रदुम्न कुमार सिंह,अखिलेश पाठक, धन्नू चौहान, हरिश्चंद्र चौधरी, अनूप कुमार, अतिकुर्रहमान, लाल बिहारी प्रसाद, आनंद पाल गौतम,दयानंद त्रिपाठी,राजेश यादव,राजू सिंह,विनोद कुमार सहित सभी ब्लाकों के अध्यक्ष मंत्री मौजूद रहे।

निपुण भारत मिशन अभियान को बनाएं सफल

आनन्दनगर (एसएनबी)। निपुण भारत मिशन अभियान के तहत स्थानीय एक मैरेज हाल पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी फरेन्दा रामसजीवन मौर्य ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि यूनीफार्म पहनने से बच्चों में विद्यार्थी होने की भावना पैदा होती है। खण्ड शिक्षा अधिकारी फरेन्दा पिंगल प्रसाद राणा ने बताया कि बुनियादी शिक्षा की मजबूती को लेकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने का प्रयास निपुण भारत कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है।

उपजिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह प्रदान करते खण्ड शिक्षा अधिकारी।

ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी फरेन्दा रामसजीवन मौर्य ने कहा कि अभिभावकों को इस तरह के कार्यक्रम में बुलाना चाहिए जिससे उनको शिक्षा के स्तर की वास्तविकता की जानकारी हो। खण्ड शिक्षा अधिकारी फरेन्दा पिंगल प्रसाद राणा ने बताया कि पूरे विकास खण्ड में जूनियर और प्राथमिक मिलाकर कुल 135 विद्यालय है और 430 शिक्षक है जिसमें से 4 विद्यालय शिक्षक विहीन है। जूनियर और प्राथमिक कुल मिलाकर 28585 बच्चे नामांकित है। कक्षा 1 से 3 तक भाषा गणित की दक्षताएं निर्धारित 2024 तक की गयी है। जिसकी कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके अनुरुप जो विद्यालय घोषित पहले करेगा उसको सम्मानित किया जायेगा। आपरेशान कायाकल्प योजना पर संतोष व्यक्त किया। प्रधान प्रतिनिधि सुनील चौरसिया को गुणवत्ता युक्त विद्यालय बनवाने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी फरेन्दा ने माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम रामसजीवन मौर्य को खण्ड शिक्षा अधिकारी पिंगल प्रसाद राणा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा सच्चिदानन्द शुक्ल को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आये हुए विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीचन्द प्रसाद ने किया। इस दौरान जितेन्द्रवर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, अवधेश कुमार वर्मा, सुशील शाही, अरविन्द गौड़, प्रेमचन्द, गिरीश प्रसाद, गोविन्द, सत्यप्रकाश वर्मा, कृष्ण कुमार मौर्य,इन्द्रजीत मौर्य, बलराम यादव, बृहस्पति मिश्र, धर्मेश यादव, अंशुमान,अभिषेक, अजीत कुमार यादव, प्रमोद यादव, हर्षित, कमरुज्जमा, नवीन, संजय पाण्डेय, देवनन्द त्रिपाठी, इसरावती देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

यूनीफार्म पहनने से बच्चों में विद्यार्थी होने की भावना पैदा होती

पनियरा-खुटहां मार्ग की दुर्दशा से ग्रामीण आक्रोशित, दिया ज्ञापन

पनियरा (एसएनबी)। पनियरा-खुटहां मार्ग पर सड़क पर कुछ दबंग लोगों द्वारा जगह-जगह सड़क में बढ़कर अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे जल निकासी की व्यवस्था में बाधा होने से सड़क पर पानी जमा होने से सड़क पूरी तरह से टूट कर गड्ढों में परिवर्तित हो गयी है। इससे लोगों को बरसात के मौसम की बात तो दूर सामान्य दिनों में भी जल जमाव की समस्या सेजूझना पड़ता है। इससे ग्रामीणो में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों की इस आवाज को बुलंद करने के लिए क्षेत्र के खैंचा निवासी कुनाल यादव ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन देकर उक्त सड़क के मरम्मत की मांग की है। अभी दो दिन पूर्व पनियरा में क्षेत्रीय सांसद व भारत सरकार के केन्द्रिय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी व विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह के आगमन के अवसर पर ब्लाक के प्रमुख कक्ष में से कुछ लोगों ने भी उक्त समस्या से अवगत कराया था। वित्तराज्य मंत्री श्री चौधरी व विधायक श्री सिंह ने उक्त सड़क के जर्जर होने की बात स्वीकार करते हुए यथाशीघ्र मरम्मत कराने का आश्वासन दिया था। इधर वरसात हो जाने से उक्त मार्ग पर चलना दूभर हो जाने से कुनाल यादव ने जिलाधिकारी से गुहार लगायी है। अपने पत्रक में उन्होंने लिखा है कि खैंचा से पनियरा जाने का एक मात्र पनियरा-खुटहां मार्ग ही है। इस मार्ग कर जगह-जगह दो -दो फुट गड्ढे होने व उसमें लगातार जल जमाव होने से दो पहिया व चार पहिया वाहनों को परेशानी होती ही है साथ में सड़क की हालत ऐसी बदतर हो गयी है।

पार्क निर्माण को लेकर हंगामा, काम रुका

बृजमनगंज (एसएनबी)। नगर पंचायत बृजमनगंज के रामलीला पड़ाव मैदान में नगर पंचायत द्वारा पार्क बनाने हेतु आज जेसीबी लगाकर निर्माण कार्य के लिए खुदाई शुरू करायी गयी। कार्य शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने विरोध जताते हुए आक्रोश व्यक्त किया तथा हंगामा व नारेबाजी करते हुए कार्य को रोकवा दिया गया। मौके पर तमाम जनप्रतिनिधि भी पहुंच गये। कुछ लोग यहां पर पार्क निर्माण का विरोध कर रहे थे जबकि कुछ लोग सड़क के लिए जमीन छोड़ कर पार्क बनाने की बात कर रहे थे। एसडीएम फरेन्दा रामसजीवन मौर्य ने मौके पर पहुंचकर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों से वार्ता किया जिसके बाद दोनों तरफ दो-दो मीटर जमीन छोड़कर पार्क की बाउण्ड्री चलाने पर सहमति बनी। बीते दिनों जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने भी नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचकर जायजा लेते हुए पार्क निर्माण कराये जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश किया था। डीएम के निर्देश के बाद आज पार्क निर्माण का कार्य शुरू कराया गया तो जनप्रतिनिधि दिलीप चौधरी, राकेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, शशिभूषण अग्रहरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह से निर्माण कार्य को लेकर वार्ता करने लगे। ईओ का कहना था कि पार्क का निर्माण डीएम के निर्देश पर किया जा रहा है। इसके बाद लोगों ने कार्य रोकवा दिया और जिलाधिकारी से मिलने की बात पर अड़ गये। ईओ का कहना था कि वह डीएम के निर्देश के अनुसार कार्य करेंगे। हंगामा बढ़ता गया दोपहर बाद एसडीएम फरेन्दा, थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह मौके पर पहुंच गये। जहां पर उन्होंने स्थानीय लोगों को बुलाकर वार्ता किया और कहा कि पार्क की बाउण्ड्री बनाने से सड़क दोनों तरफ काफी सकरी हो जायेगी जिससे आस-पास के रहने वाले व्यापारियों व अन्य लोगों को काफी असुविधा होगी। जिसको देखते हुए कुछ जमीन छोड़कर निर्माण कराया जाय।

नगर पंचायत द्वारा बनाया जा रहा रामलीला पार्क को लेकर विरोध

डा.सिद्धार्थ बने जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष

महराजगंज (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन से सम्बद्ध महराजगंज जिला कबड्डी एसोसिएशन का गठन आरके सनशाइन एकडमी में हुआ। बैठक में सदर क्षेत्र पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधि विवेक कुमार गुप्ता को संरक्षक, डा. सिद्धार्थ नाथ शुक्ला को अध्यक्ष,अशफाक खान को कार्यकारी अध्यक्ष,ड शांतिशरण मिश्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विनोद सिंह, गोविंद मिश्रा, व मोहर्रम अली को उपाध्यक्ष, डा. शिवानंद सिंह को सचिव, गोरख गुप्ता व विजय साहनी को संयुक्त सचिव, विवेक कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष, शैलेश पटेल,डा.शेषनाथ, मसौवर अली व कमरुद्दीन सिद्दीकी को तकनीकी समिति के लिए नामित किया गया जबकि सुशील कुमार शुक्ल को मीडिया प्रभारी चुना गया। कार्यकारिणी में हीरामन चौरसिया, विनय यादव, अरविंद यादव, मनोरंजन पटेल व दीनानाथ विश्वकर्मा मनोनीत किये गये। कबड्डी संघ के जिला कमेटी का चयन किए जाने के बाद आयोजित बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. मिश्र ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के इस खेल को और अधिक बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। पूर्व में भी यहां स्टेट चौंपियनशिप आयोजित हो चुका है। इस वर्ष भी महाराजगंज में स्टेट चैंपियनशिप आयोजित किए जाने का प्रस्ताव एसोसिएशन के समक्ष भेजा जाएगा और जिला कबड्डी एसोसिएशन को मजबूत बनाने के लिए ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों को इस एसोसिएशन से जोड़कर में आगे खेल के प्रति प्रेरित किया जाएगा। अध्यक्ष डा. शुक्ला ने कहा कि कबड्डी संघ को मजनपद में मजबूत किए जाने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। बैठक को संरक्षक श्री गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री खान, उपाध्यक्ष श्री सिंह व मीडिया प्रभारी श्री शुक्ला ने संबोधित किया। बैठक का संचालन तकनीकी समिति के सदस्य डा. शेषनाथ ने किया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव डा. शिवानंद सिंह ने बताया कि जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जनपद की टीम का ट्रायल किया जाएगा और गोंडा में आयोजित हो रहे जूनियर स्टेट लेवल प्रतियोगिता के लिए टीम को भेजा जाएगा।

डा.शांति शरण उपाध्यक्ष व शिवानंद सचिव, गोंडा में आयोजित जूनियर स्टेट के लिए टीम का होगा चयन

पोस्टकार्ड संदेश में की पीएम के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना

महराजगंज (एसएनबी)। भाजपाइयों ने पोस्टकार्ड संदेश में नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।पिछले सात वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार जताया। प्रत्येक बूथ पर 25 लाभार्थियों से संपर्क कर पोस्टकार्ड लिखवाना है। इसी क्रम में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने मुफ़्त कोरोनारोधी टीका उपलब्ध कराने एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत जरुरतमंद परिवारों तक मुफ्त अनाज पहुंचाने के लिए पोस्टकार्ड लिख कर धन्यवाद प्रकट किया। मंगलवार को सोहरौना तिवारी में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने मंडल अध्यक्ष दिलीप शर्मा, मंडल महामंत्री विजय गौड़, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान, किसान मोर्चा जिला महामंत्री राणा रमण शुक्ला वीरेंद्र लोहिया आदि लोगों के साथ लाभार्थियों से संपर्क किये। विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि ने पीएम मोदी को पत्र के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाएं लोग दे रहे है। उनके द्वारा किये जा रहे कल्याणकारी कार्यों के लिए आभार जता रहे हैं। सभी ने ईश्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान प्रधान संतोष गुप्ता, पूर्व प्रधान अखिलेश मणि त्रिपाठी, जवाहर मद्धेशिया, नरेंद्र पटेल, मोहन पासवान, नगीना चौहान के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

सतर्कता से कई आए कार्रवाई की जद में

महराजगंज (एसएनबी)। जनपदीय किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता बनाए रखने तथा तस्करी पर अंकुश के लिए प्रशासन द्वारा अपनायी गयी सतर्कता व निगहबानी बेहतर साबित हुई। किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद मिलता रहा वहीं अनियमितता बरतने वाले कई उर्वरक व्यवसायी व खाद तस्करी करने वाले लोग कार्रवाई की जद में आये। बीते तीन-चार माह के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बार्डर पर बरती गयी सतर्कता व अन्य कारोबारियों पर लगातार निगरानी के चलते 9 अवैध कारोबारियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज हुआ वहीं 14 उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों को जिला कृषि अधिकारी द्वारा सील किया गया। साथ ही 16 उर्वरक लाइसेंसियों का बिक्री प्रतिबंधित करते हुए लाइसेंस निलंबित किया गया। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्षो से खाद की तस्करी कुछ अवांछनीय तत्वों का कारोबार बन गया था । इस पर समय-समय पर कार्यवाही भी की गयी। बावजूद इसके पूरी तरह से तस्करी पर विराम नहीं लग पाया। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा बार्डर क्षेत्रफल में निगहवानी बढ़वाते हुए लगातार निरीक्षण व छापेमारी की गयी। इसके परिणाम स्वरूप कई लोग कार्रवाई की जद में आए हैं। इस दौरान जांच टीम द्वारा खाद का 69 नमूना भी जांच के लिए लिया गया है जिससे गुणवत्ता का पता चलेगा। जनपद में मांग के सापेक्ष उर्वरक की उपलब्धता के बारे में पूछने पर जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार का कहना रहा कि माहवार लक्ष्य के सापेक्ष जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता बनी रही। इस बीच तस्करी पर नियंत्रण के लिए बार्डर क्षेत्र के दो तहसील अंतर्गत कई प्रतिष्ठानों को उर्वरक की आपूर्ति पर बराबर ध्यान दिया गया ताकि सटाक खाद का दुरुपयोग न करने पाएं। साथ ही प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा सतत निगरानी व निरीक्षण कर तस्करी पर अंकुश लगाने का कार्य किया गया है। वर्तमान में 13000 मीटरी टन यूरिया उपलब्ध है। उर्वरक की कोई कमी नहीं है। खाद व्यवसायी उर्वरक का स्टाक व बिक्री पीओएस मशीन में मेंटेन रखें। अनियमितता मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित है। किसान जब भी उर्वरक खरीदें विक्रेता से पीओएस मशीन द्वारा छपी रसीद अवश्य प्राप्त करें। इससे अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा वहीं खाद की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्यवाही की जा सकेगी।

माहवार लक्ष्य के सापेक्ष उर्वरकों की उपलब्धता बनी रही : जिला कृषि अधिकारी

डीएम ,एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

महराजगंज (एसएनबी)। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार के साथ महाराजगंज महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिसर के एंट्री-एग्जिट प्लान, विभागीय स्टाल, अन्य व्यवसायिक स्टाल, विज्ञान प्रादर्शनी, अग्निशमन व्यवस्था, मेडिकल सुविधाओं, वीआईपी और पब्लिक मूवमेंट आदि के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली।

महराजगंज महोत्सव

जिलाधिकारी श्री कुमार ने महराजगंज महोत्सव में नियुक्त नोडल अधिकारियों व अन्य लोगों से उनकी तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह महोत्सव जनपद के लिए गर्व एवं हर्ष का विषय है लेकिन इसको सफलतापूर्वक संपन्न करना एक कड़ी चुनौती है। इसलिए सभी अधिकारी ससमय अपनी तैयारियों को पूर्ण करते हुए महाराज महोत्सव को सफल बनाएं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था व अग्निशमन व्यवस्था की तैयारियों के बारे में पूछा और जरूरी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, उपजिलाधिकारी सदर मोहम्मद जसीम , जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

विभागीय स्टालों के माध्यम से किया जाएगा जागरूक : महराजगंज महोत्सव में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देशानुसार विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टाल लगाएंगे। इन स्टाल पर विभागीय योजनाओं के बारे आगंतुकों को जानकारी दी जाएगी और विभिन्न योजनाओं के लिए उनका रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि महराजगंज महोत्सव से जनपद की विभिन्न प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और स्थानीय व्यापार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि महोत्सव के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया जाए। इसके लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न स्टालों की व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा महराजगंज महोत्सव में अपना स्टाल लगाया जाएगा। इसमें विभाग द्वारा मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और पात्र व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

गांधी जयंती के मद्देनजर डीएम ने की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती पर होने वाले कार्यक्रम की सफलता के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती समारोह को सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। 1 अक्टूबर 2022 को सभी सरकारी भवनों, चौराहों पर लगे मूर्तियों एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के स्तम्भों की साफ-सफाई व्यवस्था सम्बन्धित नगरपालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा कराये जाने का निर्देश दिया। 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर नगर पालिका पंचायत व ग्राम पंचायत में सफाई कार्य किया जाएगा। 2 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। कार्यालयों, विद्यालयों व अन्य संस्थानों के हाल में विभागाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया जायेगा तथा उनके जीवन से सम्बन्धित जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी। समस्त उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी एंव समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण अपने-अपने कार्यालयों के साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करायेंगे। क्रीड़ा स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के उत्तरदायी अधिकारी क्षेत्राधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी होगें। जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करेगे।

10 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के सभी वार्डो में विशेष सफाई व्यवस्था एवं मरीजों में फल वितरण के साथ ही साथ जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। पूर्वान्ह 11 बजे नगरपालिका/नगर पंचायत की मलिन बस्तियों की सफाई करायी जायेगी। इस सफाई व्यवस्था की निगरानी करने के लिए सम्बन्धित उपजिलाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि विगत वर्षो की भॅाति इस वर्ष भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के समारोह को पूरे मनोयोग के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर सीडीओ जयेन्द्र कुमार, समस्त एसडीएम, डीएफओ चन्देश्वर सिंह, सीएमओ डा. विनोद कुमार अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, ड़ीसी मनरेगा संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते करते जिलाधिकारी व उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : एसएनबी

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डीएम ने मांगा सुझाव

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। जिला पर्यटन एवं संसति परिषद की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

बैठक में जनपद के विभिन्न आकर्षणो पौराणिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक तथा सांसतिक धरोहरो के संरक्षण, विभिन्न पर्यटन एवं सांसतिक स्थलों को प्रमुख स्थलो से जुड़े व्यक्तियों, कलाकारो एवं स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास, प्रत्यक्षध्अप्रत्यक्ष रोजगार के साधनों का सृजन, सांसतिक धरोहरो एवं परम्पराओं को अक्षुण्य बनाए रखने हेतु विस्तृत रुप से चर्चा की गई।जनपद के विभिन्न पर्यटन विकास कार्यक्रमोंध्सांसतिक गतिविधियों से जोड़ना,जागरूक करना एवं प्रचार व प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिया कि एक बेवसाइट बनवाकर उस पर चिन्हित पर्यटन स्थल के फोटो, वीडियों अपलोड कर ऐतिहासिक स्थलो के इतिहास के बारे में जानकारी अंकित करे। जिससे आम लोगो को उस स्थल के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। जिला स्तरीय पर्यटन समिति के सदस्यों से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सुझाव मांगे गये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द,मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड़ाविनोद कुमार अग्रवाल, डीएफओ चन्देश्वर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी शिवदत्त, जिला षि अधिकारी सीपी सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह आदि उपस्थित रहे।

केंद्रीय विद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में तहत केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थ नगर में मंगलवार को पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती ऋचा श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया,जिसका उद्घघाटन विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी रय द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चो के सामने पुस्तकालय में उपस्थित पुस्तको का प्रदर्शन करने के साथ पुस्तको के प्रति उनमे जागरूकता पैदा करना था।प्रदर्शनी में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को समयानुसार प्रदर्शनी अवलोकन करने का अवसर प्रदान किया गया।

तहसील मुख्यालय पर लेखपालों का धरना 29 से

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। लेखपाल संघ ने चेतावनी दिया है कि अगर साथी लेखपाल का निलम्बन वापस नही किया गया तो 29 सितम्बर से लेखपाल तहसील मुख्यालय पर बाध्य होकर धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा ,जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। इस संबंध में लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव व मंत्री देवानन्द ने सोमवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव,एवं तहसीलदार राम ऋषि रमन को लिखित रूप से ज्ञापन भी सौप दिया है।ज्ञापन में कहा गया है कि पंकज मिश्रा का निलंबन वापस किया जाय,अनंग नाथ शुक्ला का विभागीय कार्यवाही समाप्त किये जाय,तथा अनैतिक स्थानांतरण निरस्त किया जाय।दिए गए ज्ञापन में इस बात का जिक्र किया गया है कि यदि 28 सितम्बर तक मांगे नही मानी गई तो 29 सितम्बर से सभी लेखपाल तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने के दौरान कृष्ण भूषण द्विवेदी, शशांक सौरभ, कृष्णानन्द चौधरी, कमलेश,राहुल मणि त्रिपाठी,राजेश, शिवशंकर यादव, गणेश त्रिपाठी,देवेन्द्र श्रीवास्तव, सूर्यभान सिंह, वीर विक्रम,ज्ञान प्रकाश, दिलीप श्रीवास्तव, अमित, बृजेश त्रिपाठी,अनंगनाथ शुक्ल आदि मौजूद रहे।

केंद्रीय विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। कला एवं संसति से विद्यार्थियों को परिचित कराने तथा उनके समग्र विकास हेतु रुट्स टू रूट्स द्वारा केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थ नगर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भरत नाट्यम एवं अन्य कार्यक्रम की प्रस्तुति भरत नाट्यम नर्तक सौरभ त्रिपाठी द्वारा किया गया। भरत नाट्यम नर्तक सौरभ त्रिपाठी ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति के बाद बच्चो को भरत नाट्यम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया, कार्यक्रम के प्रति बच्चो में खुशी नजर आयी साथ ही कार्यक्रम के दौरान नृत्य से सम्बन्धित बच्चो द्वारा पूछे गये सभी सवालों का जवाब सौरभ त्रिपाठी द्वारा दिया गया। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार राय ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियो के अन्दर विभिन्न कलाओंध्संसतियों को जानने एवं समझने की समझ विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक , धर्मेन्द्र कुमार जायसवाल, आदेश जायसवाल, आलोक कुमार, आर् बीमिश्रा, शिवनंदन , अनिषा, निक्की ,अनंत कुमार, सुनील कुमार सिन्हा , रोशन कुमार मीना तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

जोगिया में प्रधान संगठन की मासिक बैठक

जोगिया (एसएनबी)। विकास खण्ड जोगिया प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रभु दयाल यादव के द्वारा 28 को दिन में 11 बजे ब्लाक सभागार जोगिया में प्रधान संगठन की मासिक बैठक रखी गयी है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष आदरणीय डा. पवन मिश्रा रहेंगे । प्रधान बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्या व सुझाव से उन्हें अवगत कराए ताकि समस्यायों के निदान हेतु आदरणीय जिलाध्यक्ष जी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश मिल सके व समस्याओ का निदान हो सके।

कहासुनी होने पर बीडीओ ने पुलिस बुलाया

उसका बाजार(एसएनबी)। ब्लाक कार्यालय पर ग्राम प्रधानों और बीडीओ के बीच गांव में कराए गए विकास कार्यो के भुगतान और मस्टररोल शून्य करने को लेकर कहासुनी हुई। इससे घबराए बीडीओ ने इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्राम प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष श्रीश प्रताप यादव उर्फ सोनू ने आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी समस्याओं के संबंध में ग्राम प्रधानों के साथ कार्यालय में बीडीओ से वार्ता करने गए थे, वार्ता के बीच में ही वह दो बार उठकर बाहर चले गए। नए कार्यो का कायदिश नही कर रहे हैं। जिन कार्यो का कायदिश हो चुका है उनका मस्टररोल नही निकाला जा रहा है। मनरेगा योजना के कच्चे कार्य जिनका मस्टररोल निकला है उसे शून्य किया जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ राकेश कुमार शुक्ला ने कहा कि वह वर्तमान में चल रहे विकास कार्यो को पूरा कराने के लिए प्रयास कर रहे हैं। पुराने कार्यो के भुगतान हेतु उच्चाधिकारियों को पत्र भेजेंगे। मनरेगा योजना में मिट्टी के कार्य 60 और पक्का कार्य 40 फीसदी होना चाहिए तभी भुगतान संभव है। इस दौरान जयप्रकाश, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, संजय कुमार, महबूब चौधरी, लवकुश साहनी, अर्जुन, राम किशुन, प्रधान प्रतिनिधि ब्रम्हचारी दुबे, घनश्याम राय आदि मौजूद रहे।

दुकान का ताला तोड़ सामान उठा ले गए चोर

डुमरियागंज (एसएनबी)। पथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनकटी चौराहे पर स्थित एक इलेक्ट्रनिक की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे का ताला तोड़कर दुकान में रखा इलेक्ट्रनिक सामान उठा ले गए। इस संबंध में दुकान मालिक द्वारा पथरा थाने में तहरीर दी गई है। अपने तहरीर में मसूदुर्रहमान पुत्र हबीबुल्लाह ग्राम कोंकटी थाना पथरा बाजार ने बताया कि उनके इलेक्ट्रानिक दुकान रयल ट्रेडर्स के नाम से कोनकटी चौराहा में स्थित है। वह रोज की भांति अपनी दुकान बंद करके सोमवार की शाम को घर चला गया। मंगलवार की सुबह दुकान खोला तो देखा सब सामान बिखरा पड़ा था दुकान के पीछे दीवार में बयाला तोड़कर लगभग 70 हजार का इलेक्ट्रानिक सामान चोर उठा लगाए। इस संबंध में थानाध्यक्ष पथरा ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी है छानबीन की जा रही है।

खरीफ गोष्ठी व कृषि सूचना तंत्र योजना का आयोजन

परसा(एसएनबी)। सब मिशन इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) विकास खंड स्तरीय खरीफ गोष्ठी, कृषि सूचना तंत्र योजनान्तर्गत विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेला व फसल विकास कार्यक्रम अन्तर्गत धान प्रदर्शन पर फील्ड-डे/गोष्ठी का आयोजन बढ़नी ब्लाक सभागार में आयोजित किया गया। बैठक का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए डा. एसके मिश्र ने कहा कि फसल अवशेषों से कम्पोस्ट या वर्मी कम्पोस्ट खाद बना कर प्रयोग करने से खेत की उर्वरता में वृद्धि होती है। इस दौरान डा. शेषनारायन सिंह,डा. प्रदीप सिंह,डा. मार्कण्डेय ने जैविक व प्रातिक खेती, कालानमक धान उत्पादन पर चर्चा किया। इस दौरान किसानों को निरूशुल्क सरसों व अन्य फसलों के बीज वितरित किया गया।इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी,मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, एडीओ कृषि रामसेवक,खंड तकनीकी प्रबंधक विशाल सिंह, विनीत कमलापुरी, राजू शाही, सिद्धार्थ पाठक, संदीप कुमार, कन्हैयालाल, विनीत कमलापुरी, राधेश्याम तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी,लाल सिंह चौधरी, सुशील कुमार,सत्यभवन, शिवेंद्र नाथ पाण्डेय आदि मौजूद थे।

भाजपा पदाधिकारियों ने लिखा शुभकामना एवं अभिनंदन पत्र

बर्डपुर(एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा बर्डपुर मंडल में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों एवं विशिष्ट जनों से से संपर्क कर पीएम के जन्मदिवस हेतु शुभकामना एवं उनके नेतृत्व में केंद्र की सरकार द्वारा जनकल्याणकारी हेतु पोस्टकार्ड परअभिनंदन पत्र लिखा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नितेश पांडे ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीब शोषित वंचित एवं किसानों को कल्याणकारी नीतियों का लाभ मिल रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से भारत के प्रधानमंत्री बने हैं तभी से हमारा देश एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। इस अवसर पर श्यामबिहारी मिश्रा,सुदामा मौर्या,आशीष मिश्रा, शिवम,गुड्डू मिश्रा, रामसेवक,शिव प्रकाश, विनोद सहित सैकड़ों लोगों ने अभिनंदन पत्र लिखा।

फलाहार कार्यक्रम का आयोजन

डुमरियागंज (एसएनबी)। शारदीय नवरात्रि के द्वितीय दिन मंगलवार को सायं चौखड़ा स्थित भाजपा मण्डल कार्यालय पर सामूहिक फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सामूहिक फलाहार किया। कार्यक्रम का आरम्भ मां जगत जननी दुर्गा का विधि विधान से पूजन अर्चन व आरती कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र सिंह ने फलाहार कार्यक्रम में सम्मलित होकर उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया और बताया कि सामाजिक संसति को बचाने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे समाज में संस्कार और संसति स्थापित हो रही है। फलाहार के आयोजन से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं समरसता बढ़ती है। फलाहार कार्यक्रम में अमीर गरीब एक साथ बैठकर फलाहार करें ताकि हिन्दू सामाजिक एकता की मिसाल के रूप में पेश किया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष विनय पाठक व संचालन ब्लक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा ने किया। इस अवसर पर रिशु सिंह ,अमन गौड़, मदन सिंह ,दीपू सिंह ,ष्ण कुमार गुप्ता, धर्मेश पांडे, मंडल अध्यक्ष डुमरियागंज, गणेश विश्वकर्मा , अशर्फीलाल, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

खंडहर बन गया अम्बेडकर सामुदायिक भवन सहिला भगता

सोहास बाजार(एसएनबी)। सहिला भगता का अम्बेडकर सामुदायिक भवन खंडहर में तब्दील हो गया है।यह भवन निष्प्रयोज्य साबित हो गया है।लाखों की लागत से बने यह भवन बनने के बाद से इस भवन को कोई उपयोग नहीं हुआ।जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ ही,जनता के हित को ताक पर रख दिया गया। लोटन विकास खण्ड के ग्राम पंचायत भगता (सहिला)के पूरब तरफ एक दशक पहले अम्बेडकर सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ था।उस समय लोगों के मन में यह जिज्ञासा पनप रही थी कि स्वास्थ्य सम्बंधित निदान यहीं से हो जाएगा।लेकिन ऐसा हुआ नहीं।लाखों की लागत से बना उक्त भवन निर्माण कार्य के बाद से न हैंडओवर हुआ और न ही इसके कोई अधिकारी कर्मचारी बैठे हैं। जिससे ग्रामीणों को इस भवन का फायदा मिल सका।जबकि ग्रामीणों को तमाम कार्य के लिए जिला मुख्यालय का सफर करना पड़ रहा है।

आशा-संगिनी से करें संपर्क, आसानी से बनेगा आयुष्मान कार्ड

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) और मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत पंजीकृत लाभार्थी आशा-संगिनी और कोटेदार से संपर्क कर आसानी से आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 1195 स्थानों पर कैंप लगा रहा है। 15 से 30 सितंबर तक चलने वाले विशेष अभियान में अब तक 3612 कार्ड बनाए गए हैं।

जिला सूचना तंत्र प्रबंधक प्रत्यूश दूबे ने बताया कि पीएम जन आरोग्य योजना व सीएम जन आरोग्य अभियान के चयनित लाभार्थियों के अब तक करीब दो लाख कार्ड बने हैं। विभाग

15 से 30 सितंबर तक विशेष अभियान में लाभार्थी गांव पर ही बनवाएं कार्ड

आयुष्मान लाभार्थियों का आसानी से कार्ड बनाने के लिए 15 से 30 सितंबर तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर गांव-गांव कैंप लगा रहा है। लाभार्थी गांव के पंचायत भवन, परिषदीय विद्यालय व कोटेदार के यहां संपर्क कर निः शुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड रहने पर ही लाभार्थी परिवार या उसके सदस्य को अस्पताल में भर्ती होने के बाद पांच लाख रुपये की निः शुल्क चिकित्सकीय सुविधा मिलती है। इस कार्ड के होने से इलाज शीघ्र शुरू हो जाता है और प्रक्रियागत समय का बचाव होता है।आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी गांव के पंचायत सहायकों से भी संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने 627 ग्राम पंचायतों को प्रशिक्षित कर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आईडी जनरेट किया है। लाभार्थी इनसे भी संपर्क कर कार्ड बनवा सकते हैं।

राजकीय सम्मान के साथ किया गया बीएसएफ के जवान का अंतिम संस्कार

बानगंगा(एसएनबी)। चिल्हिया थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत परसिया गाँव निवासी बीएसएफ के जवान का शव शोहरतगढ़ क्षेत्र के लेदवा घाट पर गाड़ अफ अनर देकर ससम्मान के अंतिम संस्कार किया गया।

बीएसएफ जवान इंद्रेश चतुर्वेदी की शव यात्रा उनके पैतृक गाँव परसिया से बीएसएफ की गाड़ी से निकाली गई। जिसमें सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा,परिजन,सगे सम्बन्धी, रिश्तेदारों समेत भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शव यात्रा शोहरतगढ़ क्षेत्र के बानगंगा नदी के लेदवा घाट पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जहाँ अंत्येष्ठि स्थल तैयार किया गया।फिर सांसद व विधायक ने बीएसएफ जवान का शव को अंत्येष्ठि स्थल तक पहुंचाया। बीएसएफ के जवानों ने पार्टी कमांडर 11 वीं वाहिनी उमेश सिंह के नेतृत्व में गड अफ अनर दिया। तत्पश्चात अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान 11वीं वाहिनी बीएसएफ के उमेश सिंह व जवान,सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल,विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, सीओ शोहरतगढ़ जयराम, थानाध्यक्ष चिल्हिया दीपक कुमार, कौशिल कौशलेंद्र त्रिपाठी ,पवन मिश्रा, अभय सिंह, सदानंद उपाध्याय, रवि अग्रवाल, सूर्य प्रकाश पांडे, अभिषेक उपाध्याय,आलोक उपाध्याय, ध्रुवचंद पाठक, राज मंगल उपाध्याय, अमर सहाय, शौकी लाल आदि लोग मौजूद रहे।

मृतक बीएसएफ जवान इंद्रेश को कंधा देते सांसद जगदम्बिकापाल व विधायक विनय वर्मा,अंतिम सलामी देते जवान व उमड़ा जनसैलाब

उपजिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

■ **बानगंगा।**

सहारा न्यूज ब्यूरो

विकास क्षेत्र बढ़नी के प्राथमिक विद्यालय गोल्हौरा मे उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। प्रा वि गोल्हौरा मुस्तहकम की व्यवस्था देखकर काफी प्रसन्नता व्यक्त की। उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव ने प्राथमिक विद्यालय गोल्हौरा मुस्तहकम मे कायाकल्प के सभी पैरामीटर्स, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स, कंपोजिटग्रांट, शिक्षक डायरी सब पर चर्चा किये और निरीक्षण के दौरान सब पूर्ण और व्यवस्थित मिला। विद्यालय की साज सज्जा, कक्षाओं की व्यवस्था, विद्यालय के वानस्पतिक उद्यान,एमडीएम,फल वितरण आदि की व्यवस्था की सराहना की। निरीक्षण के दौरान बच्चों से पर्यावाची, विलोम शब्द, लघुत्तम समापवर्तक से प्रश्न किए, बच्चों ने संतोष जनक उत्तर दिया।कक्षा 5 के छात्र युवराज यादव से काफी प्रभावित हुए।एसडीएम शोहरतगढ़ ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष सिंह की सराहना की।इस दौरान शिक्षक धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, बाबूलाल प्रसाद सुप्रिया राय, जानकी जायसवाल,अभिनव मिश्रा आदि मौजूद रहे। उसके बाद प्राथमिक विद्यालय हलौरा का भी निरीक्षण किया गया विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सीमा सिंह से सभी बिन्दु पर जैसे एमडीएम, फल,दूध ,अध्यपाक उपस्थिति पंजिका, छात्र उपस्थिति पंजिका की गहन से निरीक्षण हुआ।

एसडीएम कुणाल ने ग्रहण किया कार्यभार

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील के नवनियुक्त उपजिलाधिकारी के रूप में मंगलवार को कुणाल ने कार्यभार संभाला। मिली जानकारी के अनुसार 2019 बैच के कुणाल पूर्व में नौगढ़ तहसील के एसडीएम जे रहे हैं। जहां से उनका डुमरियागंज तहसील के लिए स्थानांतरण हुआ है।बिहार प्रदेश के गया के रहने वाले स्थानीय उपजिलाधिकारी ने बताया कि उनके कार्यकाल में शासन के आदेशानुसार न्याय संगत कार्यप्रणाली को गति मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में पूर्व में लंबित मामलों का संविधान के दृष्टिगत जल्द निस्तारण होगा। पात्रों को लाभ और अपराधिक प्रवृत्तियों के लोगो पर अंकुश लगाना हमारी प्रथमिकता होगी।

देश मे पहली बार पीएफआई पर कठोर कार्रवाई: बृजलाल

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। सांसद बृजलाल ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा पहली बार पूरे देश में पीएफआई पर कठोर कार्यवाई की जा रही है। यह भाजपा की मजबूत इच्छाशक्ति का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि बिहार में लालू राज यूपी में समाजवादी सरकार में इस पर चर्चा करना भी गुनाह था। मुलायम सिंह यादव ने 26 जनवरी 1993 को मेरठ में पीएसी टुकड़ी पर हुई आतंकी घटना की चार्ज- शीट वापस ले ली थी,उस समय न्यायालय द्वारा सरकार का प्रस्ताव ठुकराकर सुनवाई की और आधा दर्जन आतंकियों को आजन्म कारावास की सजा दे दी।अखिलेश यादव ने आतंकवादियों के डेढ़ दर्जन मुकघ्दमों की चार्ज- शीट वापस ले लिया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने टिप्पणी की थी कि आज आप आतंकियों के मुकदमें वापस ले रहे हैं, कल उन्हें पद्मविभूषण दे सकते हैं। बीके भल्ला एडीजी रेलवे नेआतंकवाद पर चर्चा के दौरान कहा था कि 28 जुलाई 2005 को जौनपुर स्टेशन पर श्रमजीवी एक्सप्रेस में हुई ब्लास्ट से 13 यात्री मारे गये थे और 50 से अधिक घायल हुये थे।यह घटना इंडीयन मुजाहिदीन के आजमगढ़ ग्रूप ने किया था। इस ग्रूप ने पूरे देश में बम-ब्लास्ट करके 700 से अधिक लोगों की जान ले थी। इसका नार्थ-इंडिया कमांडर आतिफ अमीन निवासी संजरपुर आजमगढ़ 19-सितंबर 2008 को दिल्ली बटला हाउस मुठभेड़ में साथी साजिद के साथ मारा गया था। चर्चा के बिंदु लीक कर दिया गया। कट्टरपंथी मुसलमानों ने हाय- तोबा मचा दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस इमारते-शरिया को बदनाम कर रही है।

अखबारों में समाचार छपते ही तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव आग बबूला हो गये और लोकसभा में चर्चा करा दी। मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री रहते हुए 29 नवंबर 2005 को सीनियर आईपीएस बीके भल्ला को निलम्बित कर दिया, जबकि भल्ला उनके काफी करीब माने जाते थे। उन्होंने इस मामले पर लालू यादव को भी आड़े हाथों लिया।

भक्तों का भाग्य पलटने वाली माँ पलटा देवी

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। चिल्हिया रेलवे स्टेशन से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित महाभारत कालीन ऐतिहासिक महत्व का माँ पलटा देवी मंदिर भक्तों के बिगड़े भाग्य को पलटकर उन्हें सुख समृद्धि प्रदान करने वाले शक्तिपीठ के रूप में पूरे देश में विख्यात है। मान्यता के अनुसार अपने भाइयों के साथ एक वर्ष का अज्ञातवास काट रहे युद्धिष्ठर ने विराट की तरफ से युद्ध कर मल्ल राजाओं व दुर्योधन को पराजित करने के बाद उक्त मंदिर स्थल पर मुकुट समर्पित करते हुए पुनः राज्य प्राप्ति की और देवी स्थापना व पूजन किया। जिसके फलस्वरूप उन्हें पलटकर राज्यप्राप्ति, यश, कीर्ति की प्राप्ति हुई। तभी से आमजनमानस में उक्त स्थल को माँ पलटा देवी के रूप में ख्याति मिली।

वनवास का 12 वर्ष व्यतीत करने के बाद पांडवों को एक वर्ष का अज्ञातवास बिताना था। इसी चिंता से ग्रस्त पांडव उक्त स्थान पर रात्रि निवास किये। स्वप में देवी माँ ने उन्हें मार्गदर्शन देते हुए समी के वृक्ष पर अपना अस्त्र शस्त्र रखकर राजा विराट के यहाँ जाने को कहा। त्रैमास के शुक्लपक्ष और आषाढ़ में नवरात्र पर्व पर दूरदराज से लोग भारी संख्या में माँ पलटा देवी का दर्शन करते आते हैं। विशेष नवरात्र में लोग माँ को चुनरी, फूल, मिष्ठान, ध्वजा,नारियल चढ़ाकर देवी माँ की पूजा अर्चना करते हैं और मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं।इसका पर्यटकीय विकास किया जा रहा है। यह सिद्धि स्थल बन चुका है।अब तो लोग रोजाना पूजा अर्चना करने भारी संख्या में पहुँचते है।

चमत्कारिक शक्तियों के लिए प्रसिद्ध मां जोगमाया मंदिर

जोगिया (एसएनबी)। जनपद सिद्धार्थनगर से मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मां जोगमाया मंदिर अति प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर है ।जो जोगिया चौराहे से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है ।इस समय पर्यटकीय सुविधाओं से सुसज्जित किए जाने का कार्य कार्य प्रगति पर है। बाउंड्री वाल, फर्श का निर्माण चबूतरे का सुंदरीकरण मंदिर की साफ सफाई ,रंगाई पुताई हैंड पंप ,सोलर लाइट आदि का कार्य हो रहा है ।अति प्राचीन मंदिर की स्थापना बाबा लोकेश कर पाठक द्वारा मूर्ति स्थापित की गई थी । इस वर्ष बाबा लोकेश कर पाठक की मूर्ति मंदिर परिसर में ही लगाया गया है लोग बताते हैं कि मंदिर का निर्माण बांसी के तत्कालीन राजा द्वारा संपन्न कराया गया था मंदिर पर सोमवार शुक्रवार को काफी भीड़ होती है जहां लोग मुंडन, जनेऊ आदि संस्कार करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशाल मेला लगता जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते हैं मां की महिमा बहुत निराली है मां के दरबार में आने वाले सभी भक्तों की विघ बाधाएं दूर हो जाती हैं तथा भक्तों को चमत्कारिक शक्ति का एहसास हो जाता है । सभी रुके हुए कार्य पूर्ण हो जाते हैं।

Govt. Recognised
पैरामेडिकल
UGC,MHRD भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय कोर्सेज में प्रवेश
DMLT BMLT MMLT DPT BPT
RADIOLOGY DRIT/BRIT OPTOMETRY BOOT D.Pharma B.Pharma
CMS-ED,O.T. Tech., Ultrasound Tech., ANM,GNM
सम्पर्क करें :- ☎ : 0551-2203245
IIEIT PARAMEDICAL INSTITUTE
Hariom Nagar (Gate No.-1) Civil Lines, Gorakhpur
M : 9936187530, 6306844774, 9415066633

मेडिकल हेल्पलाइन
सिरदर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, मिर्गी, फालिज एवं नस रोग विशेषज्ञ
डा. मुकेश शुक्ला
MCH (PGI, LKO)
भूतपूर्व कन्सलटेंट न्यूरो सर्जन
बी.आर.डी. मेडिकल कालेज, गोरखपुर
राम ज्ञान न्यूरो & स्पाईन प्रा.लि.
नया पता : राप्तीनगर फेज-2, डाक्टर इन्क्लेव, चरगावां ब्लाक गेट नं.-2 के सामने, मेडिकल रोड, गोरखपुर
मो.-9792572877, 9455096879

नवरात्र : श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

डुमरियागंज क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के पंडालों में दर्शनकर भक्तों ने मांगी मनोकामनाएं

डुमरियागंज/बेवां (एसएनबी)। डुमरियागंज थाना क्षेत्र में स्थापित कुल 92 में दुर्गा प्रतिमाओं के सजे पंडालों में बीती रात से ही मां के भक्तों की भीड़ लगने लगी है। इस दौरान बीती मंगलवार की रात श्रद्धालुओं ने मां की आरती के साथ पूजन अर्चन कर मां के दूसरे रूप ब्रह्मचारिणी' देवी का दर्शन करते हुए अपनी अपनी मनोकामना मांगी। शारदीय नवरात्र शुरू होते ही बैदौला चौराहा, डुमरियागंज मंदिर चौराहा, हल्लौर सहित बेवां चौराहे जैसे प्रमुख चौराहो पर शाम होते ही पंडालों में भक्तों से वातावरण भक्ति मय होजाता है।वहीं क्षेत्र में आदि शक्ति नव दुर्गा के दूसरे रूप 'ब्रह्मचारिणी' की पूजा-अर्चना में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मां दुर्गा के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो गया। इसी क्रम में क्षेत्र के अलग-अलग समितियों के कार्यकर्ताओं ने मां के पंडाल को सजाने में कुशल कारीगरों द्वारा वृहद रूप में मां के दरबार को सजाया। जिससे भक्तों की भीड़ दर्शन के साथ साथ कलाकारों की कलाकारी के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़ देखी गयी। डुमरियागंज स्थित रामलीला मैदान में स्थापित मां दुर्गा के में आयोजित पूजन के उपरांत पंडित राकेश शास्त्री ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत वर्षो की भात इस वर्ष भी नगर के अनेक मोहल्ले में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हुई है आज मां दुर्गा के नव रूपों का वर्णन आया है और 9 दिन के अलग-अलग रूप का वर्णन भी है। जिस के संबंध में पूजन का विधान भी हैं। द्वितीय दिवस के पावन बेला में ब्रह्मचारिणी के रूप में हम मां जगत जननी का पूजन नए धुप दीप से करते हैं व भोग लगाते हैं ब्रह्मचारिणी का मतलब होता है जिसके चार पहर होते हैं और ब्रह्म मुहूर्त में उठकर के जो भी माता दुर्गा से सच्चे मन से पूजा,पाठ करते है तो भक्तों के मनोरथ पूर्ण होते हैं। वहीं मां दुर्गा के स्थानों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के हुई सायं काल आरती में पुरुषों के साथ महिलाओं की भागीदारी रही। देवी शक्ति नव दुर्गा के दूसरे रूप 'ब्रह्मचारिणी' की पूजा-अर्चना के लिए। वहीं नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों व समितियों के पंडालों में विद्युत की आकर्षक रोशनी से जगमगाहट दिखे।

पंडाल में सजायी गयी मूर्ति। फोटो : एसएनबी

विधायक ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

डिड़ई (एसएनबी)। पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा जय प्रताप सिंह ने मिठवल ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत तिलौली सेंटर के असनार खास गांव स्थित स्वयं के द्वारा गोद लिए गए आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर खामियों के बावत जानकारी हासिल किया। इस दौरान उन्होंने एक धात्री महिला का गोदभराई व एक शिशु को अन्न प्रासन भी कराया।

विधायक राजा जय प्रताप सिंह ने आंगनबाड़ी भवन में सुविधाओं के बावत पूछताछ किया। बताया गया कि बाउंड्रीवाल सहित बिजली व पानी की व्यवस्था नहीं है। विधायक श्री सिंह ने शीघ्र ही सुविधाओं को बहाल करने की बात कही। वैसे तो गांव में तीन आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। एक ही भवन होने के कारण द्वितीय व तृतीय केंद्र के बच्चों को इस केंद्र पर पढ़ाया जाता है। कार्यकत्री दीपमाला द्वारा संचालित द्वितीय केंद्र की रुबी पत्नी शिवप्रसाद चौधरी की गोदभराई तथा तीसरे केंद्र की कार्यकत्री माधुरी के केंद्र की लक्ष्मी पत्नी प्रमोद के बच्चे प्रिंस को विधायक जय प्रताप सिंह ने स्वयं के हाथों अन्न प्रासन कराते हुए स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। विधायक जय प्रताप सिंह ने प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बावत लोगों को जानकारी दिया। उन्होंने ग्राम प्रधान रामनरेश चौरसिया से शौचालय से वंचित लोगों को शौचालय आनलाइन करवाने की बात कही।कार्यक्रम के अंत में सीडीपीओ निर्भय सिंह ने कुपोषण से बच्चों को बचाने के लिए जागरूक रहने की बात कही और कुपोषण को मिटाने के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई। संचालन विश्वनाथ पाण्डेय ने किया। इस दौरान मिश्र उर्फ जोगी बाबा, सुपरवाइजर, रेनू सिंह, मोहम्मद अली अंसारी, आशाबहू मालती, श्याम दुलारी, अकालमती, रेखा, तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष रवींद्र चौरसिया,प्रधान रामनरेश चौरसिया,भोजई चौधरी, संतोष धर, रामनेवास चौधरी, जवाहिर चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, रामशंकर पाण्डेय, सुग्रीव, राम रक्षा, रामयज्ञ पाण्डेय, शम्भू परशुराम,आदि सहित बडी संख्या में अन्य लोग भी मौजूद रहे।

लक्ष्मी के बेटे प्रिंस को अन्नप्रासन कराते, गर्भवती रूबी की गोदभराई करते कार्यकत्रियों से पूंछताछ करते विधायक व ग्रामीणों को कुपोषण से जंग लड़ने की शपथ दिलाते विधायक जय प्रताप सिंह।

तीर्थस्थल के समान है राम कथा -स्वरूपानंद

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज क्षेत्र के तुरकौलिया तिवारी शक्ति नगर स्थित ढाल धारिणी शक्ति माता मंदिर परिसर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा के दौरान सोमवार की रात कथावाचक स्वरूपानंद ने श्री राम कथा के महात्म्य का वर्णन किया। साथ ही श्री राम के चारों भाइयों का नामकरण का प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर श्रद्धालु हर्षित हो उठे और जयकारे लगाने लगे।

कथा को गति देते हुए कथावाचक ने कहा कि श्रीराम कथा का आयोजन जहां होता है, वह स्थान एक तीर्थ का रूप ले लेता है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करें। श्रीराम सत्चित आनंद स्वरूप हैं। दैहिक-दैविक-भौतिक तापों को समाप्त करने वाले हैं। भगवान श्रीराम ही विश्व की उत्पत्ति के मूल कारण हैं। उनकी मुस्कान से सृष्टि का सृजन होता है, गंभीर होने पर सृष्टि का पालन और भृकुटी मात्र टेढ़ी करने से ही सृष्टि का संहार हो जाता है। उन्होंने धार्मिक संदेश देते हुए कहा कि कहा है कि लोग अपने दांपत्य जीवन को सुधारें क्योंकि जब तक दांपत्य जीवन दिव्य पवित्र नहीं होगा तब तक दिव्य संतान उत्पन्न नहीं होगा। जिनका दांपत्य जीवन दिव्य होता है उन्हीं के घर महापुरुषों का जन्म होता है। जब कोई भक्त याद करता है तब प्रभु अवतार लेते हैं जिसका अंत करना कठिन होता है। कथा के बीच-बीच में सुनाए गए मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उसे। इससे पूर्व कार्यक्रम आयोजक ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्रमणि त्रिपाठी व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों द्वारा व्यास पीठ का पूजन अर्चन कर किया गया। जिसके बाद सामूहिक आरती उतारी गयी।

संचारी रोग को लेकर नोडल शिक्षकों की बैठक

डुमरियागंज (एसएनबी)। 1 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक से संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 7 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान की तैयारी बैठक एवं एक दिवसीय टीचरों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम बीआरसी में आयोजित किया गया। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ महेश कुमार वर्मा द्वारा संचारी रोग के संबंध में जानकारी दी गई व बचाव का तरीका भी बताया गया। बैठक में शोएब अख्तर बीएमसी यूनिसेफ द्वारा पिछले अभियानों में आई कमियों पर प्रकाश डालते हुए पुनरावृति न होने का निवेदन किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने धन्यवाद देते हुए सभी को निर्देशित किया कि संचारी रोग अभियान में अपने तन्मयता से कार्य करें एवं जागरूकता अधिक से अधिक करें। इस मौके पर एआरपी अरविंद अग्रहरि, प्रेम प्रकाश चौबे, विजय श्रीवास्तव, मुस्ताक अहमद, अभिषेक सिंह, अमृतलाल, अनूप पांडे, तिलकराम, अमित मिश्रा, पूनम, आनंद मिश्रा, रिजवान, परमात्मा, अमरनाथ, सैयद शमशाद हुसैन रिजवी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

भनवापुर प्रतिनिधि के अनुसार ब्लाक संसाधन केंद्र के सभागार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पांच न्याय पंचायत के प्रधानाध्यापको की संचारी रोग जागरूकता हेतु बैठक की गई। प्रथम बैच में भनवापुर, शाहपुर, धनोहरी, सोहना, चिताही, द्वितीय बैच में देवरिया चमन, भरवठिया, सिकटा, रमवापुर जगत राम, अंतिम मैच में बिजोरा, बिस्कोहर, सिकौथा, हटवा व डोकम अमया के प्रधानाध्यापकों को बुलाया गया था। बैठक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया के अधीक्षक शैलेन्द्र मणि ओझा यूनिसेफ के दिलीप त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्रा ने संबोधित किया। इस मौके पर राम प्रकाश मिश्रा, अरुण चतुर्वेदी, आबिद रिज्वी, शिवाजी सिंह ,आशीष सिंह, उमाकांत गुप्ता, गोपेश दुबे, वेद प्रकाश ,आशीष भारती, वहीद, शम्स हैदर इत्यादि उपस्थित रहे।

सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करती हैं कठेला समय माता

परसा(एसएनबी)। बूढी राप्ती नदी के किनार कठेला मे स्थित समय माता के मन्दिर पर शारदीय नवरात्र के प्रारम्भ से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा सकती हैं। तुलसियापुर चौराहे के दक्षिण दिशा के10 किमी की दूरी पर बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे पर स्थिति कठेला की समय माता की मंदिर पर वैसे तो बर्ष भर के प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रहती हैं।परन्तु शारदीय नवरात्र और चौत्र नवरात्र में माहोल मेले जैसा हो जाता हैं।

यहां केवल क्षेत्र के लोग ही दर्शन करने नही आते हैं, अपितु पडोसी जनपद बलरामपुर व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी माता के भक्तों की आवक कठेला समय माता के मंदिर पर बढ़ जाती हैं।यह अति प्राचीन मंदिर पुरातन काल से ही भक्तों की आस्था का केन्द्र है।भक्तों के अनुसार यहां जो भी व्यक्ति सच्चे मन से माता के दरबार मे मुरादे मागता है उसकी मनोकामना समय माता पूर्ण करती हैं।समय माता के स्थान पर मुन्डन कराने का और कराहीं चढाने का परम्परा बर्षो से चली आ रही हैं।भक्तों के अनुसार मनौती पूरी होने पर मन्दिर परिसर मे समय माता के प्रतीक के रूप में हाथी की स्थापना भी श्रद्धालुओ द्धारा कराई जाती हैं। इसके अलावा घंटी, चुनरी भी माता के दरबार में चढाया जाता हैं।मंदिर का व्यवास्थापन कार्य देख रहे पूर्वाचल बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक आर यन त्रिपाठी के अनुसार इस ऐतिहासिक मंदिर का वर्णन चीनी यात्री फर्हहान की पुस्तक में भी मिलता हैं।मध्य काल में यहाँ की रानी ने अपने सम्मान को बचाने के लिए दूसरे राजा के हमले पर इसी स्थान पर सती हो गयी थी।कुछ दिनों के बाद मुर्ति की रुप मे अवतरित हुई। मंदिर के मुख्य पुजारी जी के अनुसार इस मंदिर में समय माता और शिव जी की मुर्ति की स्थापना किसी ने नही करवाई थी,अपितु यह स्वयं ही अवतरित हुई है।यहाँ पर वन देवी शंकर जी का विशाल मंदिर और हनुमान जी का भी मंदिर स्थापित है।क्षेत्र के पूर्व प्रधान मयंक शुक्ल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामनरेश उपाध्याय, विंध्याचल शुक्ला, आशुतोष, राममूरत यादव,शैलेन्द्र पान्डेय, विनोद पान्डेय, श्रवण कुमार, रंगीलाल चौहान, डासुधीर शुक्ला, सुनील शुक्ल, अजय मिश्रा आदि सैकड़ों भक्ति बर्ष भर के प्रत्येक सोमवार को दर्शन करने जाते है। कठेला की समय माता की मंदिर से इस क्षेत्र के भक्तों की काफी लगाव भी हैं।

नेशनल हाइवे गौहनिया से सनई तक क्षतिग्रस्त

खुनुवा(एसएनबी)।बढनी से शोहरतगढ होते हुए सिद्धार्थनगर को जाने वाली एन एच 730 मार्ग गौहनिया से सनई चौराहा तक क्षतिग्रस्त हो कर गड्ढे मे तब्दील हो चुकी है, जिससे इस सड़क से यात्रा करने वाले यात्रीयो को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। शोहरतगढ बढनी क्षेत्र के नागरिकों द्वारा निरंतर सड़क मार्ग को सही करने के साथ टोल प्लाजा पर क्षेत्रवासियो से टैक्स लेने का बिरोध किया गया लेकिन कोई फायदा नही हुआ। नेशनल हाईवे 730 बाराबंकी लखनऊ से निकल कर गोण्डा, बहराइच, श्रावस्ती को जोड़ते हुए बलरामपुर, सिद्धार्थनगर के रास्ते गोरखपुर, बस्ती, वाराणसी को जोडते हुए लोगो को गंतव्य तक पहुंचाती है। सिद्धार्थनगर जिले के बानगंगा और गनेशपुर के बीच गोल्हौरा मे टोल प्लाजा भी है जिससे लोगो को इस सड़क पर सफर करने के लिए टोल टैक्स भी देना पडता है। जबकि शोहरतगढ से आगे सिद्धार्थनगर जाने के लिए गौहनिया से सनई चौराहा तक सड़क पूरी तरह से जर्जर हो कर क्षतिग्रस्त हो गई और जगह जगह गड्ढे का रूप ले लिया है अक्सर लोगो को गड्ढे का अंदाजा नही लग पाता और वाहन के साथ सड़क पर पलटी खा जाते है जिससे लोग घायल, तो कुछ लोगो को जान भी गवानी पडती है।

प्रधान संगठन ने की बैठक बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

बांसी (एसएनबी)। बांसी ब्लाक सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने बैठक कर प्रधानों की समस्याओं के बाबत चर्चा किया, और समाधान की रणनीति बनाई। इस दौरान संगठन ने दस सूत्रीय मांगपत्र वाला ज्ञापन भी खंड विकास अधिकारी को सौंपा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ताकिब रिज्वी, बस्ती मंडल अध्यक्ष व्यास जी पांडेय, जिलाध्यक्ष पवन मिश्र, बांसी ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौरसिया शामिल रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष रिज्वी ने कहा कि प्रधानों का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नही किया जाएगा। प्रधानों के खिलाफ जो भी फर्जी मुकदमे है उसे वापस नहीं लिया गया व समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो संगठन आर पार की लड़ाई लड़ने को विवश होगा। कार्यक्रम में शामिल उक्त पदाधिकारियों के अलावा आशीष मिश्र, प्रतिमा सिंह, ओम प्रकाश द्विवेदी, सुजीत सिंह, मैनावती, प्रियंका आदि सहित कई प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी आनंद कुमार गुप्ता को दस सूत्रीय मांगपत्र वाला ज्ञापन दिया, जिसमें रोजगार सेवकों का तबादला, मनरेगा कार्य मेट के माध्यम से लेने में सुविधा प्रदान की करने, बिना प्रधान के मोहर के कोई आईडी न होने सहित 10 मांगे शामिल हैं।

बीडीओ को ज्ञापन देते प्रधानगण। फोटो : एसएनबी

विधि विधान से करें दुर्गासप्तशती का पाठ

डुमरियागंज (एसएनबी)। शारदीय देवी नवरात्र में पूजन के साथ यज्ञ हवनादि की सुगन्ध से वातावरण पवित्र व भक्तमय हो जाता है। नवरात्र को नई रात्रि का शुरुआत भी कहा जाता है। बसन्तीय नवरात्र का तो अलग ही महत्व है। क्योंकि प्रतिपदा के दिल से नये संवतसर की शुरुआत होती है। वैसे नवरात्र चार महीनों में होते हैं। पहला चैत्र नवरात्र जिसे बसन्तीय नवरात्र कहा जाता है। दूसरा अषाढ़ महीने के शुक्लपक्ष प्रतिपदा से माना जाता है। तीसरा शारदीय नवरात्र आश्विन महीने के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से आरम्भ होता है तो चौथा माघ शुक्लपक्ष प्रतिपदा से माना जाता है। लेकिन सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष रूप में चैत्र महीने का बसन्तीय नवरात्र व आश्विन महीने का शारदीय नवरात्र है। जबकि अन्य दोनों नवरात्र अप्रत्यक्ष रूप से माने जाते हैं। बसन्तीय नवरात्र के प्रतिपदा के दिन भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने से पहले पूजन अर्चन किया था। तो वहीं शारदीय नवरात्र के विजय दशमी के दिन उन्होंने रावण का वध किया था। दोनों नवरात्रों में देवी उपासना का विशेष महत्व है। इस अवसर पर जो भी सच्चे मन से देवी का आराधना करता है। उसे उसका फल अवश्य मिलता है। तमाम लोगों के द्वारा जहां ब्राह्मणों से देवी स्थानों पर दुर्गा सप्तशती का पाठ कराया जाता है तो वहीं कुछ लोग स्वयं दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं। पाठ करने की विधि को देखा जाये तो 'शारदा तिलक' में उल्लेख है कि यह पाठ सर्वमान्य के लिए बहुत ही उपयोगी है। जिसका सूत्र है पाठो ऽयं बलकारः इसमें प का अर्थ एक है। क्योंकि पफबभम में प प्रथम अक्षर है। इसलिए प को एक कहा गया है। पाठो ऽयं बलकारः का कुल योग 13 होता है इसलिए दुर्गा सप्तशती पाठ करने वालों को पहले दिन कवच, अर्गला, कीलक, रात्रि सूक्ति, नवारण मंत्र का जाप करना चाहिए। दूसरे दिन से 8वें दिन तक सात दिन में कुल दुर्गा सप्तशती के 13 अध्याय के पाठ पूरे करने चाहिए। जिसमें देखा जाये तो पाठक को दूसरे दिन पहला अध्याय, तीसरे दिन दूसरा और तीसरा अध्याय, चौथे दिन चौथा अध्याय, 5वे दिन 5वां, 6वां व सातवा अध्याय 6वे दिन 8वां, नवां व 10वां अध्याय, सातवें दिन 11वां अध्याय, 8वें दिन 12वां व 13वां अध्याय का पाठ कर 13 अध्याय पूरा करना चाहिए। 9वें दिन देवी सूक्ति, न्यास, सिद्धकुंजिका स्त्रोत का पाठ करते हुए नवारण मंत्र का जाप करने के बाद हवन करना चाहिए। इससे नवरात्र में दुर्गा सप्तशती पाठ का पूर्ण रूप से फल लोगों को मिलता है। दुर्गा सप्तशती में कहा गया है कि सिद्धकुंजिका स्त्रोत का पाठ करने से ही पूरे दुर्गा सप्तशती पाठ का लाभ मिलता है। फिर भी दुर्गा सप्तशती पाठ करने वालों के लिए उपरोक्त विधियां बताई गयीं हैं।

इमाम हसन ने दुनिया को इंसानियत का पाठ पढ़ाया

बेवां (एसएनबी)। पैगंबरे इस्लाम के बाद उनके अहलेबैत (परिवार) ने दुनिया को इस्लाम का सही रूप कुरान की रोशनी में दिखाया। इमाम हुसैन के बड़े भाई और हजरत अली अल. के दूसरे बेटे इमाम हसन ने अहिंसा को सबसे बड़े हथियार के रूप में अपनाते हुए इस्लाम का प्रचार प्रसार किया। उन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी में मानवता और अहिंसा का लोगों को पाठ पढ़ाया। साथ ही उनके साथ जंग करने आए इस्लाम के प्रबल विरोधियों को अपनी नीतियों एवं सिद्धांतों से मुतास्सिर किया।

उक्त बातें हल्लौर दरगाह चौक स्थित इमामबारगाह वक्फ बोर्ड शाह आलमगीर सानी में चल रहे अंजुमन गुलदस्ता मातम की आठवीं मजलिस को खिताब करते हुए लखनऊ से आए मौलाना मंजर सादिक ने कहीं। उन्होंने कहा की इमाम हसन का अखलाक और दस्तरखान उस दौर में विश्व विख्यात था। मजलिस के अंत में मौलाना ने इमाम हसन की शहादत और उनके जनाजे पर हुई तीरों की बारिश का वाकया बयान किया। जिसे सुनकर लोगों की आंखें आंसुओ से भर गई। मजलिस की शुरुआत हैदर-ए-कार्रर व उनके साथियों ने किया। मजलिस में अंजुमन के सदर डा. वजाहत हुसैन, सेक्रेटरी काजिम रजा, अंजुम रिज्वी, शाहनवज, तशबीब हसन, नफासत रिज्वी, नायाब हैदर, मोहम्मद, जहीर रिज्वी, फहीम रिज्वी, इमाम हैदर, तस्कीन, सरफराज, हसन,वसीम, शबाब, सलीम, हसन,महफूज, हैदर,कसीम रिज्वी, जमाल हैदर, अहमद हैदर, मोहम्मद हैदर, अजीम, इन्तेजार अकबर, पप्पू, मोहम्मद, अनवर, अफसर हल्लौरी, पल्सर, जानशीन, शमशाद आलम, मंजर, नियाज आदि मौजूद रहे।

मनोकामनाएं पूरी करती हैं वटवासिनी महाकाली गालापुर

(शारदीय नवरात्रि पर विशेष)

डुमरियागंज (एसएनबी)। सिद्धार्थनगर जनपद ही नहीं, प्रदेश व देश के लाखों लोगों के धार्मिक आस्था का प्रतीक है, वटवासिनी महाकाली स्थान गालापुर। इस स्थान के बारे में बताया जाता है कि इस स्थान से कभी कोई खाली हाथ नहीं लौटा है। बशर्ते सच्ची श्रद्धा भक्ति से वह अपनी मुरादें पूरी करने के लिए मां से प्रार्थना करे तो मां उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करतीं हैं।

डुमरियागंज तहसील मुख्यालय से 10 किमी. दूर उत्तरी छोर पर वटवासिनी महाकाली स्थान स्थित है। जो लाखों लोगों के श्रद्धा भक्ति का प्रतीक है। इस स्थान के बारे में ऐसी किवदंतियां हैं कि आज से लगभग 2 हजार वर्ष पूर्व में कलहंश वंशज (क्षत्रीय) के राजा केशरी सिंह शाकद्वीपीय ब्राह्मणों से गोण्डा जनपद के खोरहश नामक स्थान से महाकाली जी को मंगाये तो उस समय यहां जंगल था। इसके पूर्व की कहानी इस प्रकार है कलहंश के क्षत्रीय जो जंग में काफी वीर माने जाते थे। गुजरात से चलकर गोण्डा जनपद में आये। उस समय गोण्डा में मुस्लिम शासक था साथ ही उसी मुस्लिम शासक का एक भाई खोरहश में था। कलहंश के क्षत्रियों से उसका युद्ध हुआ जिसमें दोनों शासक मारे गये। दोनों के मारे जाने के बाद इन क्षत्रियों ने यहां अपना राज्य स्थापित कर लिया। दोनों जगहों पर राज्य करने के बाद ये लोग पूरब दिशा की ओर चलते हुए लटेरा गांव के पास आये, उस समय यह क्षेत्र स्वतंत्र था। यहां पर इन क्षत्रियों में सबसे बड़े केशरी सिंह ने महल बनवाकर यहां पर शासन करना शुरुकर दिया, वह एक न्यायी राजा माने जाते रहे। चूंकि इनके खानदान की अधिष्ठात्री महाकाली जी ही थी, लेकिन वे यहां नहीं थी। उनकी कमी उनको खटक रही थी। एक दिन वे अपने शाकद्वीपीय वंश के पुरोहितों जिन्हें साथ में लाकर गालापुर में बसाये थे को बुलाकर कहे कि महा काली जीके बिना मन नहीं लगता। आपलोग खोरहश की जंगलों में जाकर महाकाली जी को प्रसन्न करके यहां लाए। राजा केशरी सिंह के वचनों को सुनकर पुराहितों ने कहा कि महाराज आप चिंता न करें हम महाकाली जी को अवश्य लायेंगे। ऐसा आश्वासन देकर पुरोहित खोरहश की ओर चल पड़े कई दिन पैदल चलने के बाद वे लोग खोरहश के जंगल में पहुंचे, और वहां महाकाली जी को प्रसन्न करने के लिए तपस्या करने लगे। तपस्या करते हुए बिना अन्न जल के 6 माह बीत गया। यहां तक की पुरोहितों का शरीर दीमकों का बसेरा भी बन चुका था। 6 माह बीत जाने के बाद महाकाली जी प्रसन्न होकर साक्षात रूप में प्रकट हुई। महाकाली जी के सामने आते ही पुरोहितों का शरीर जो दीमको का बसेरा बन चुका था पूर्व की भांति हो गया। जब पुरोहितों ने महाकाली जी को सामने देखा तो वे मां की चरणों पर गिर पड़े। मां उन्हें उठा कर हृदय से लगाती हुई बोली की मैं तुम पर प्रसन्न हूं क्या चाहते हो। वर मांगो मैं वर दूंगी तब पुरोहितों ने कहा कि मां हम आप के अनन्य भक्त हैं आप को हम अपने साथ ले जाने के लिए आये हैं। तब मां ने कहा कि मैं तैयार हूं ले चलो। तब पुरोहितों ने कहा कि हमे कैसे विश्वास हो की आप मेरे साथ चल रही हैं। तब मां ने कहा कि तुम्हारे पीछे जो अरण्ड (मदार) का पेड़ है उखाड़ कर सिर पर रख लो एक बात याद रहे कि जहां पीछे मुड़कर देखोंगे तो मैं वहां रुक जाउंगी। मां के वचनों का पालन करते हुए पुरोहितों ने अरण्ड को उखाड़ कर सिर पर रख करकर चल दिया और राजा केशरी सिंह के महल के पीछे रुक गये। वहां से राज्य भवन में संदेश भेजवाया कि महाकाली जी को ले आये हैं, कहां स्थापित करें, राजा कुछ आदेश देते कि कुछ चुगुलखोर किस्म के लोगों ने राजा से कहा कि महाराज सिर पर अरण्ड का पेड़ रख कर कह रहे हैं कि इसमें महाकाली जी हैं। इस पर राजा क्रोधित होकर दूतों से संदेश भेजवाया कि जहां है वहीं रख दें। इस बात पर पुरोहित भी नाराज होकर मुड़कर मां का पूजन करते हुए सिर से अरण्ड का पेड़ उतार कर रख दिये। जैसे ही पेड़ का स्पर्श भूमि से हुआ तो एक भयंकर आवाज के साथ पृथ्वी फट गयी और अरण्ड का पेड़ पृथ्वी में समाहित हो गया और तुरन्त एक सुन्दर वटवृक्ष (बरगद) बाहर निकला जो आज भी स्थित है। पृथ्वी फटने की आवाज इतनी तेज थी की राजा केशरी सिंह चक्कर खा कर अपने सिंहासन से नीचे गिर गये और वहां से नंगे पाव दौड़ते हुए उस स्थान पर आकर मां से व पुरोहितों से क्षमायाचना करने लगे। तभी मां के द्वारा आकाशवाणी की गयी कि राजा केशरी सिंह तुमने हमारे व हमारे भक्त पुरोहितों का अपमान किया है इस लिए तुम्हारा विनाश होगा। तब राजा ने कहा कि मां मुझसे भूल हुई है क्षमा कर दें। पुरोहितों ने कहा कि मां महाराज को क्षमा कर दें। तब मां ने कहा कि मेरा श्राप मिथ्या नहीं होगा। लेकिन इतना जरूर है कि इनके वंशजों के लोगों को 14 पुश्त बीतने के बाद शोरतगढ़ राज्य का शासन मिल जायेगा। कुछ ही दिनों बाद मां का श्राप सत्य हुआ युद्ध में उतरौला के शासक ने सिंगारजोत के पास छल से राजा केशरी सिंह को मार दिया। सारा महल धराशायी हो गया। इनके वंशज के लोग चौखड़ा गांव में थे। जिन्हें 14 पुश्त बीतने के बाद शोहरतगढ़ का राज्य मिला। तब से मां का स्थान उसी जगह पर स्थित है सिर्फ वटवृक्ष के रूप में। आज भी शोरतगढ़ स्टेट के योगेन्द्र प्रताप सिंह इस स्थान की देख रेख करते हैं। वे इस स्थान के सर्वराकार भी है। उन्होंने शाकद्वीपीय वंश के ही ठाकुर प्रसाद मिश्र को स्थान का व्यवस्थापक बनाया है जो अपना दायित्व निर्वाह्न कर रहे हैं। गालापुर के शाकद्वीपीय वंश के ब्राह्मण ही मां के पुजारी के रूप में पूजन अर्चन करते हैं। दोनों नवरात्रों में शोरतगढ़ स्टेट के उत्तराधिकारी राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह (बाबा साहब) यहां आकर मां का पूजन अर्चन करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि नवरात्र में जो भी व्यक्ति यहां दर्शन करता है और श्रद्धा भक्ति से मनौती मांगता है उसकी मुरादें अवश्य मां पूरी करती हैं। यहां जो लोग ''सर्वाबाधा विर्निमुक्तों धनधान्य सुतांविता मनुष्येनमत प्रसादेन भविष्यति न संशय'' से सम्पुट पाठ व दुर्गा सप्तशती का पाठ कराते हैं उनकी सभी मुरादें पूरी होती हैं। यहां नवरात्र में लोगों की असंख्य भीड़ होती है। देश के कोने-कोने से लोग यहां आकर मां का पूजन-अर्चन करते हैं। चौखड़ा से स्थान की दूरी 4 किमी. हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए उक्त स्थान को रामयण सर्किट से जोड़ दिया है। साथ ही पर्यटन विभाग द्वारा कुछ काम भी कराया जा रहा है।

मनरेगा योजना के अधूरे कार्यो को जल्द पूर्ण करें- एपीओ

बर्डपुर (एसएनबी)। खंड विकास अधिकारी कार्यलय पर ग्राम प्रधान संघ की बैठक में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार ग्राम प्रधान से कहा कि विकास योजनाओं में तेजी लाएं मनरेगा में मानव सृजन बढ़ाए। ग्राम प्रधान संघ की बैठक में एपीओ मुकेश कुमार ने मानव सृजन बढ़ाने पर जोर दिया। जिससे आगे के काम की स्वीकृति मिल सके सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के औसत पर भी विशेष ध्यान दे नहीं तो दिक्कत आएगी। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष वजहुल कमर ने कहा कि मनरेगा योजना में जितना काम ग्राम प्रधान करवाते है किसी विभाग द्वारा नहीं किया जाता है प्रधान संगठन किसी भी ग्राम प्रधान का शोषण बर्दास्त नहीं करेगा। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सईद,देवेंद्र चौधरी, असगर अली, विजय पासवान, रमेश यादव, प्रभात चौधरी, अरुण जायसवाल,मोहम्मद हकीम उपस्थित रहे।

राशिफल/पंचांग

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र

बुधवार, 28 सितम्बर, 2022



दैनिक सूर्योदय : दिल्ली-प्रातः 06:12, काशी-प्रातः 05:48, कानपुर-प्रातः 05:59, पटना-प्रातः 05:40, देहरादून-प्रातः 06:09, गोरखपुर-प्रातः 05:47, लखनऊ-प्रातः 05:57 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्ली-सायं 18:10, काशी-सायं 17:48, कानपुर-सायं 17:58, पटना-सायं 17:39, देहरादून-सायं 18:07, गोरखपुर-सायं 17:46, लखनऊ-सायं 17:56 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्ली-प्रातः 08:19, काशी-प्रातः 07:52, कानपुर-प्रातः 08:04, पटना-प्रातः 07:43, देहरादून-प्रातः 08:18, गोरखपुर-प्रातः 07:52, लखनऊ-प्रातः 08:02 बजे। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्ली-रात्रि 19:45, काशी-रात्रि 19:25, कानपुर-रात्रि 19:35, पटना-रात्रि 19:16, देहरादून-रात्रि 19:39, गोरखपुर-रात्रि 19:22, लखनऊ-रात्रि 19:32 बजे। राहुकालम 12:00 बजे से 13:30 बजे तक। राष्ट्रीय अश्विन 06, शक् संवत् 1944। अश्विन शुक्ल तृतीया, संवत् 2079, सौर (कन्या)अश्विन मास की 13, प्रविष्टे। रवि-उल-अव्वल 01, हिजरी 1444 (मुस्लिम)। शरद ऋतु। अश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया (03) अर्द्धरात्रयोत्तर 01:27 बजे तक, तदन्तर चतुर्थी तिथि प्रारम्भ। चित्रा नक्षत्र प्रातः 06:14 बजे तक, तदन्तर स्वाती नक्षत्र प्रारम्भ। वैधृति योग अर्द्धरात्रयोत्तर 03:06 बजे तक, तदन्तर विष्कुम्भ योग प्रारम्भ। चन्द्रमा पूरा दिन-रात तुला राशि में ही संचरण करेगा। हिजरी मास रवि उल अव्वल प्रारम्भ, सिन्दूर तृतीया।

मौसमः उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में दिन मे धूप रहेगी और पूर्ववत् दिन के अपेक्षा तापमान बढ़ेगा। पूर्व-दक्षिण समुद्र तट पर कही-कही हल्की वर्षा होगी। पश्चिमोत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम ठंडा होगा।

-- दैनिक राशिफल --

मेष : कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। पारिवारिक संबंधों में कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

बृषभ : आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा, अतः इसे सुधारें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें।

मिथुन : प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग।

कर्क : अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्य पूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

सिंह : सुन्दर भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। विरोधियों के प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयां संभव। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होगा।

कन्या : कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

तुला : कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेंगी। दूसरो की आलोचना का अपने मनोवल पर असर न पड़ने दें।

वृश्चिक : नाजुक संबंधों में भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें। किसी विपरीत लिंगी संबंध में आकर्षण बढ़ेगा। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव।

धनु : कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। नये कार्यों के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र दूसरों की बात इधर से उधर करना आपको शोभा नहीं देता और निरर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नहीं है।

मकर : कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में परिश्रम तीव्र होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप संभव।

कुंभ : नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा। रोजगार के क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है।

मीन : नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। राजनैतिक सरगर्मियां आपकी व्यस्तता बढ़ाएंगी।

आज पंचकूला में दूरदर्शन द्वारा निर्मित 'स्वराज' धारावाहिक देखा। स्वराज की गाथा हमारी वेशभूषा, रहनसहन, संस्कृति, हमारे धर्म से शुरू होती है। मैं पीएम नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद करता हूं कि अमृत काल में हम उन विभूतियों को भी याद कर रहे है, जिन्हें कभी याद नहीं किया गया।

—— मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री, हरियाणा

सैलानियों को आकर्षित कर रहा गोरखपुर : डॉ. चौधरी

गोरखपुर (एसएनबी)। राजकीय बौद्ध संग्रहालय व संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर संग्रहालय के प्रदर्शनी कक्ष में 'पर्यटन की दृष्टि में गोरखपुर विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित एवं जाने-माने कृषि वैज्ञानिक डॉ. राम चेत चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि डॉ. रामचेत चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि पर्यटन की दृष्टि से गोरखपुर प्रदेश के साथ-साथ देश भर के सैलानियों को आकर्षित कर रहा है। रामगढ़ झील की विहंगमता लोगों को खूब आकर्षित कर रही है। सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से जन-जन तक गोरखपुर पर्यटन से जुड़ी जानकारी मिल रही है। शहर का बदलता स्वरूप एक नये अवसर के रूप में भी देखा जा रहा है। पर्यटन एक उद्योग के रूप में भी अपनी जगह बना रहा है। रामगढ़ताल के किनारे रोजाना उमड़ रही हजारों की भीड़ से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हुए हैं। संग्रहालय के उप निदेशक डॉ. मनोज कुमार गौतम ने कहा कि कला और संस्कृति और पुरातात्विक समृद्धता के साथ ही पर्यटन के रूप में गोरखपुर को एक नई पहचान मिल रही है। देश- विदेश में भी बैठे लोग जिनकी जड़े यहाँ से जुड़ी हुई हैं, वह अपने-अपने तरीके से शहर को सराहने में लगे हुए हैं और निवेश के नजरिये से भी शहर की तरफ देख रहे हैं। गोरखपुर में बने राष्ट्रीय स्तर का प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केन्द्र में देश के बड़े-बड़े कलाकारों की प्रस्तुतियां होने लगी हैं, जिससे कला जगत से जुड़े नव कलाकारों के लिए बड़े अवसर के रूप में देखा जा रहा है। क्लीकर्स के संयोजक संगम दूबे ने कहा कि गोरखपुर प्रदेश के बड़े शहरों में एक उभरता हुए शहर है, जहाँ हर क्षेत्र में नये अवसर और संभावनाएं पैदा हो रही हैं। पर्यटन के दृष्टि से तैयार होता यह शहर प्रदेश भर में आकर्षण का केन्द्र बन रहा है। प्रदर्शनी में शहर का एरियल व्यू, रामगढ़ताल की अलग-अलग एंगिल से क्लिक की गयी तस्वीरें, वाइल्ड लाइफ की तस्वीरों के साथ ही क्रिएटिव तस्वीरें भी जनसामान्य के लिए आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस अवसर पर ई. आरपी सरोज, हिमांशु पाण्डेय, डॉ. दीनबन्धु पासवान, सुधा शरण श्रीवास्तव, नीरा शुक्ला, सोनी सिंह, अविनाश यादव, बबिता पासवान समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

विश्व पर्यटन दिवस पर बौद्ध संग्रहालय में छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन करते कृषि वैज्ञानिक डॉ.राम चेत चौधरी साथ में उप निदेशक डॉ.मनोज गौतम व अन्य। फोटो : एसएनबी

निशानेबाजी में अहमद हुसैन ने जीता सोना

गोरखपुर (एसएनबी)। यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन लखनऊ के तत्वावधान में डा. करणी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में आयोजित यूपी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप (शॉटगन) प्रतियोगिता में गोरखपुर निवासी अहमद हुसैन ने पहला स्थान जीतकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अहमद हुसैन अब सात से 14 अक्टूबर तक जयपुर में होने वाली अखिल भारतीय प्रतियोगिता में अपने निशानेबाजी की क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। इस सफलता से उत्साहित अहमद हुसैन ने कहा कि आने वाली प्रतियोगिताओं में इसी तरह प्रदर्शन कर गोरखपुर व प्रदेश का नाम रोशन करने का पूरा प्रयास करेंगे।

डा.करणी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में आयोजित यूपी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप (शाटगन) 2022 की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गोल्ड मेडल प्राप्त अहमद हुसैन।

एमएमयूटी में बीबीए, बीफार्मा बीटेक में प्रवेश के लिए पंजीकरण आज से

गोरखपुर(एसएनबी)। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 में बीबीए, बीफार्मा प्रथम वर्ष डिप्लोमा धारकों के लिए बीटेक द्वितीय वर्ष (लैटरल एंट्री) एवं बीफार्मा द्वितीय वर्ष (लैटरल एंट्री) के प्रवेश के लिए पंजीकरण आरंभ हो गया है।

ज्ञात हो कि बीबीए, बीफार्मा प्रथम वर्ष, बीटेक द्वितीय वर्ष (लैटरल एंट्री) एवं बीफार्मा द्वितीय वर्ष (लैटरल एंट्री) में सीयूईटी(यूजी)- 2022 परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के माध्यम से सीट आवंटन होना है। अतः परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु विवि की वेबसाइट डब्लू डब्लू डॉट एमएमयूटी डॉट एसी डॉट इन के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। प्रवेश प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो.एससी जायसवाल ने बताया कि विवि में बीबीए प्रथम वर्ष में 75 सीट, बीफार्मा प्रथम वर्ष में 40, बीटेक द्वितीय वर्ष में सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मेकैनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं केमिकल इंजीनियरिंग विधाओं में कुल 209 सीट एवं बीफार्मा द्वितीय वर्ष में 8 सीट उपलब्ध है। जिसमें सभी सीटें उप्र के अभ्यर्थियों के लिए हैं।

इन सभी सीटों पर सीयूईटी(यूजी)-2022 के परिणाम के आधार पर काउंसिलिंग कराकर प्रवेश दिया जायेगा। काउंसिलिंग मे प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियो को विवि की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा। जिसकी अंतिम तिथि 4 अक्टू. है। इसके पश्चात काउंसिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। विवि में उपलब्ध अन्य कोर्स एमसीए, एमबीए एवं एमएससी कोर्सो में सीयूईटी(पीजी)- 2022 के माध्यम से लिया जायेगा। ज्ञात हो कि बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए सीट एलाटमेंट प्रक्रिया चल रही है। विवि में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह समय-समय पर विवि की वेबसाइट देखते रहें।

बुखार कोई भी हो तो जाएं अस्पताल

गोरखपुर (एसएनबी)। जनपद के हर नागरिक को यह संदेश दिया जाए कि बुखार कैसा भी हो अस्पताल जाकर चिकित्सक से ही इलाज कराएं? सभी सरकारी अस्पतालों पर बुखार का इलाज निःशुल्क है। सरकारी अस्पताल जाने के लिए 108 नंबर डायल करके निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा का लाभ उठाया जाए। हाई ग्रेड फीवर के इलाज के लिए सभी ब्लाक स्तरीय अस्पतालों पर ईटीसी की व्यवस्था है और सबसे पहले इन्हीं केंद्रों पर तेज बुखार के मरीज को ले जाने का संदेश दिया जाए। बुखार का इलाज जल्दी शुरू होने से व्यक्तिजल्द स्वस्थ होगा। यह दिशा-निर्देश मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा ने जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक में दी। अक्टूबर में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के संबंध में यह बैठक विकास भवन सभागार में मंगलवार को हुई।

सीडीओ ने अभियान से संबंधित विभागों से अपील की कि समन्वय बना कर कार्य करें और हाई रिस्क एरिया में फोकस्ड अभियान चलाने का प्रयास करें। दस्तक अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साथ-साथ जाएं। स्क्रबटाइफस को देखते हुए लोगों को प्रेरित किया जाए कि वह नंगे पैर झाड़ियों में न तो खुद जाएं और न ही बच्चों को जाने दें। झाड़ियों की साफ-सफाई कराई जाए। चूहा और छछूंदर से बचाव के उपाय किये जाएं। बरसात को देखते हुए नालियों की नियमित सफाई हो और जिन इलाकों में स्वच्छ टैप वाटर की सुविधा हो वहां लोग हैंडपंप का इस्तेमाल न करें। युद्धस्तर पर झाड़ियों की साफ-सफाई की जाए। विद्यालयों में वीडियो संदेश के जरिये बच्चों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया जाए। गांवों से निकलने वाले डेंगू के मामलों को देखते हुए वहां साफ पानी के जलजमाव को नियंत्रित किया जाए और खासतौर से पशुओं के नाद में साफ पानी इकट्ठा नहीं होने देना है। अभियान के नोडल स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि एक से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह चलेगा, जबकि सात से 21 अक्टूबर तक दस्तक पखवाड़ा चलाया जाएगा।

विशेष संचार रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के संबंध में जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

सरकारी अस्पताल के लिए उपलब्ध निःशुल्क 108 एंबुलेंस की सुविधा की दें जानकारी

एक माह के अभियान में कुल 12 विभाग मिलकर संचारी रोगों के प्रति जनजागरूकता फैलाएंगे और विभागीय कार्यवाही भी करेंगे। दस्तक अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की टीम घर-घर जाकर बुखार के रोगियों को अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करेंगी। कुपोषित बच्चे चिन्हांकित किये जाएंगे और टीबी मरीज भी खोजे जाएंगे। उल्टी दस्त की दवा और क्लोरीन का टैबलेट बांटेंगी व मच्छरों के प्रजनन स्रोत वाले स्थानों को चिन्हित कर सूचित करेंगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी हिमांशु शेखर, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मुकेश रस्तोगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकार डा. एके चौधरी, जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह, जेई एईएस कंसल्टेंट डा. सिद्धेश्वरी, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डा. अंकुर सांगवान, यूनिसेफ के डीएमएसी डा. हसन फहीम, नीलम यादव, पाथ संस्था के प्रतिनिधि डा. राहुल कांबले, अभिनय कुशवाहा, सीफार प्रतिनिधि वेद प्रकाश पाठक समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

शिक्षकों का समर्पण बच्चों को बनाएगा निपुण : एडी बेसिक

गोरखपुर (एसएनबी)। सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) सप्तम मंडल डा. सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को निपुण बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षकों के समर्पण की आवश्यकता है। विद्यार्थी और स्कूल को निपुण बनाने का उत्तरदायित्व हर शिक्षक को लेना होगा।

सहायक शिक्षा निदेशक मंगलवार को एनेक्सी भवन में निपुण भारत अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिले को निपुण बनाने के लिए एकेडमिक टीम से योजना बनाकर कार्य करने पर जोर देते कहा कि इसमें शिक्षक संकुल, एआरपी व एसआरजी की प्रभावी भूमिका होनी चाहिए। डॉयट प्राचार्य जयप्रकाश ने कहा कि निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए माड्यूल के अनुसार कार्य करना होगा। शिक्षक संकुलों की बैठक में अधिक से अधिक शिक्षकों की प्रतिभागिता होनी चाहिए।

निपुण भारत अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

बीएसए रमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जिले को निपुण बनाने के लिए सभी शिक्षक को निरंतर प्रयास करना होगा। बच्चों की उपस्थिति के लिए अभिभावकगण से निरंतर संपर्क रखना होगा। अच्छे स्कूलों से समन्वय स्थापित कर उनकी अच्छाइयों से भी सीखना होगा। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा विवेक जायसवाल ने निपुण विद्यालय की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने टीम वर्क पर जोर देते हुए कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने में हर व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। सबको अपना दायित्व समझना होगा। डॉयट प्रवक्तागणों ने निपुण बच्चों के विशलेषण को प्रस्तुत कर बताया कि किस तरह निपुण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह, राकेश पांडे, सुरेंद्र कुमार, रजनीश कुमार द्विवेदी ने निपुण ब्लॉक बनाने के लिए ब्लॉक स्तरीय योजनाओं को साझा किया। एसआरजी राकेश कुमार दुबे, राजीव कुमार राय, रमेश पांडेय ने जिले को निपुण बनाने की कार्ययोजना रखी। इस अवसर पर डॉयट की प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता अमृत उपाध्याय, प्रवक्ता वासुदेव, जयप्रकाश ओझा, आदित्य पांडेय, प्रेमचंद, एआरपी राजेश यादव, वीरसेन सिंह, प्रवीण पांडेय, रामकृष्ण मिश्र आदि मौजूद थे।

बकाये में बीएसएनएल कार्यालय की कटी लाइन

गोरखपुर (एसएबी)। बिजली विभाग ने 4.30 लाख रुपये से अधिक बिजली बिल बकाएदारी में सेंट्रल टेलीग्राफ आफिस (कार्यालय प्रधान महाप्रबंधक) की बिजली काट दी। बीएसएनएल के जिम्मेदार लगे रहे कि बिजली आपूर्ति जुड़ जाए। कई अधिकारी बिजली विभाग के दफ्तर भी गये। इसी बीच महाप्रबंधक ने फंड की कमी बताते हुए अगले कुछ दिनों में बिजली बिल भुगतान करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद आपूर्ति जोड़ी जा सकी। प्रधान महाप्रबंधक भारत संचार निगम लिमिटेड कार्यालय शास्त्री चौक पर है। इसे सीटीओ अफिस के नाम से भी जाना जाता है। महाप्रबंधक इसी दफ्तर में बैठते हैं। इस पर बिल मद में कुल 6.12 लाख रुपये बकाया था। लंबे समय से दबाव पड़ने के बाद 5 सितंबर को 1.74 लाख रुपये बिजली बिल जमा किया गया। शेष 4.39 हजार रुपये की देनदारी बची थी। इसी बीच अचानक एमडी अफिस से बचे तीन दिन में अलग-अलग खंड दफ्तरों पर लक्ष्य दे दिया गया। टाउनहाल के खंड को चार करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया। विभाग की टीम ने दफ्तर के बगल से ही बकाएदारी अभियान शुरू की। मंगलवार सुबह 10 बजे ही बीएसएनएल कार्यालय की बिजली काट दी गई।

कौशल निर्माण पर जोर की जरूरत : तेजस्विनी

गोरखपुर (एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के वीमेन वेलफेयर एसोसिएशन (गुवा) तथा वूमेन स्टडी सेंटर की मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने तथा मुख्य अतिथि समाजसेवी तथा अदम्य चेतना की अध्यक्ष तेजस्विनी अनंत कुमार रही। गुवा की पैट्रन तथा विश्वविद्यालय की प्रथम महिला सुमिता सिंह ने भी सहभागिता की। बैठक में तेजस्विनी अनंत ने विवि के वूमेन स्टडी सेंटर तथा गोरखपुर यूनिवर्सिटी वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि हमें प्रयास करना होगा कि महिलाओं की कॉन्फिडेंस बिल्डिंग के साथ कौशल निर्माण भी किया जाए। जिससे उन्हें रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और आसपास के क्षेत्र में एनीमिया और कुपोषण से निपटने के लिए कोशिश होनी चाहिए कि बच्चों को एक समय का पौष्टिक खाना मुहैया कराया जा सके। कुलपति ने कहा कि वुमन स्टडी सेंटर द्वारा गांव में किए जा रहे कार्यो में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, पोषण तथा मुफ्त में पौष्टिक खाना कैसे मुहैया कराया जा सके इस पर कार्य योजना तैयार की जाए। इससे पहले प्रो. नंदिता सिंह ने गुवा द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए की जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान स्टडी सेंटर की डायरेक्टर प्रो. दिव्या रानी सिंह ने सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद तेजस्विनी ने सभी संकयाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष की बैठक में विवि के ग्रीन कैंपस इनीशिएटिव तथा जीरो वेस्ट कैंपस पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

स्वास्थ्य, पोषण व मुफ्त में पौष्टिक आहार पर वीमेन स्टडी सेंटर बनाये कार्य योजना : कुलपति

बता दे कि इन मुद्दों पर सहयोग के लिए अदम्य चेतना और विवि के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। तेजस्विनी ने विवि को जीरो पेपर इनीशिएटिव शुरू करने की सलाह देते हुए कहा कि इसके लिए विभागों में प्रतियोगिता होनी चाहिए कि कौन सा विभाग सबसे कम पेपर का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने विवि के भवनों को ग्रीन बिल्डिंग बनाने के लिए भी सुझाव दिए।

प्रशासकीय भवन स्थित कमेटी हाल में गोरखपुर यूनिवर्सिटी वीमेन एसोसिएशन एवं वीमेन स्टडी सेन्टर की बैठक में कुलपति प्रो. राजेश सिंह की अध्यक्षता में स्मृति चिह्न भेंट करते पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

पं. दीन दयाल के जीवन दर्शन पर क्विज प्रतियोगिता

गोरखपुर(एसएनबी)। राष्ट्रीय सेवा योजना, सेंट एंड्रयूज कालेज द्वारा मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन दर्शन पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ-ही विविधता में एकता कार्यक्रम के अंतर्गत विविधता में एकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कुल 80 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा समाज सेवा के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए बच्चों से कहा कि औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने से आपके व्यक्तित्व का विकास होता है तथा आप में अपने समाज की आवश्यकताओं को समझने की क्षमता आने लगती है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एस डोमिनिक राजकुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना को विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और कहा कि इसमें विभिन्न वर्ग जाति धर्म के लोग एक साथ मिलकर सामाजिक कार्यो को करते हैं। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पम्मी कुमारी, द्वितीय अंकुर कुमार मिश्रा तथा तृतीय पुरस्कार सम्मिलित रूप से प्रिया सिंह, सत्यम गुप्ता तथा साक्षी पांडेय को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जेके पांडेय एवं डॉ. अर्चना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जेपी यादव, डॉ. तनवीर आलम, स्वयंसेवक निखिल दुबे, जितेंद्र सिंह, विशाल कुमार, कुशल त्रिपाठी, सनी शुक्ला, अमन उपाध्याय, अविनाश, अनन्या, रिया एवं अंशिता सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय सेवा योजना

सेडिका में पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर एनएसएस द्वारा आयोजित क्विज व निबन्ध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरष्कृत कर उपस्थित विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डा.नीरज श्रीवास्तव व अन्य। फोटो : एसएनबी

एमएड प्रवेश परीक्षा 2022 का परिणाम विवि की वेसाइट पर

गोरखपुर(एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमएड प्रवेश परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। प्रवेश की तिथि की सूचना हेतु अभ्यर्थी विश्वविद्यालय वेबसाइट देखते रहें।

संदीप गुप्त यूपी कुश्ती टीम के प्रशिक्षक बने

गोरखपुर (एसएनबी)। गुजरात के गांधीनगर में 29 सितम्बर से होने वाली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश कुश्ती टीम का प्रशिक्षक संदीप कुमार गुप्ता को नियुक्त किया गया है। संदीप कुमार गुप्ता सहजनवा के भीटीरावत के ग्राम महदेइया के निवासी हैं। उन्हें प्रदेश टीम का प्रशिक्षक बनाए जाने पर अंतरराष्ट्रीय पहलवान पन्नेलाल यादव, भारतीय कुश्ती टीम के कोच चन्द्रविजय सिंह, मिथिलेश यादव मोहन, बलेन्द्र गुप्त, सत्यपाल, रमेश यादव, सईद बाबू रहबर समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

जीडीए : आपत्तियों का सिलसिला जारी

गोरखपुर (एसएनबी)। जीडीए की नई महायोजना 2031 के प्रारूप पर आपत्तियों का सिलसिला जारी है। अब तक चार हजार से अधिक आपत्तियां दर्ज कराई जा चुकी हैं। चार अक्टूबर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि है। उस दिन दशहरा होने के कारण एक दिन इसकी समय सीमा बढ़ाई जा सकती है। आपत्तियां दर्ज कराने की तिथि समाप्त होने के बाद सभी आपत्तिकर्ताओं को समिति के समक्ष उपस्थित होने का मौका मिलेगा और वहां वे खुलकर अपनी बात रख सकेंगे।

आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि के बाद जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता वाली समिति आपत्तियों की निस्तारण करेगी। निस्तारण के बाद समिति संशोधित महायोजना जीडीए बोर्ड में प्रस्तुत करेगी और वहां से स्वीकृति मिलने के बाद शासन को भेजा जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब तीन माह का समय लग सकता है। जीडीए सचिव उदय प्रताप सिंह ने लोगों से अपील की है कि जिन्हें प्रारूप पर आपत्ति है वे जीडीए भवन के द्वितीय तल पर सहयुक्त नगर नियोजक के कार्यालय में आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। वहां महायोजना के प्रारूप की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। अब तक ज्यादातर महायोजना के प्रारूप पर आ रही आपत्तियों में सर्वाधिक संख्या विनियमितीकरण की जमीन को नियमित करने, हाईवे फैसिलिटी जोन के किनारे बफर जोन, समतल भूमि को हरित क्षेत्र या खुला क्षेत्र करने, वन क्षेत्र के 100 मीटर व 300 मीटर परिधि में नो कंस्ट्रक्शन जोन घोषित करने को लेकर है।

चार अक्टूबर तक आपित्त दर्ज कराने की है अंतिम तिथि, अब तक चार हजार से अधिक आपत्तियां करायी जा चुकी हैं दर्ज

नगर नियोजन अधिनियम की यह धारा है काम की : नई महायोजना में ग्रीन बेल्ट के लोगों को कालोनियां नियमित होने की उम्मीद थी लेकिन जारी प्रारूप में उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हुई हैं। ऐसे में वे ग्रीन बेल्ट का भू उपयोग बदलने की मांग कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन तथा विकास अधिनियम 1973 की धारा 54 इन आपत्तियों को बल प्रदान करेगा। इस धारा में यह कहा गया है कि यदि घोषित ग्रीन लैंड को 10 साल तक अधिगृहीत नहीं किया जाता है तो भूखंड का मालिक छह महीने में जैसा है, उसी स्थिति में भू-उपयोग निर्धारित करने की नोटिस दे सकता है। यानी यदि आवासीय उपयोग हो रहा है, तो उसी स्थिति में भू-उपयोग के लिए मांग जायज होगी। इसी तरह हाईकोर्ट इलाहाबाद द्वारा 2020 में अनुज सिंघल बनाम स्टेट आफ उत्तर प्रदेश के मामले में ओपेन स्पेस का भू-उपयोग परिवर्तित करने का आदेश दिया गया था।

भू-उपयोग बदलने की मांग : महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो निवासी कामश्वेर सिंह, समीर सिंह, राघवेंद्र सिंह,

त्रिलोकी तिवारी और भरत सिंह ने मंगलवार को जीडीए में आपत्ति दर्ज कराकर भू-उपयोग बदलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वे एम्स के पूर्वी दीवार से लेकर मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पश्चिमी दीवार तक और रेलवे लाइन से देवरिया रोड तक निवास करते हैं। नई महायोजना 2031 के प्रारूप में इसे हरित क्षेत्र घोषित किया गया है जबकि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश है कि महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो में बने निर्माण का मानचित्र स्वीकृत कर इसे वैध किया जाए।

बीजेपी खोराबार मंडल के मंत्री ध्रुव हुए हाथी पर सवार

गोरखपुर (एसएनबी)। बसपा ने बीजेपी को तगड़ा झटका दिया है। भारतीय जनता पार्टी खोराबार मंडल के पुराने भाजपाई एवं वर्तमान में मंडल मंत्री खोराबार ध्रुव कुमार शर्मा कमल का साथ छोड़ हाथी पर सवार हो गए हैं। मंगलवार को ध्रुव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बसपा कार्यालय गोरखपुर पहुंचे। यहां एक समारोह में जिलाध्यक्ष बसपा जितेंद्र कुमार नीरज ने उन्हें और उनके समर्थकों को बसपा की सदस्यता दिलाई।

बसपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद ध्रुव कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में करनी और कथनी में अंतर है। बसपा एक ऐसी पार्टी है जहां सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय पर काम होता है। ध्रुव ने कहा कि खोराबार मंडल भाजपा के कुछ और पदाधिकारी कमल का साथ छोड़ने का मन बना चुके हैं। मनीष कुमार गुप्ता आदि ने भी अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार नीरज ने कहा बसपा में सभी जाति धर्म का सम्मान है। यही कारण था की कुमारी मायावती प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री बनी। तदउपरांत महानगर की आवश्यक बैठक की गई जिसमें पार्टी की महासदस्यता अभियान पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी हरि प्रकाश निषाद, मंडल प्रभारी रमेश पासवान, जिला महासचिव परमेश्वर उर्फ छोटू सहारा, पूर्व सेक्टर प्रभारी राजेश मलिक, पूर्व नगर अध्यक्ष आलोक मोदी, ख्वाजा शमसुद्दीन, नारायण दिनेश कुमार राजेंद्र जाटव, धर्म भाई पशुपतिनाथ रघुकुल, निरंजन कुमार, जगदीश प्रसाद, विद्यानंद यादव, रामकिशन, दिलीप कुमार उपस्थित रहे।

पुराने भाजपाई हैं ध्रुव कुमार शर्मा, कई पदों की निभा चुके हैं जिम्मेदारी

ध्रुव सैकड़ों साथियों के साथ पहुंचे थे बसपा कार्यालय

राष्ट्रीय सहारा
गोरखपुर • बुधवार • 28 सितम्बर • 2022
www.rashtriyasahara.com

अनमोल वचन

यदि हम अपनी असफलता से शिक्षा प्राप्त करते हैं, तो वह सफलता ही है
-मैल्कम फोर्ब्स

कांग्रेस का दुखद बिखराव

राजस्थान की घटना ने कांग्रेस को हास्यास्पद मगर दुखद स्थिति में फंसा दिया है। वहां से जो मजाक निकल कर चारों ओर फैला है वह यह है कि जो व्यक्ति अपनी पार्टी को जोड़ कर नहीं रख सकता वह भारत को क्या जोड़ेगा। जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम की चर्चा हुई थी कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए सबसे सशक्त उम्मीदवार हैं, तो किसी को आश्चर्य नहीं हुआ था। वह तपे हुए नेता हैं। गांधी परिवार के प्रति उनकी निष्ठा को पूर्ण माना जा रहा है लेकिन सचिन पायलट के साथ अपने झगड़े की पृष्ठभूमि में उन्होंने परिवार भक्ति के मुलम्मे उतार दिये। गहलोत को स्वयं के अध्यक्ष बन जाने की स्थिति में मुख्यमंत्री पद छोड़ना तथा सचिन पायलट का

मुख्यमंत्री बनना कतई नहीं सुहाया और उन्होंने पर्यवेक्षकों से इतर अपनी अलग बैठक बुलाकर एक तरह से शीर्ष नेतृत्व के प्रति बगावत कर दी। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह अध्यक्ष पद के दावेदार रहेंगे भी या नहीं। बहरहाल, स्थिति जो भी बने, लेकिन राजस्थान घटनाक्रम ने कुछ बातें बहुत स्पष्ट तरीके से उजागर कर दीं। पहली, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का प्रभाव लगातार क्षरित हो रहा है। कद्दावर नेताओं का पार्टी छोड़ कर जाना कमजोरी के संकेत दे ही रहा था, लेकिन गहलोत की बगावत ने इसे पूर्णतः सिद्ध कर दिया है। दूसरी, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और स्थानीय क्षत्रपों के बीच संवाद की सही स्थिति नहीं है। तीसरी, पिछले वर्षों में कांग्रेस का जो पतन हुआ है, उसमें राहुल गांधी का बड़ा हाथ है। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर उनके ढुलमुल रवैये ने आम कांग्रेसी ही नहीं कट्टर कांग्रेसियों के बीच भी नकारात्मक संदेश पहुंचाया। अगर वह कांग्रेस अध्यक्ष पद स्वीकार कर लेते और उसकी जिम्मेदारी पूरी गरिमा के साथ निभाते तो शायद कांग्रेस में भगदड़ नहीं मचती और राजस्थान का घटनाक्रम सामने नहीं आता। हालांकि अब बहुत देर हो चुकी है, लेकिन फिर भी संभावना तलाशी जा सकती है। आम कांग्रेसी कांग्रेस को गांधी परिवार से मुक्त नहीं देखना चाहता। विभिन्न राज्यों की कांग्रेस समितियां प्रस्ताव पास कर चुकी थीं कि राहुल पद संभालें। राहुल चाहे जैसे भी रहे हों, पिछले वर्ष में वही कांग्रेस के संघर्ष का मोर्चा संभाले हुए हैं। इन दिनों पार्टी के शीर्ष नेता की तरह भारत जोड़ो यात्रा में चल रहे हैं यानी वे कांग्रेस के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। इस स्थिति के मद्देनजर उन्हें भारत जोड़ो नहीं, कांग्रेस जोड़ो यात्रा करनी चाहिए। इसके लिए वे राजस्थान से पहल कर सकते हैं।

रंग बदलता अमेरिका

अमेरिका को एफ-16 विमानों के रखरखाव के लिए पैकेज देकर पाकिस्तान के साथ दरियादिली दिखाने पर भारत ने आड़े हाथों लिया तो उसे अब इस पर सफाई देनी पड़ रही है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान के लिए अमेरिकी प्रशासन द्वारा 45 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दिए जाने के फैसले पर सवाल उठाते हुए दो टूक कहा कि अमेरिका के पाकिस्तान के साथ संबंधों से दोनों में से किसी देश को कोई फायदा नहीं हुआ है। आप आतंकवाद के खिलाफ मदद की बातें कहकर किसी को मूर्ख नहीं बना सकते। हर कोई जानता है कि एफ-16 का कहां और किसके खिलाफ इस्तेमाल किया जाता है। अमेरिका को वास्तव में अब सोचना चाहिए कि पाक से संबंध का फायदा क्या है, और इससे उन्हें क्या मिल रहा है। बाइडेन

प्रशासन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान को सैन्य सहायता पर रोक लगाने के फैसले को पलटते हुए पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के वास्ते 45 करोड़ डॉलर की मदद देने की मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के फैसले पर दो हफ्ते पहले ही अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से बातचीत में चिंता जताई थी। पैकेज पर भारतीय विदेश मंत्री के सवाल उठाने पर अमेरिका को सफाई देनी पड़ रही है। बाइडेन प्रशासन ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के संबंध भारत और पाकिस्तान के साथ निहायत अलग तरह के हैं। दोनों अमेरिका के साझीदार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय का कहना था कि हम भारत और पाकिस्तान के साथ संबंधों को एक नजरिए से नहीं देखते। दोनों को सहयोगियों के तौर पर देखते हैं। भारत के साथ हमारे संबंध अपने आप में अलग हैं, और पाकिस्तान के साथ हमारा रिश्ता अलग है। अमेरिका की इस सफाई को सतर्कता से देखने की जरूरत है। बाइडेन प्रशासन ने मानो ओबामा और ट्रंप की नीतियों से बिल्कुल अलग जाने का फैसला कर लिया है। भारत को अमेरिका के बदले रुख के प्रति सतर्क हो जाना चाहिए क्योंकि अमेरिका की मदद पाक को भारत के प्रति पुरानी चालें अख्तियार करने के लिए उकसा सकती है। इससे क्षेत्रीय शांति पर गहरा असर पड़ सकता है।

प्रोफेसर के नोट्स/ दिलीप शाक्य

अनुवाद व्यथा

प्रोफेसर छोटी-छोटी पहाड़ियों और झीलों से घिरे एक सुंदर रिजॉर्ट में आयोजित अनुवाद-कार्यशाला में शिरकत कर रहे थे। देश-विदेश के विद्वान भारतीय भाषाओं में जारी अनुवाद कार्यों के सांस्कृतिक पक्ष पर चर्चारत थे। विभिन्न सत्रों के दौरान जो बात प्रमुखता से उभर कर आई थी, वह यह थी कि किसी कृति को पढ़ा किस तरह जाए? साहित्यिक कृतियों के अनुवाद पर केंद्रित सत्र में प्रोफेसर इस बात पर जोर दे रहे थे कि कृति को पढ़ने के दौरान अनुवादक को कम से कम एक बार उस स्थान विशेष का भ्रमण अवश्य करना चाहिए जिससे कृति की सामग्री संबद्ध हो।

भोजनावकाश के समय एक व्यावसायिक अनुवादक प्रोफेसर के गले पड़ गए। कहने लगे-'माफ कीजिए, आप लोगों को यह भी देखना चाहिए कि अनुवाद की दुनिया के जमीनी हालात क्या हैं? देश में पेशेवर अनुवादकों की भारी कमी है। अधिकतर प्रकाशक शौकिया अनुवादकों पर निर्भर हैं। प्रकाशकों की मनमानी भी एक समस्या है। वे अनुबंध नहीं करते। कई तो मूल प्रकाशक से अनुमति तक नहीं लेते। आदर्श बातें कहने से बेहतर है कि आप लोग सरकार को एक आधिकारिक अनुवादक-संघ बनाने का सुझाव दें ताकि अनुवादकों के लिए संभावनाएं निकलें और उनके अधिकार सुरक्षित रह सकें।' प्रोफेसर समझ रहे थे कि अनुवादक महोदय की नाराजगी बेवजह नहीं। वजह जानने के लिए उन्होंने अनुवादक से किसी अनुभव को साझा करने की गुजारिश की। ना-ना करते भी आखिर अनुवादक ने अपनी व्यथा सुना ही दी। बोले-'कुछ साल पहले की बात है। मैंने कन्नड़ से अंग्रेजी में एक उपन्यास का अनुवाद किया था। जिस एजेंसी ने मुझे वह काम दिया था, बाद में वह कहीं लापता हो गई। उपन्यास भारत विभाजन के समय का था। मुझे कवर पेज आदि के विवरण से रहित छायाप्रति दी गई थी। विषयवस्तु से सिर्फ इतना ही जान सका था कि वह पूर्वी यूरोप की किसी भाषा के लेखक की रचना थी, जो कभी कन्नड़ में अनूदित हुई होगी। बाजार दर से कुछ अधिक कीमत पर मैंने काम पूरा तो कर दिया लेकिन बाद में पता चला कि उसे एक अंग्रेजी लेखक ने अपने नाम से प्रकाशित कर उस पर दस लाख का पुरस्कार जीता है। जानकर मुझे बहुत अफसोस हुआ और हैरानी भी। तभी से मैंने तय कर लिया कि कभी बेनामी अनुवाद नहीं करूंगा।' प्रोफेसर ने अनुवादक की व्यथा अगले सत्र में रख दी।

विपक्षी एकता के किंतु-परंतु

सामयिक

राजकुमार सिंह

जैसी कि उम्मीद थी, दिवंगत चौधरी देवीलाल की 109वीं जयंती पर हरियाणा में गैर-भाजपा दलों के नेताओं के जमावड़े के साथ ही विपक्षी एकता की कोशिशें जोर पकड़ती नजर आ रही हैं। देवीलाल जयंती पर हर साल 25 सितम्बर को सम्मान दिवस समारोह आयोजित कर उसमें तीसरी धारा के राजनेताओं को बुलाने की इनेलो की परंपरा पुरानी है। कांग्रेस से राजनीति शुरू कर गैर-कांग्रेसवाद के अग्रणी नेताओं में शुमार हुए देवीलाल की खासकर 1988-89 की विपक्षी एकता में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। 1989 के लोक सभा चुनाव में जब कांग्रेस बहुमत हासिल करने से चूक गई, तब जनता पार्टी, लोकदल और जन मोर्चा सरीखे कई दलों-संगठनों के विलय से साल भर पहले ही बने, जनता दल के संसदीय दल की बैठक में नेता चुने गए देवीलाल ने नाटकीय ढंग से अपनी पगड़ी विश्वनाथ प्रताप सिंह को पहना दी थी। ताऊ देवीलाल ने खुद उनका उपप्रधानमंत्री बनना स्वीकार किया और बेटे ओमप्रकाश चौटाला को अपनी जगह हरियाणा का मुख्यमंत्री बनवा दिया। बाद में उन्हीं वीपी सिंह से देवीलाल की ठन गई। उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया गया। देश और हरियाणा में चले नाटकीय घटनाक्रम की परिणति वीपी सिंह सरकार के पतन और कांग्रेस के बाहरी समर्थन से चंद्रशेखर के नेतृत्व में नई जनता दल सरकार के गठन के रूप में हुई। सरकार वह भी लंबी नहीं चली और अंततः जनता दल भी खंड-खंड हो गया, लेकिन चौधरी चरण सिंह के निधन के बाद देवीलाल उत्तर भारत के दिग्गज गैर-कांग्रेसी और किसान नेता के रूप में स्थापित हो गए। उत्तर प्रदेश और बिहार में राज्य सरकारों के गठन में भी उनकी चली और स्थापित नेताओं के मुकाबले वे अपनी पसंद के लोगों को आगे बढ़ाने में सफल रहे।

इस जमावड़े से इनेलो को राजनीतिक लाभ मिलता रहा है, लेकिन 2018 में सम्मान दिवस समारोह में ही पार्टी के साथ-साथ परिवार भी दोफाड़ हो जाने के बाद वह अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। कभी हरियाणा में सत्तारूढ़ दल रहा इनेलो अब 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में मात्र एक विधायक वाली पार्टी है। इसके बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राकांपा प्रमुख शरद पवार, पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल और माकपा नेता सीताराम येचुरी इस साल फतेहाबाद पहुंचे तो इसका बड़ा कारण देश में नये राजनीतिक ध्रुवीकरण की कवायद भी है। केंद्र समेत देश के ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा विरोधी ध्रुवीकरण की कवायद कब और कितनी सफल होगी-यह तो



समय ही बताएगा, लेकिन नीतीश ने तथाकथित तीसरा मोर्चा बनाने की अटकलों पर यह कह कर विराम लगा दिया कि एक मुख्य गठबंधन बना कर ही 2024 में भाजपा को हराया जा सकता है। यह सच की स्वीकारोक्ति है, लेकिन क्या ऐसा कर पाना संभव होगा? ममता बनर्जी, के. चंद्रशेखर राव, चंद्रबाबू नायडू, उद्धव ठाकरे और फारूक अब्दुल्ला के फतेहाबाद रैली में न आ पाने के अपने-अपने कारण रहे होंगे, लेकिन सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस को आमंत्रित ही न किए जाने से साफ है कि सभी गैर-भाजपा दलों का एक मंच पर आना अभी दूर की कौड़ी है।

यह अलग बात है कि इनेलो की रैली के बाद नीतीश और बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक दल राजद के मुखिया लालू प्रसाद यादव ने दिल्ली में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से न सिर्फ मुलाकात की, बल्कि सभी गैर-भाजपा दलों को बुला कर चर्चा की पहल का आग्रह भी किया। लालू-नीतीश से कांग्रेस के रिश्तों के मद्देनजर यह आग्रह समझा जा सकता है, लेकिन ममता से ले कर चंद्रशेखर राव और अरविंद केजरीवाल तक विपक्षी दिग्गजों का कांग्रेस के प्रति रुख भाजपा के विरोध में सभी विपक्षी दलों की एकता पर सवालिया निशान ही लगाता है। याद कीजिए, भाजपा विरोधी विपक्षी एकता के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के देशाटन के बीच ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जब ऐलान किया कि वह अगला लोक सभा चुनाव नीतीश और हेमंत सोरेन के साथ मिल कर लड़ेंगी तो कांग्रेस की चर्चा कहीं नहीं थी। 2024 का लोक सभा चुनाव मिल कर लड़ने की सहमति इन तीनों के बीच कब बनी-नहीं पता, पर ममता के ऐलान पर अविश्वास नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए भी कि पश्चिम बंगाल-बिहार-झारखंड, पड़ोसी राज्य हैं। ममता और हेमंत के भाजपा-विरोध पर संदेह कभी नहीं रहा जबकि नीतीश दूसरी बार पाला बदल कर फिर से इस भूमिका में आए हैं।

बेशक, राजनीतिक ध्रुवीकरण से माहौल बनता-बिगड़ता है पर चुनावी राजनीति अंकगणित नहीं है कि किन्हीं दो नेताओं या दलों के साथ आते ही बाजी पलट जाए। उत्तर प्रदेश इस जमीनी यथार्थ का सबसे बड़ा उदाहरण है। वहां दशकों तक सपा-बसपा अदल-अदल कर शासन करते रहे। लेकिन पिछले लोक सभा चुनाव में दोनों मिल कर भी भाजपा का विजय रथ नहीं रोक पाए। उत्तर प्रदेश में धुर विरोधी सपा-बसपा के बीच चुनावी गठबंधन और बिहार में चिर प्रतिद्वंद्वी रहे लालू-नीतीश के बीच दो-दो बार दोस्ती बताती है कि राजनीति में कुछ भी संभव है, पर उसके वांछित परिणाम भी निकल पाएं-दावे से नहीं कहा जा सकता। फिर कुछ राज्यों में तो इन विपक्षी दलों में ही टकराव है। मसलन, पश्चिम बंगाल की सत्ता पूर्व कांग्रेसी ममता ने वाम मोर्चा ने छीनी है। यह कैसे संभव है कि भाजपा को हराने के लिए वह न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि वाम मोर्चा से भी गठबंधन कर लें? केरल में तो आज भी वाम मोर्चा और कांग्रेसनीत यूडीएफ के बीच ही चुनावी मुकाबला होता है। क्या यह आसान होगा कि लोक सभा चुनाव में ये दल भाजपा के विरुद्ध मिल कर लड़ें और फिर विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के विरुद्ध। फतेहाबाद रैली में जिस कांग्रेस को नहीं बुलाया गया, वह हरियाणा में मुख्य विपक्षी दल है।

पंजाब में पिछले दो विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के उभार से पहले चुनावी मुकाबला कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल के बीच ही होता रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को मुख्य चुनौती मानते हुए भी गैर-भाजपाई दलों के लिए अपने इन राजनीतिक विरोधाभासों से उबरना आसान तो हरगिज नहीं होगा। भाजपा विरोधी वैचारिक समानता जहां विपक्षी एकता की संभावनाओं को बल प्रदान करती है, वहीं ये जमीनी राजनीतिक विरोधाभास उसकी सीमाएं उजागर करने में देर नहीं लगाते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

> फतेहाबाद रैली में जिस कांग्रेस को नहीं बुलाया गया, वह हरियाणा में मुख्य विपक्षी दल है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को मुख्य चुनौती मानते हुए भी गैर-भाजपाई दलों के लिए अपने इन राजनीतिक विरोधाभासों से उबरना आसान तो हरगिज नहीं होगा। भाजपा विरोधी वैचारिक समानता जहां विपक्षी एकता की संभावनाओं को बल प्रदान करती है, वहीं ये जमीनी राजनीतिक विरोधाभास उसकी सीमाएं उजागर करने में देर नहीं लगाते



ट्वीट

याद रखें भूपेश बघेल नाम को, वह अंतिम व्यक्ति, जो कांग्रेस और कांग्रेस-मुक्त भारत के बीच खड़ा है।

आनंद रंगनाथ, लेखक एवं विश्लेषक
@ARanganathan72

नारी-सम्मान के प्रति संकल्पबद्धता की वेला

नवरात्र | पीयूष द्विवेदी

भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का सूक्ष्मता से अवलोकन करने पर विभिन्न संदर्भों में यह एक तथ्य समान रूप से स्पष्ट होता है कि हमारे मनीषी पूर्वजों ने भारतीय पर्वों-अनुष्ठानों के माध्यम से प्राणिमात्र के कल्याण के अनेक उद्देश्यों को साधने व उनसे संबंधित संदेश देने का प्रयास किया है। भारतीय पर्व कोई रूढ़ परंपरा नहीं हैं, अपितु इस राष्ट्र और समाज को समय-दर-समय उसके विभिन्न कर्त्तव्यों के प्रति सजग कराने वाले जीवंत संदेश हैं। नवरात्र भी इस विषय में अपवाद नहीं है।

यद्यपि कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी नवरात्र के संदर्भ में ऐसा कहते-लिखते दिख जाते हैं कि एक तरफ स्त्रियों से बलात्कार हो रहे और दूसरी तरफ कन्या-पूजन का दिखावा किया जा रहा। परंतु, इस बात के पीछे केवल लच्छेदार भाषा ही नजर आती है, कोई ठोस तर्क नहीं दिखाई देता। क्योंकि यदि आज स्त्रियों के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं, तब तो नवरात्र की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। कारण कि शक्ति की आराधना का यह उत्सव, स्त्री के सम्मान और सुरक्षा की भावना का व्यापक अर्थों में संयोजन किए हुए है।

दरअसल, भारतीय संस्कृति सदैव से नारी के सम्मान और सुरक्षा की भावना से पुष्ट रही है। हमारे पौराणिक एवं महाकाव्यात्मक इतिहास के ग्रंथों में ऐसे अनेक प्रसंग एवं उदाहरण उपस्थित हैं, जिनसे इसकी पुष्टि होती है। एक प्रमुख उदाहरण यह है कि हमारे पुराण, सृष्टि की आद्योपांत संपूर्ण व्यवस्था का संचालन करने वाले त्रिदेवों की महत्ता का प्रतिपादन करते हैं, परंतु, साथ ही यह भी बताते हैं कि अपनी शक्तियों के बिना त्रिदेव कुछ भी करने में असमर्थ हैं। इन्हीं त्रिदेवों की शक्तियां असुरों के विनाश के लिए विभिन्न रूप धारण करती हैं, और उन्हीं रूपों की पूजा का अवसर नवरात्र होता है। शक्ति के उन रूपों की कल्पना कन्याओं में की जाती है, क्योंकि भारतीय परंपरा में नारी को देवी माना गया है। इस पृष्ठभूमि के बाद क्या अलग से यह बताने की आवश्यकता रह जाती है कि भारतीय परंपरा में नारी के स्थान और सम्मान को लेकर कैसी दृष्टि रही है। हमारे देश में अनुसूया, अरुंधती, गार्गी जैसी एक से बढ़कर एक तेजस्विनी और विद्वान नारियों की भी परंपरा रही है। लेकिन प्रश्न यह है कि आज क्यों समाज में नारियों के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं? ऐसा क्या हो गया कि कन्याओं का पूजन करने वाले समाज में लड़कियों के साथ अमानवीयता की घटनाएं दिखाई-सुनाई देने लगी हैं?

विचार करें तो यह स्थिति केवल आज के काल की ही नहीं है, अपितु हर काल में बहुसंख्यक अच्छे लोगों के बीच कुछ दुष्ट तत्व भी सक्रिय रहे हैं, जो नारी को अपना शिकार बनाते रहे हैं। प्राचीन कथाओं में भी ऐसे प्रसंग मिलते हैं कि असुर किस प्रकार स्त्रियों का अपहरण कर लेते थे, उनके साथ दुष्कर्म करते थे। यहां तक कि देवी द्वारा जिन असुरों का विनाश किया गया है, वे भी देवी के प्रति ऐसी ही कुत्सित भावना रखते थे। ऐसे में आज यदि नारी के प्रति अपराध बढ़ रहा है, तो इसका हर मोर्चे पर प्रतिकार करने की आवश्यकता है। कानूनी कठोरता एक मोर्चा है, लेकिन इससे पूरी तरह से इस अपराध को रोका नहीं जा सकता। अन्य मोर्चों पर भी काम करने की आवश्यकता है।

आज आवश्यक है कि हर नारी भीतर से देवी दुर्गा बने। जो सामान्यतः तो शांत रहती हैं, और अपने भक्त जनों के प्रति मातृभाव रखती हैं, परंतु यदि कोई दुष्ट आ जाता है, तो उसका विनाश करने में भी सक्षम हैं। आज उसी प्रकार नारी को आत्मरक्षा के लिए तन और मन, दोनों से तैयार होना होगा। यह समय देवी दुर्गा को पूजने के साथ-साथ आत्मसात करने का भी है। इसके लिए आवश्यक साहस और दृढ़ता जैसे गुण तो स्त्रियों में हैं ही और जिन क्षेत्रों में भी अवसर मिला है, स्त्रियां इन गुणों को सिद्ध भी कर रही हैं परंतु, अपने दैनिक जीवन में भी हर स्त्री को ये गुण अपनाने चाहिए। यह ठीक है कि स्त्री की शृंगार-केंद्रित छवि रही है, लेकिन शृंगार के साथ-साथ उन्हें शौर्य को भी धारण करना होगा। शौर्य और शृंगार कोई विरोधी तत्व नहीं है कि एक साथ न साधे सकते हों। देवी दुर्गा का रूप शौर्य और शृंगार से समन्वित ही होता है। नारी को भी इस दिशा में बढ़ना चाहिए क्योंकि समय की मांग यही है, शक्ति की आराधना का सर्वश्रेष्ठ मार्ग भी यही है। सरकार भी स्त्रियों को आत्मरक्षा के लिए तैयार करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान आरंभ करे जिससे कि हर स्त्री के भीतर उपस्थित शक्ति को जागृत किया जा सके।

'शक्ति' के अतिरिक्त देवी का एक 'मां' का भी रूप होता है। इस रूप में नारी अपनी संतान में संस्कार के ऐसे बीज यदि रोप सकें कि संसार का हर प्राणी सम्माननीय है, तो स्त्रियों के सम्मान और सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का शायद पूर्णतः समाधान हो सकता है। ये अपेक्षाएं स्त्रियों से इसलिए हैं क्योंकि वे ही 'शक्ति' की प्रतीक हैं। उनके बिना न केवल पुरुष अपितु पूरा समाज शक्तिहीन है। अतः समाज में जो विकृतियां हैं, उनका शमन करने के लिए उनके जुटे बिना बात नहीं बनेगी। यह देश अनेक वीरांगनाओं से भरा रहा है। उनकी प्रेरणा और संकल्पों ने परिवार और समाज को समय-समय पर ऊर्जा प्रदान की है। वर्तमान समय की भी उनसे कुछ यही अपेक्षा है। रहे पुरुष तो वे इतना ही संकल्प ले लें कि नवरात्र में जिस आदर-भाव से कन्याओं का पूजन करते हैं, वो भाव वर्ष भर हर स्त्री के प्रति मन में बनाए रखेंगे। स्त्रियों बाकी सब अर्जित करने में समर्थ हैं, पुरुष केवल उन्हें सम्मान दें, इतना ही पर्याप्त होगा।

क्रोध | सद्गुरु



अगर हम क्रोध की जड़ को खंगालने का प्रयास करें तो यही सामने आता है कि बाहरी गतिविधियां ही इसका कारण हैं...इनमें से कुछ ऐसी हैं, जो किसी ना किसी रूप में हमारे विरुद्ध काम कर रही हैं। लेकिन क्या आप इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते कि जब बाहरी हालात हमारे विरुद्ध होते हैं, तो हमें अपने लिए और ज्यादा सपोर्टिव हो जाना चाहिए। लेकिन सामान्य मनुष्य इससे ठीक उलट कार्य करता है...जब हालात अनुकूल नहीं होते तो हम और ज्यादा अग्रेसिव हो जाते हैं...और ज्यादा क्रोधी हो जाते हैं...जबकि हमारा ऐसा करना भीतरी...अंदरूनी तौर पर हमें और ज्यादा परेशान करता है...हालात हमारे लिए पूरी तरह प्रतिकूल हो जाते हैं। जिस पर आप क्रोधित हुए उससे कहीं ज्यादा कष्ट आपको झेलना पड़ जाता है। जो व्यक्ति अपने ही विरुद्ध जा रहा है...क्या आप उसे समझदार इंसान कह सकते हैं? निश्चित तौर पर उसे नासमझ ही माना जाएगा...अगर आपके लिए यह एक सुखद अनुभव है, तो आप दिन-रात क्रोधित रहें...आप हमेशा गुस्सा करते रहें...किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। अगर आप इसे एंजॉय कर रहे हैं...तो ऐसा करते रहें, किसी को कोई समस्या नहीं है...लेकिन अगर यह आपके लिए ही कष्टप्रद हो जाता है, तो आप ही बताइए यह कष्ट अपने लिए किसने चुना है? आपके आसपास बहुत से ऐसे लोग हैं, तो इस कष्ट के लिए किसी अन्य को उत्तरदायी ठहराने का प्रयत्न करेंगे। ये लोग जो करना चाहते हैं, वही करते हैं। लेकिन क्या आप भी वही कर रहे हैं, जो आप चाहते हैं...यही सवाल सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। क्या आपने अपने मस्तिष्क को इस बात के लिए तैयार कर लिया है कि आप क्या करना चाहते हैं...आपने कैसे रहना है? अगर आप अंदरूनी हालात की वजह से खुद को परेशान करते हैं तो आप ही बताइए इसमें कैसी समझदारी...अब आप ही बताइए आपका गुस्सा होना, आपका क्रोध करना समझदारी की पहचान है, या आपकी नासमझी की? जब आप अपनी इस नासमझी को समझ जाएंगे तभी आपको वास्तविक रूप में सुखद अनुभव होगा। जब आप इस बात का अनुभव कर लेंगे कि आपका गुस्सा करना आपनी नासमझी की निशानी है, तो आपका क्रोध अचानक ही कुछ दिनों में गायब हो जाएगा।

रीडर्स मेल

गहलोत की विश्वसनीयता?

कांग्रेस ने सपने में भी कल्पना नहीं की होगी कि अशोक गहलोत जैसा नेता भी बदल जाएगा जिस पर वो आंख मूंद कर विश्वास कर रही थी। उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष जैसा महत्त्वपूर्ण पद सौंपने पर आमादा थी। जैसे ही हाई कमान की तरफ से एक व्यक्ति एक पद की घोषणा हुआ हुई तो तुरंत गहलोत और उनके समर्थक सक्रिय हो गए। उन्हें आभास हो गया कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाए जाने की कोशिश हो रही है, जो उन्हें एक आंख नहीं भाते और खेला शुरू हो गया। हाई कमान ने इसे अनुशासनहीनता माना। लगता है कि गहलोत के हाथ से मुख्यमंत्री पद भी जा सकता है। कांग्रेस भी अंदर ही अंदर ही इस बात से खुश होगी कि शुक्र है कि गहलोत की असलियत अध्यक्ष बनने से पहले ही पता चल गई। बाद में ये नरसिंह राव की तरह रुख बदल लेते तो कांग्रेस की मिट्टी ज्यादा पलीत होती।

चंद्र प्रकाश शर्मा, रानी बाग, दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

यदि बात विश्वास की होती है तो सर्वाधिक विश्वसनीय लिखित समाचार पत्रों और लिखित लिपियों को माना जाता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कम ही भरोसा है जनता जनार्दन का। उस पर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया नामक संगठन पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा खबर चलाना कि संघ जैसा संगठन बनना चाहता था...उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिह्न लगा देता है। सुरक्षा एजेंसियों को जिस प्रकार के लिखित दस्तावेज पॉपुलर फ्रंट के मिले हैं, उसके बाद इस तरह का समाचार देना इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को और भी शर्मसार न कर दे क्योंकि संघ के दस्तावेज देश को जोड़ने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं, पूरे भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने वाले दावे करते हैं, जिसके उलट पॉपुलर फ्रंट के दस्तावेज कट्टर सोच और भारत को तोड़ने एवं समुदाय विशेष के कट्टरपंथ से प्रभावित हैं। दोनों संगठनों की तुलना करते इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे जरूर।

मनोज, मेरठ

गुमनाम रहा जो देशभक्त

भारत की माटी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के खून से सनी है। लेकिन हम उनमें से सिर्फ कुछ वीरों के विषय में जानते हैं, जिनने हंसते-हंसते देश की खातिर अपनी बलि चढ़ा दी। लेकिन एक ऐसा गुमनाम चेहरा, जिसके बारे में हमें न तो इतिहास में पढ़ाया गया और न ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उसे याद किया गया, है बजाज ग्रुप के फाउंडर जमनालाल बजाज का। उनका जन्म 1889 में हुआ था। उन्होंने असहयोग आंदोलन के दौरान अपने घर में रखे लाखों के सामान को बीच चौराहे पर ले जाकर आग लगा दी थी। रुपये-पैसों से देश के वीर सपूतों की मदद किया करते थे। महात्मा गांधी को अपना गुरु मानते थे। एक बार उन्होंने बापू के समक्ष प्रस्ताव रखा कि वह बापू को अपने पिता के रूप में गोद लेना चाहते हैं, जिसको लेकर गांधी जी ने जमनालाल को अपनी स्वीकृति दे दी। जमनालाल के देश प्रेम को देखते हुए उन्हें कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया लेकिन सत्ता के मोह से दूर जमनालाल ने इस पद का दावेदार सुभाष चंद्र बोस को बताया। आज देश में गांधीवादी विचार रखने वाले लोगों को जमनालाल पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है।

अभिनव राज, पत्रकारिता छात्र

letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा • राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण
वर्ष-23 , अंक 241
सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अजय शर्मा द्वारा राष्ट्रीय सहारा काम्पलेक्स, पार्क रोड, गोरखपुर में मुद्रित तथा प्रकाशित।
। समूह संपादक - डॉ. विजय राय। वरिष्ठ स्थानीय संपादक -पीयूष बंका। स्थानीय संपादक-दीप्त भानु डे *।
गोरखपुर कार्यालय- पी.बी.एक्स- 0551-2202362, 63, 64, फैक्स- 0551-2202365
आर.एन.आई.सं.यू.पी.ए.आई.एन./2000/1707
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

टीबी रोगियों को स्वस्थ बनाने में मददगार बने टीबी चैम्पियन

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद के परतावल ब्लाक के 47 वर्षीय रामानंद (बदला हुआ नाम) नियमित दवा तथा पोषण युक्त खान-पान से टीबी को मात देकर अब वह टीबी चैपियन बन गए हैं । अब वह दूसरे क्षय रोगियों को स्वस्थ बनाने में मददगार बन चुके हैं। वह मरीजों को नियमित दवा खाने और चिकित्सक की सलाह के बिना दवा न छोड़ने की सलाह देते रहते हैं। साथ ही टीबी से बचने के लिए वह जन समुदाय को जागरूक भी कर रहे हैं। टीबी चैम्पियन रामानंद ने बताया कि उन्हें वर्ष 2015 में गले में कुछ दिक्कत हुई तो गोरखपुर में नाक, कान और गला के एक निजी चिकित्सक को दिखाया। कुछ दिन उनकी लिखी दवा खाया लेकिन आराम नहीं मिला। परिवार की एक सदस्य (फ्रंटलाइन वर्कर) ने उन्हें सीएचसी परतावल जाकर चिकित्सक से दिखाया। चिकित्सक ने निःशुल्क एक्स-रे कराया तथा फेफड़े की टीबी बताया। वहीं पर इलाज शुरू हुआ। दवा भी निःशुल्क मिली। छह माह तक नियमित दवा का सेवन करने के बाद वह ठीक हो गये। स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें वर्ष 2017 में टीबी चैम्पियन बना दिया। उनके द्वारा आधा दर्जन टीबी रोगियों का फॉलोअप किया गया जो ठीक भी हो चुके हैं। वर्तमान में वह एक टीबी मरीज का फालोअप कर रहे हैं। वरिष्ठ टीबी पर्यवेक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि टीबी चैम्पियन रामानंद को नियमित दवा खाते रहने, बिना चिकित्सक से पूछे अपने मन से दवा बंद नहीं करने, पौष्टिक आहार लेते रहने और पौष्टिक भोजन के साथ साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गयी थी। रामानंद ने इन सब बातों पर विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक हरिशंकर त्रिपाठी ने बताया कि दो सालों में कुल 5436 मरीजों का उपचार किया गया। निए टीबी रोगियों को ढूंढने वाले व्यक्ति को भी 500 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाती है। उन्होंने बताया कि जिन 27 केंद्रों पर बलगम जांच की सुविधा है, उनमें जिला क्षय रोग केन्द्र, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघली, परतावल, मंसूरगंज, सिसवा, निचलौल, मिठौरा, नौतनवा,लक्ष्मीपुर, अड्डा बाजार, बृजमनगंज, धानी, फरेन्दा, अर्बन हेल्थ सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनियरा, रतनपुर, बहदुरी, तथा नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरंदरपुर, कोल्हुई, बरगदवा, जहदा, लक्ष्मीपुर, श्यामदेउरवा व हरपुर महंथ शामिल हैं।

बीमारी को मात देकर हुए स्वस्थ, अब दूसरे टीबी रोगियों को कर रहे हैं प्रेरित

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / पूर्वोत्तर रेलवे / लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:– **क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2022-117, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2023 जोन सं. 14 'अ' क्षेत्रः गोरखपुर क्षेत्र 'स' (नक्शे के अनुसार)। अनुमानित लागत (₹): 48,47,268.99, अग्रिम धन (₹): 97,000/-, समापन अवधिः समयान्त 30-06-2023, **क्रम सं.-02,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2022-118, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2023 जोन सं. 14; क्षेत्रः गोरखपुर क्षेत्र 'ब' (नक्शे के अनुसार)। अनुमानित लागत (₹): 63,83,080.99, अग्रिम धन (₹): 1,27,700/-, समापन अवधिः समयान्त 30-06-2023,

(1) उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2022-117-118 के लिये ई–निविदा दिनांक 17-10-2022 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट ***www.ireps.gov.in*** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग,

मुजाधि / डब्लू–178 **लखनऊ**

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

बीच बाजार में लहराया असलहा, हड़कंप

■ निचलौल।

सहारा न्यूज ब्यूरो

स्थानीय थाना के कस्बा निचलौल में आज शाम करीब 8 बजे बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने बीच बाजार में असलहा लहरा कर सनसनी पैदा कर दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक बाइक सवार युवक लोगों को धमकाते और असलहा लहराते मौके से फरार हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी थी। बताया जाता है कि असलहाधारी बाइक सवार युवक कस्बा के दो युवकों को दौड़ाते हुए मेन मार्केट में आये। इस बीच भाग रहे कस्बा के युवक जान बचा कर छिप गये। असलहाधारी युवकों में एक ने असलहा लहरा कर कुछ दुकानदारों व घर से बाहर झांक रहे लोगों को धमका कर हट जाने को भी कहा। इस घटना से मेन मार्केट में हड़कंप मच गया। थोड़ी देर बाद पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी। दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज की सहायता से पुलिस बाइक सवार असलहाधारी युवकों की पहचान की कोशिश में लगी है। पहली बार इस तरह की वारदात से व्यापारियों में दहशत है।

अहमदपुर उर्फ हड़हवा गोसदन में अनियमितता

गायों को सूखा भूसा खिलाने का दृश्य व देखरेख के अभाव में बीमार पड़ी गायें।

बागापार (एसएनबी)। उप्र सरकार गो रक्षा के लिए जनपद में जगह जगह गो सदन खोलकर व्यापक इंतजाम कर रही है वहीं गो सदन के जिम्मेदार कर्मी लापरवाही बरत रहे हैं। परिणामतः गोसदन में मौजूद पशु दिन प्रतिदिन बीमार होते नजर आ रहे हैं। बीमारी के कारण अधिकतर पशु दम तोड़ दे रहे हैं। सदर ब्लाक के ग्राम सभा अहमदपुर उर्फ हडहवा स्थित गोसदन में गायों को खाने के लिए सूखा भूसा उसके नाद में देखने को मिला। नाद में पानी तक का दर्शन नहीं मिला जिससे अधिकतर गायें बीमार होती नजर आ रही हैं।

सदर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा अहमदपुर उर्फ हडहवा में 6 एकड़ में फैला गोसदन लापरवाही व असुविधा का शिकार है। पशुओं का समय-समय पर इलाज न करना तथा पशुओं के खान-पान की व्यवस्था सुचारू रूप से न होना उनके बीमार पड़ने का प्रमुख कारण है। 49 गायों की देखरेख के लिए 3 कर्मी नियुक्त किए गए हैं जिनमें भभूति यादव, शिवपूजन यादव व नवमी पासवान शामिल हैं। इन्हें गोसदन की जिम्मेदारिया सौंपी गई हैं। गोसदन के प्रभारी पशुओं की देखभाल के लिए इन्हें 6000 हजार रुपये प्रतिमाह देते है तथा पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू रूप से देखने के लिए गोसदन में औषधि कमरे का निर्माण किया गया है जिसमें गायों की दवा सहित पोषाहार आदि रखा गया है। गौ सदन में 49 पशुओं को सिर्फ भूसा व नाम मात्र का पोषाहार रखकर पशुओं का जीवन यापन किया जा रहा है। पशुओं को हरा चारा का आज तक दर्शन नहीं हुआ। प्रतिदिन एक से दो पशु बीमार होते दिख रहे हैं। गौ सदन मे तैनात कर्मी भभूति यादव ने पशुओं के खानपान के लिए प्रतिमाह 35 बोरी चोकर,10 बोरी पशु आहार,1 बोरी नमक,15 किलो सिमा पाउडर , 30 किलो गुड का खर्च बताया जब कि मौके पर 4 बोरी चोकर,2 बोरी पशु आहार,1 किलो गुड, 5 किलो सिमा पाउडर मौजूद मिला तथा पशुओं की बीमार अवस्था मे ठीक करने केलिए रखे दवा को देखकर हैरान हो जाना पड़ा। औषधि रुम मे रखी दवाईयो मे इस्पायर दवाईभी शामिल रही। जब डाक्टर के बारे मे पूछा गया तो वहां के कर्मी मौन हो गये और कुछ भी बताने से परहेज कर दिये। पशुओं के रख रखाव समस्या व चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रहा है जो पशुओं को देखने से स्पष्ट झलक रहा है।

आज तक पशुओं को हरा चारा नसीब नहीं

दुर्गा मां की नौ शक्तियों की आराधना से पूर्ण होती है मनोकामना

आनन्दनगर (एसएनबी)। दुर्गा की शक्तिया शैलपुत्री ब्रह्मचारिणी चन्द्रघटा, कुष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री है। जिनकी आराधना क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीया ,चौथे, पाचवें, छठवें, सातवें,आठवें तथा नौ दिन नवरात्रि में की जाती है। आचार्य विनोद त्रिपाठी बताते है कि दुर्गा सरस्वती के नवार्ण मंत्र के तीन देवता ब्रह्म,विष्णु और महेश है तथा इनकी तीन देविया है। महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती है। उन्होंने कहा कि भगौती दुर्गा की नवों शक्तियों की आराधना करने से धर्म अर्थ,काम और मोझ इन चार पुरुषार्थो की प्राप्ति होती है। नवरात्रि पर्व में देवी के नौ शक्तियों की आराधना की जाती है। सभी देविया अपने आप में शक्ति और भक्ति की भण्डार है। जगत के चतुर्दिक कल्याण व भलाई एवं अच्छाई के लिए नवरात्र पर्व पर मां कल्याणकारी रुप लेकर धरती पर आती है और जगत में पनप रही बुराई के लिए मां भगवती दुर्गा काल रात्रि,चन्द्रघंटा आदि अपने विभिन्न रुपों को धारण कर लेती है और संसार की भलाई करना शुरु कर देती है। भगवती दुर्गा के नौ शक्तियों को प्रसन्न करने के लिए पृथक-पृथक बीज मंत्र है। 'शैलपुत्रीः हीं शिवायै नमः,ब्रह्मचारिणी : हीं श्री अम्बिकायै नमः, चन्द्रघंटाः ऐं श्री शक्तायै नमः, कुष्माण्डाः ऐं हीं देव्यै नमः,स्कंदमाताः हीं क्लीं स्वमिन्यै नमः,कात्यायनीः क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः, कालरात्रिः क्लीं ऐं श्री कालिकायैः नमः महागौरीः श्री क्लीं हीं वरदायै नमः,सिद्धिदात्रीः ही क्लीं ऐं सिद्धये भगवती दुर्गा के नौ शक्तियों की विधिवत आराधना पूजन अर्चन, बन्दन, ऋषियों, योगियों, मुनियों व संतों ने हर आपत्ति विपत्ति महामारी,दैवी आपदा आदि में कर जगत का कल्याण करते चले आ रहे है।

राशन न देने का लगाया आरोप

सिन्दुरिया (एसएनबी)। विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा सिन्दुरिया में मंगलवार को राशन वितरण को लेकर जमकर हंगामा मचा। ग्रामीणों ने कोटेदार पर राशन न देने का आरोप लगाया। ग्रामीणों की शिकायत पर सिन्दुरिया पुलिस ने कोटेदार को थाने बुलाकर बैठा लिया। साथ ही मामले की जानकारी खाद्य विभाग के अधिकारियों को दी। सिन्दुरिया के ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह जब राशन लेने के लिए कोटेदार के घर पहुंचे तो वहां कुछ लोगों ने कोटेदार पर राशन न देने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना पहुंचकर लिखित तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की और शिक्षक द्वारा कोटा का राशन न वितरण का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर सिन्दुरिया प्रभारी निरीक्षक ने कोटेदार को थाने पर बुलाकर बैठा लिया। साथ ही जानकारी खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिया। पुलिस की सूचना पर खाद्य विभाग से पूर्ति निरीक्षक व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी थाने पर पहुंचकर ग्रामीणों का बयान दर्ज किये और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट जिला स्तरीय अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया जायेगा।

कार्यालय : आदर्श नगर पंचायत रामकोला जनपद-कुशीनगर (उ.प्र.)

-:: आवश्यक सूचना ::-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रामकोला के जिन व्यक्तियों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन मिलता रहा है, उनमें जिनका आधार प्रमाणिकरण अभी तक नहीं हुआ है वे लोग आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति व अपने मोबाइल के साथ नगर पंचायत कार्यालय रामकोला में जाकर तीन दिवस के अन्दर अपना आधार प्रमाणिकरण करा लें, जिससे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन की धनराशि खाते में हस्तान्तरित हो सके। नगर पंचायत द्वारा कराये गये सर्वे में कुल 104 वृद्धा पेंशन के लाभार्थी नगर परिक्षेत्र में नहीं पाये गये हैं। जिसकी सूची नगर पंचायत कार्यालय पर रक्षित है। जिसे दिनांक : 01.10.2022 तक कार्यालय में आकर अवलोकित किया जा सकता है तथा आपत्ति/ दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। दिनांक : 01.10.2022 के बाद किसी प्रकार के दावे/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उनका नाम वृद्धा पेंशन से बाहर करने के लिए सूची जनपद स्तर पर प्रेषित कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रामकोला
कुशीनगर

पत्रांक : 1569(x)/ न.पं.रा./ 2022-23 दिनांक : 27.09.2022

स्कूल से नदारद शिक्षक बदल-बदल कर बनाते हैं हाजिरी

डुमरियागंज (एसएनबी)। भनवापुर विकासखंड के एक जूनियर विद्यालय में तैनात शिक्षक अक्सर स्कूल से नदारद रहते हैं। शिक्षकों द्वारा एक दूसरे का अदल बदलकर हाजिरी बनाई जाती है। जो विभाग के लिए चुनौती है। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के पटखौली माफी गांव के रहने वाले भगीरथ ने अपने गांव में बने पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर शिक्षक के न आने का आरोप लगाया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर को अनलाइन शिकायत के माध्यम से उन्होंने कहा कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटखौली माफी में 2 अध्यापक तैनात हैं लेकिन दोनों अध्यापक 15-15 दिन पाली वाइज गायब रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत मौखिक रूप से खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर को भी की गई है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसके कारण हमको इसकी शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर को करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस समय विद्यालय में एक अध्यापक मौजूद हैं और दूसरा मौजूद नहीं है जिसका हस्ताक्षर मौजूद अध्यापक रजिस्टर में कर देते हैं। अगर मौके पर जांच की जाए तो भारी खुलासा हो सकता है। विभागीय सूत्रों की मानें तो इस विद्यालय पर तैनात शिक्षक विद्यालय से गायब रहने के लिए एक मोटी रकम भी खर्च करते हैं जो विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पान्डेय ने कहा आज मुझे जानकारी मिली है जल्दी ही मैं स्वयं स्कूल की जांच करूगा ।

कार्यालय- आदर्श नगर पंचायत सोनौली-महराजगंज

-:: पोखरी नीलामी सूचना ::-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सोनौली,महराजगंज के सीमान्तर्गत विवरणानुसार मत्स्य पालन हेतु तालाब/पोखरी/गड़ही को दस वर्षीय आवंटन किये जाने के लिये नगर पंचायत सोनौली कार्यालय में दिनांक 07.10.2022 को दोपहर 01:30 बजे शिविर का आयोजन किया जायेगा। यदि किन्ही कारणों से उक्त तिथि को नीलामी सम्पन्न नहीं हो पाती है तो पुनः दिनांक 11.10.2022 को नीलामी की कार्यवाही पूर्व निर्धारित समय एवं शर्तो के अधीन की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/समितियां उक्त तिथि व नियत स्थल पर ससमय उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क रू0 500.00 जमा कर शिविर/नीलामी में भाग ले सकते है। पट्टे की शर्तो एवं नीलामी से सम्बंधित कोई अन्य जानकारी नीलामी तिथि से पूर्व कार्यालय नगर पंचायत सोनौली महराजगंज से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

आरक्षित बोली की

क्र. सं.	ग्राम का नाम	आराजी संख्या	रकबा	आरक्षित बोली की धनराशि रुपये में (प्रति वर्ष)	जमानत धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	सुकरौली	516	0.308	7600	7600
2	जुगौली	114	0.308	7600	7600
3	कुन्सेरवा	273	0.247	6100	6100
4	कुन्सेरवा	306	0.073	1800	1800
5.	कुन्सेरवा	351	0.065	1600	1600
6.	कुन्सेरवा	555	0.105	2600	2600
7.	कुन्सेरवा	626	0.676	16700	16700
8.	त्रिलोकपुर	58	0.287	7100	7100
9.	त्रिलोकपुर	224	0.146	3600	3600
10.	त्रिलोकपुर	527	0.259	6400	6400
11.	त्रिलोकपुर	532	0.138	3400	3400
12.	नौनिया	264	0.376	9300	9300
13.	आ.स. उर्फ केवटलिया	598	0.113	2800	2800
14.	आ.स. उर्फ केवटलिया	873	0.32	7900	7900
15.	आ.स. उर्फ केवटलिया	601/974	0.146	3600	3600
16.	धौरहरा	127	0.158	3900	3900
17.	धौरहरा	183	0.186	4600	4600

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता एंव शर्तेः-

1. नीलामी प्रक्रिया में बोली की पात्रता एंव शर्ते उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2006 एवं राजस्व संहिता 2006(द्वितीय संशोधन) नियमावली 2016 राजस्व अनुभाग-1 संख्या-76/1364/एक - 2016 - 20 (8) /2016 दिनांक 20 अक्टूबर 2016 में वर्णित व्यवस्था के अनुरूप होगी।
2. ठेके की किश्त नीलामी पूर्ण होने पर उच्चतम बोली वाले ठेकेदार/मत्स्य जीवी समिति से प्रथम वर्ष की आधी धनराशि तुरन्त जमा करानी होगी। शेष आधी धनराशि का भुगतान ठेका स्वीकृति के तीन माह के अन्दर जमा करना होगा। एवं प्रत्येक वर्ष नीलामी किश्त समय सारिणी के अनुसार ठेकेदार/समिति को एक चौथाई धनराशि 15 जून एवं एक चौथाई धनराशि 15 सितम्बर तक तथा शेष आधी धनराशि 31 दिसम्बर तक जमा करनी होगी। किश्त देय की निर्धारित तिथि के पश्चात् जमा होने वाली धनराशि पर दो प्रतिशत प्रति माह व्याज किश्त के साथ जमा करना होगा। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के 31 मार्च तक किश्त न जमा करने पर ठेका समाप्त कर जलाशय का पुनः नीलाम किया जाएगा।
3. प्रत्येक दो वर्ष (पूर्ण होने के पश्चात) में क्रमिक वर्ष के ठेके के मूल्य पर 10 प्रतिशत की वृद्धि ठेकेदार/समिति द्वारा देय होगी।
4. नीलामी तिथि का पुर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा,तत्पश्चात नीलामी प्रारम्भ किया जायेगा।
5. बोली में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को प्रार्थना पत्र के साथ आय,जाति व निवास प्रमाण पत्र जो नीलामी की तिथि से छः माह के अन्दर का बना हो लगाना अति आवश्यक है।
6. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी नगर पंचायत सोनौली में निहित होगा।
7. नगर पंचायत सोनौली महराजगंज में किसी भी प्रकार का बकाया होने की दशा में कोई भी व्यक्ति बोली/नीलामी में भाग नहीं ले सकेगा।
8. बोली दाता को पोखरी का उप पट्टा या किराये पर दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित करने का अधिकार नहीं होगा।
9. बोली दाता को पोखरी/तालाब में जलकुम्भी इत्यादि की सफाई अपने निजी व्यय पर करनी होगी।
10. नीलामी प्रक्रिया में किसी भी अपराधिक फर्म/व्यक्ति द्वारा भाग नहीं लिया जा सकेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सोनौली
महराजगंज

अध्यक्ष
नगर पंचायत सोनौली
महराजगंज

पत्रांक 134 /न.पां.सोनौली/2022-23 दिनांकः 26-09-2022

कार्यालय : खण्ड विकास अधिकारी गौरीबाजार, देवरिया

-:: निविदा आपूर्ति सूचना ::-

क्षेत्र पंचायत गौरीबाजार द्वारा राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त/ मनरेगा/ आ. केन्द्र/ विधायक निधि/ सांसद निधि व क्षेत्र पंचायत के अधीन होने वाले अन्य निर्माण कार्यो के अन्तर्गत स्वीकृति तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु विद्युत सामग्री, आर.ओ., डस्टविन, फर्नीचर, सीमेंट, बालू, मोरंग व सफेद, लोकल बालू, सरिया, इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, पेंट, पालिस, पुट्टी, सोलर पैनल/ लाईट, दरवाजा, खिड़की, पल्ला, साईन बोर्ड, सेनेट्री सामग्री, टाईल्स, ह्यूम पाईप, भवन सम्बन्धित सामग्री व अन्य सामग्रियों पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता निविदा प्रकाशन के उपरान्त दिनांक : 15.10.2022 को अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दो अलग-अलग लिफाफे में जिसमें एक में एलिजिबिलिटी बिड/ टेक्निकल बिड तथा दूसरे में फाइनेन्सियल बिड हो खण्ड विकास अधिकारी, गौरीबाजार के कार्यालय में रखी हुई निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा उसी तिथि को अपराह्न 3.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उसके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उनकी उपस्थिति में पहले टेक्निकल बिड खोली जायेगी। टेण्डर पात्र पाये जाने की दशा में निविदादाता की फाइनेंसिएल बिड खोली जायेगी।

निविदा हेतु नियम एवं शर्ते :-

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर जो सबसे कम होगी उसे स्वीकृत की जायेगी।
2. आपूर्तिकर्ता का व्यापार कर विभाग व आयकर विभाग, जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। पंजीकरण की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निविदादाता आयकर देता हो तो उसे विगत तीन वर्षो का आयकर क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति खण्ड विकास अधिकारी गौरीबाजार कार्यालय के परिधि में किसी भी निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
4. जो दरे प्रस्तुत की जाय वह वेट/ जी.एस.टी. तथा कार्टेज एवं अन्य समस्त कर जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
5. सामग्री की आपूर्ति खण्ड विकास अधिकारी, गौरीबाजार के आदेश पर ही की जायेगी।
6. सामग्री की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
7. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
8. आपूर्तिकर्ता को निर्धारित दर पर आयकर देना होगा। बिल से व्यापार कर व आयकर की कटौती की जायेगी।
9. प्रमुख/ खण्ड विकास अधिकारी/ अवर अभियन्ता/ कार्यप्रभारी/ लेखाकार/ विकास खण्ड के अन्य कर्मचारियों के सगे सम्बन्धियों द्वारा टेण्डर प्रस्तुत नहीं किया जायेगा। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र 100.00 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन होने के उपरान्त किया जायेगा।
11. धरोहर की धनराशि 20,000.00 नकद या राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ.डी.आर./ एन.एस.सी./ डाकघर बचत पत्र के रूप में जो कि खण्ड विकास अधिकारी, गौरीबाजार के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने की स्थिति में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आपूर्ति आदेश के सात दिवस के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा फार्म विकास खण्ड गौरीबाजार कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, जिसका मूल्य 500.00 है। उसी प्रपत्र पर डाली गयी निविदा पर विचार किया जायेगा।
14. सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी, गौरीबाजार कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
15. किसी भी विवाद पर खण्ड विकास अधिकारी, गौरीबाजार का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा। खण्ड विकास अधिकारी के निर्णय के विपरीत किसी भी प्रकार का कोई वाद किसी अन्य न्यायालय में नहीं लाया जा सकेगा।
16. स्वीकृत निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी, गौरीबाजार के पास सुरक्षित होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
गौरीबाजार, देवरिया

पत्रांक : 779/ लेखाकार/ टेण्डर/ 2022-23 दिनांक : 27.09.2022

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना संख्या 09 / 2022

वाराणसी मण्डल पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों के स्टेशन परिसर के आउट साइड में आरक्षित / अनारक्षित रेल टिकट बिक्री हेतु "यात्री टिकट सुविधा केन्द्र" (YTSK) निजी भागीदारी (Private Participation) के आधार पर स्थापित एवं परिचालित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने के लिये अधिसूचना। भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे,वाराणसी द्वारा वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न "ए, बी, डी एवं ई" श्रेणी के कुल (28) स्टेशनों के स्टेशन परिसर के आउट साइड में 29 लोकेशनों पर आरक्षित / अनारक्षित रेल टिकट बिक्री हेतु "यात्री टिकट सुविधा केन्द्र" निजीभागीदारी के आधार पर स्थापित / परिचालित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । स्टेशनों एवं वाईटीएसके की संख्या का विवरण निम्नवत हैः-

क्र. सं.	स्टेशनों का नाम	श्रेणी	YTSK की संख्या
1.	मऊ जं.	ए	01
2.	देवरिया सदर	ए	01
3.	बेल्थरा रोड	ए	02
4.	भटनी जं.	बी	01
5.	सलेमपुर	बी	01
6.	सुरेमनपुर	बी	01
7.	गाजीपुर सिटी	बी	01
8.	कप्तानगंज	बी	01
9.	लार रोड	डी	01
10.	खड्डा	डी	01
11.	मोहम्मदाबाद	डी	01
12.	रसडा	डी	01
13.	सिसवा बाजार	डी	01
14.	सरायमीर	डी	01
15.	युसुफपुर	डी	01
16.	चौरी चौरा	डी	01
17.	जखनियां	डी	01
18.	पिपराइच	डी	01
19.	एकमा	डी	01
20.	सहतवार	डी	01
21.	पडरौना	डी	01
22.	सासामुसा	ई	01
23.	केराकत	ई	01
24.	मसरख	ई	01
25.	मढौरा	ई	01
26.	महाराजगंज	ई	01
27.	डोभी	ई	01
28.	बनकटा	ई	01

कुल स्टेशनों की संख्या 28 (अठाईस) एवं लोकेशनो की संख्या-29 (उन्नतीस)

सभी अधिकृत रेलवे टिकट एजेन्ट, जिसमे "भारतीय रेल" के रेल ट्रैवेल सर्विस एजेन्ट (RTSA), रेल ट्रैवेल सर्विस एजेन्ट (RTAs), जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक (JTBS), स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (STBA), हाल्ट एजेन्ट और आईआरसीटीसी द्वारा अधिकृत किये गये टिकट एजेण्ट भी शामिल होगे, जो न्यूनतम दो वर्षो तक कार्य कर चुके हो अथवा वर्तमान में भी कार्य कर रहे हो, इस योजना के तहत आवेदन करने हेतु योग्य / पात्र है। योजना की पूर्ण विवरणी, आवेदन पत्र, चयन मापदण्ड, आवश्यक योग्यता, नियम एवं शर्ते पूर्वोतर रेलवे के वेब साइट www.ner.indianrailways.gov.in भी देखा जा सकता है । आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने के लिये रू.1000 / –+GST= रू. 1180 / - (रूपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) मण्डल खजांची, पूर्वोतर रेलवे, वाराणसी के यहां जमा कर मूल रसीद मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) / वाराणसी के कार्यालय में दिनांक 30.09.2022 से 31.10.2022 तक समय 10.00 बजे से 13.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबसाइट www.ner. indianrailways.gov.in से डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र के साथ रू. 1000 / –+GST=रू.1180 / - (रूपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी हो, जो वित्तसलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी (F.A. & C.A.O./N.E.R), पूर्वोत्तर रेलवे, पेयेबुल ऐट वाराणसी के पक्ष में देय हो, आवेदन के साथ संलग्न किया जा सकता है। इसके अभाव में आवेदन विचारणीय नहीं होगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर आवश्यक प्रलेखो के साथ सीलबन्द लिफाफे में रजिस्ट्रर्ड डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से वाराणसी मण्डल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोतर रेलवे, लहरतारा / वाराणसी (पिन कोड-221001) के कार्यालय में दिनांक 01.11.2022 को 17.00 बजे तक अथवा इससे पहले जमा किया जा सकता है। इसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा डाक विभाग की देरी के लिये रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। आवेदन पत्र जमा करने की तिथि को किसी कारणवश यदि कार्यालय बन्द रहता है तो आवेदन पत्र अगले कार्य दिवस में जमा किया जायेगा। लिफाफे पर स्पष्ट रूप से आवेदित स्टेशन का नाम तथा "YTSK हेतु आवेदन पत्र" वर्णित होना चाहिये।

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)

मुजाधि / वाणिज्य-165 **वाराणसी**

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

अम्बानी का घर भी वक्फ बोर्ड की संपत्ति है, अगर हमारी सरकार होती तो अम्बानी का घर तुड़वा देती : अरविंद केजरीवाल

——— विष्णु वर्धन रेड्डी@SVishnuReddy

संक्षिप्त खबरें

किश्तवाड़ में अस्पताल से छह माह के बच्चे का अपहरण

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक सरकारी जिला अस्पताल से मंगलवार को कथित तौर पर छह माह के एक बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में बुर्का पहनी हुई एक महिला को अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे अस्पताल से बच्चे को ले जाते हुए देखा गया है। उन्होंने कहा कि महिला को पकड़ने और बच्चे को बचाने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है। पुलिस ने बच्चे के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति को दस हज़ार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है।

'भारत जोड़ो यात्रा' को लेकर निर्देश देने की याचिका खारिज

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें राज्य सरकार और पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि कांग्रेस पार्टी की चल रही 'भारत जोड़ो यात्रा' सड़क पर यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न ना करे। मुख्य न्यायाधीश एस मणिकुमार और न्यायमूर्ति शाजी पी चाली की पीठ ने जनहित याचिका तब खारिज कर दी, जब केरल सरकार ने कहा कि पदयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है और जहां कोई भी अवैध गतिविधि पाई गई है, वहां कार्रवाई की गई है। राज्य की दलीलों के मद्देनजर,अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता अपने आरोप को साबित करने में असमर्थ हैं कि यात्रा यातायात जाम का कारण बन रही है।

चोर होने के शक में कूड़ा बीनने वाले की हत्या

सूरत। गुजरात के सूरत शहर की एक रिहायशी सोसाइटी के सात निवासियों को कूड़ा बीनने वाले एक व्यक्ति को चोर होने के अंदेशे में पीट-पीटकर मार डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस निरीक्षक पीपी ब्रह्मभट्ट ने बताया कि घटना सूरत के अमरोली इलाके में 25 सितंबर की रात को हुई थी और सोमवार शाम को इस बाबत अमरोली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि जांच के बाद सोमवार रात को सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पीएम करेंगे कई योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 29 और 30 सितम्बर को गुजरात जाएंगे, जहां वह 29,600 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

पीएमओ ने एक बयान में बताया कि इस दौरान वह बृहस्पतिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री गुजरात के सूरत, भावनगर, अहमदाबाद और अंबाजी में 29,600 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री 29 सितम्बर को सूरत में 3,400 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें जल आपूर्ति, निकासी, ड्रीम सिटी, जैव विविधता पार्क और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा से जुड़ी विकास परियोजनाएं शामिल हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री भावनगर का दौरा करेंगे, जहां वह 5,200 करोड़ रुपए की विभिन्न विकासात्मक पहलों व परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री यहां विश्व के पहले सीएनजी टर्मिनल और ब्राउनफील्ड बंदरगाह की आधारशिला रखेंगे। बुनियादी सुविधाओं से लैस इस बंदरगाह को 4,000 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा।

इसके अलावा प्रधानमंत्री भावनगर क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का उद्घाटन भी करेंगे। कुल 100 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह केंद्र 20 एकड़ भूभाग में फैला है। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों को भी

29 व 30 सितम्बर को जाएंगे गुजरात

अहमदाबाद में 36वें राष्ट्रीय खेलों का भी उद्घाटन करेंगे

संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान वह विश्व स्तरीय स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में अहमदाबाद मेट्रो परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन और गांधीनगर व मुंबई के बीच वंदे भारत ट्रेन के नए संस्करण को हरी झंडी दिखाने सहित रेल संबंधी कुछ अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अहमदाबाद मेट्रो परियोजना के पहले चरण को पूरा करने में 12,900 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आई है। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री अंबाजी में 7,200 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें पीएम-आवास योजना के तहत 45,000 मकानों और तरंगा पहाड़ी-अंबाजी-आबू रोड के बीच रेलवे की नई बड़ी लाइन बिछाने की आधारशिला रखा जाना शामिल है। प्रधानमंत्री पालनपुर-न्यू मेहसाणा रेल खंड के बीच 62 किलोमीटर लंबे पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारे को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

पीएफआई का नेटवर्क ध्वस्त कर दिया जाएगा : ब्रजेश

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि टेरर फंडिंग पर रोक लगाने के लिए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ पूरे प्रदेश में छापेमारी की जा रही है। अभी तक पीएफआई के कई सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। श्री पाठक यहां मंगलवार को पीएफआई के खिलाफ छापेमारी पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम पूरे प्रदेश में पीएफआई के नेटवर्क को ध्वस्त कर देंगे। प्रदेश में कोई भी गैर कानूनी गतिविधि नहीं होने देंगे। निगरानी बढ़ा दी गई है। लगातार छापेमारी हो रही है। पीएफआई का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा।

मप्र : गरबा पंडालों में पहचान पत्र की जांच के बाद मिलेगा प्रवेश

भोपाल (भाषा)। मध्य प्रदेश सरकार ने गरबा आयोजकों को 'गरबा नृत्य पंडालों' में प्रवेश की अनुमति देने से पहले लोगों के पहचान पत्रों की जांच करने के लिए कहा है। इसके कुछ दिन पहले प्रदेश की संस्कृति मंत्री ने दावा किया था कि इस तरह के इवेंट 'लव जिहाद' का जरिया बन गए हैं।

मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, 'मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्रि हमारी आस्था का केंद्र है। इस तरह के पवित्र अवसर पर शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए आयोजकों को निर्देश दिया गया है कि वे पहचान पत्र की जांच के बाद ही लोगों को गरबा कार्यक्रमों में प्रवेश दें।' उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर पर कोई अप्रिय स्थिति न हो इसलिए लोगों के पहचान पत्रों की जांच होनी चाहिए, हर कोई देवी की पूजा करने आ सकता है।

इससे पहले आठ सितम्बर को मध्यप्रदेश की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने सुझाव दिया था कि 'लव जिहाद' को रोकने

गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गरबा आयोजकों को दिए निर्देश

के लिए नवरात्रि उत्सव के दौरान प्रदेश में गरबा नृत्य स्थलों पर प्रवेश की अनुमति पहचान पत्रों की जांच के बाद ही दी जानी चाहिए। ठाकुर ने कहा था कि अब गरबा आयोजक सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि गरबा में आने वालों को पहचान पत्र लाना होगा और सभी के लिए यह एक सलाह है कि बिना पहचान पत्र के किसी को भी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि गरबा 'लव जिहाद' का जरिया बन गया था।

हिंदू दक्षिणपंथी नेताओं ने अतीत में दावा किया कि देश में लव जिहाद की साजिश चल रही है, जिसमें हिंदू लड़कियों को अल्पसंख्यक समुदाय के पुरुषों द्वारा बहकाया जाता था और शादी के लिए मजबूर किया जाता था। इससे पहले भी ठाकुर गरबा स्थलों पर गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग कर चुकी हैं।

पुरस्कारों की संख्या घटाएं विज्ञान और स्वास्थ्य विभाग

नई दिल्ली (भाषा)। गृह मंत्रालय ने आठ विज्ञान और स्वास्थ्य विभागों को उनके द्वारा दिए जाने वाले 300 से अधिक पुरस्कारों की संख्या घटाने और वास्तविक हकदार उम्मीदवारों के लिए 'उच्च स्तर' का पुरस्कार शुरू करने को कहा है।

विज्ञान और स्वास्थ्य विभागों के सचिवों के साथ एक बैठक में गृह सचिव अजय भल्ला ने सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के साथ परामर्श से वैज्ञानिकों के लिए नोबेल पुरस्कार जैसा एक पुरस्कार -विज्ञान रत्न- शुरू करने का भी सुझाव दिया। यह कवायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के बाद की गई है। उन्होंने पुरस्कारों के लिए चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं वस्तुनिष्ठता लाने पर जोर देते हुए विश्वसनीयता बनाने के उद्देश्य से पुरस्कारों के पूरे प्रारूप में परिवर्तन करने का निर्देश दिया था। गृह सचिव ने वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) को शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार जारी रखने, लेकिन मासिक मानदेय नियमों में बदलाव कर उसकी सीमा 15 साल तय करने को कहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग वर्तमान में 200 से अधिक पुरस्कार प्रदान करता है। विभाग को सभी निजी वृत्ति/व्याख्यान/छात्रवृत्ति/फेलोशिप और आंतरिक पुरस्कार बंद करने को कहा गया है। उसे उपयुक्त मानदेय के साथ छात्रवृत्ति/फेलोशिप के लिए एक नई योजना शुरू करने को कहा गया है। मई में, गृह सचिव ने सभी मंत्रालयों को उनके द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों की संख्या को युक्तिसंगत बनाने को कहा था। स्वास्थ्य विभाग को 'फ्लोरेंस नाइटेंगल नर्सेज अवार्ड्स' को युक्तिसंगत बनाने को कहा गया है, जो हर साल 51 नर्स को दिया जाता है। साथ ही, नेशनल मेडिकल काउंसिल द्वारा दिए जाने वाले तीन पुरस्कारों को नया रूप देने और एक बहुत उच्च दर्जे का नया पुरस्कार शुरू करने को कहा गया है। गृह सचिव ने स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग से 37 पुरस्कारों को रद्द करने और 'कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज (सीएनएमसी) शॉर्ट टर्म स्टूडेंटशिप एक्सीलेंस अवार्ड' को शोध अनुदान में तब्दील करने को कहा है।

गृह सचिव ने कहा, इसके बजाय वास्तविक हकदार उम्मीदवारों के लिए 'उच्च स्तर' का पुरस्कार शुरू करें

जबरन वसूली मामले में कारोबारी रियाज भाटी गिरफ्तार

मुंबई (भाषा)। मुंबई पुलिस के जबरन वसूली रोधी प्रकोष्ठ (एईसी) ने जबरन वसूली के एक मामले में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से कथित तौर पर संबंध रखने वाले कारोबारी रियाज भाटी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि एईसी ने सोमवार को उपनगर अंधेरी से भाटी को पकड़ा और उसके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए। वह मुंबई के वर्सोवा थाने में दर्ज जबरन वसूली के मामले में वांछित था। एक अधिकारी के मुताबिक दाऊद इब्राहिम के करीबी छोटा शकील के रिश्तेदार भाटी और मोहम्मद सलीम इकबाल कुरैशी उर्फ सलीम फ्रूट ने कथित तौर पर वर्सोवा के एक कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि भाटी और सलीम फ्रूट ने कारोबारी से कथित तौर पर 30 लाख रुपये मूल्य की एक कार और 7.5 लाख रुपये नकदी वसूली थी। अधिकारी ने बताया कि एईसी कार्यालय में पूछताछ के बाद सोमवार को भाटी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी में सलीम फ्रूट का भी नाम है। इससे पहले भाटी को जबरन वसूली, जमीन हड़पने और गोलीबारी समेत कई मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है।

हरियाणा में बाल विवाह हुआ पूरी तरह निषेध

■ नई दिल्ली (भाषा)।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बाल विवाह को पूरी तरह निषेध करने वाले हरियाणा के कानून को अपनी मंजूरी दे दी। इस तरह 15 से 18 वर्ष की आयु के लड़का तथा लड़की के बीच वैवाहिक संबंध पूर्ण रूप से अवैध माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद बाल विवाह प्रतिषेध (हरियाणा संशोधन) विधेयक 2020 लाया गया था।

शीर्ष अदालत ने घोषित किया था कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 2012, एक विशेष कानून होने के नाते, भारतीय दंड संहिता, 1860 और 15 से 18 वर्ष की आयु की नाबालिग पत्नी के साथ यौन संबंध पर लागू होता है। इसने कहा था कि भादंसं की धारा 375 का प्रचलित अपवाद-2 मनमाना और संविधान का उल्लंघन है। तदनुसार, शीर्ष अदालत ने भारतीय दंड संहिता

राष्ट्रपति ने राज्य सरकार के कानून को दी मंजूरी

की धारा 375 के मौजूदा अपवाद-2 को अमान्य कर दिया, जिसके तहत 15 से 18 वर्ष की आयु के पुरुष और उसकी पत्नी के बीच यौन संबंध धारा 375 के तहत परिभाषित बलात्कार के अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। पॉक्सो अधिनियम की धारा-6 के प्रावधान के तहत यह बलात्कार की परिभाषा के अंतर्गत आता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सभी राज्य विधायिकाओं के लिए यह बुद्धिमानी होगी कि वे बाल विवाह को 'शून्य' (पूर्ण निषेध) बनाने के लिए कर्नाटक के मार्ग को अपनाएं और यह सुनिश्चित करें कि किसी नाबालिग लड़की और उसके पति के बीच यौन संबंध पॉक्सो अधिनियम और भादंसं के तहत एक दंडनीय अपराध हो। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, तदनुसार, बाल विवाह प्रतिषेध (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2020 लाया गया था और कानून को अब राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हो गई है। इसके बाद, राज्य में बाल विवाह अब पूरी तरह निषेध होगा और नाबालिगों की शादी को उनके बालिग होने पर भी अदालत से मान्यता नहीं मिलेगी। राष्ट्रपति ने जाली दस्तावेजों और प्रतिरूपण के पंजीकरण को रोकने तथा जाली दस्तावेजों के आधार पर किए गए पंजीकरण को रद्द करने के लिए पंजीकरण अधिनियम, 1908 में और संशोधन करने के लिए पंजीकरण (तमिलनाडु संशोधन) विधेयक, 2021 को भी अपनी मंजूरी दे दी है।

पहला दिन : आठ लाख लोगों ने देखी SC की सुनवाई

■ विवेक वार्ष्णेय

नई दिल्ली। एसएनबी

दुनिया की सबसे ताकतवर अदालतों में शुमार भारत की सुप्रीम कोर्ट ने लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए अपने आप को पारदर्शी बना दिया। फिल्मों में अदालत के दिखाए जाने वाले काल्पनिक दृश्यों से हटकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के साक्षात दर्शन हुए। तीन संविधान पीठ अलग अलग कोर्ट रूम में सुनवाई कर रही थी। संविधान पीठ के जजों के साथ-साथ बहस करने वाले देश के नामी-गरामी वकीलों को भी अहसास था कि सीधे प्रसारण के जरिए लोग सुनवाई देख रहे हैं।

बंद कमरों में 72 साल से चली आ रही सुनवाई की परंपरा अब खत्म हो गई। सीधे प्रसारण की सुप्रीम कोर्ट की पहल को देशभर में सराहा गया। नामी वकीलों की बहस को देशभर के लोगों ने बहुत दिलचस्पी से सुना। एक अनुमान के अनुसार, लाइव स्ट्रीमिंग के पहले दिन आठ लाख से अधिक लोगों ने तीनों संविधान पीठ की सुनवाई देखी।

सुबह साढ़े दस बजे तीनों संविधान पीठों में सुनवाई शुरू हुई। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अगुवाई में पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को दस फीसद आरक्षण देने के मोदी सरकार के फैसले को चुनती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। कई वकीलों ने अपने तर्क रखे। लेकिन कोर्ट नंबर-दो में जस्टिस धनंजय चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने पहले दिन की लाइव स्ट्रीमिंग सबसे अधिक आकर्षण पैदा किया। शिवसेना के दो धड़ों की लड़ाई में देश के नामी वकील मोटी-मोटी कानूनी किताबों के साथ अपना तर्क प्रस्तुत कर रहे थे। कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, महेश जेठमलानी, नीरज किशन, तुषार मेहता ने अपने-अपने मुवक्किलों की ओर से जोरदार बहस की।

■ सुप्रीम कोर्ट ने लाइव स्ट्रीमिंग कर खुद को बनाया पारदर्शी

■ नामी वकीलों की बहस ने देश को किया प्रभावित

अलीगढ़ की जिला अदालत में पिछले लगभग 30 साल से वकालत करने वाले संजीव नारायण सक्सेना ने लाइव स्ट्रीमिंग पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वरिष्ठ वकीलों के कानूनी दांव-पेंच और कानून की बारीकियों पर उनकी पकड़ ने वाकई प्रभावित किया। सक्सेना ने कहा, कपिल सिब्बल की गिनती देश के सबसे महंगे वकीलों में होती है। उन्हें सुनकर पता चला कि वह वकालत के शिखर पर क्यों हैं।

गहलोत गुट के जोशी, धारीवाल, राठौर पर होगा एक्शन!

■ कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने सोनिया को रिपोर्ट सौंपकर तीनों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की

■ विधायक दल की बैठक के समानांतर अलग बैठक बुलाए जाने को 'घोर अनुशासनहीनता' बताया

महेश जोशी

शांति धारीवाल

धर्मेंद्र राठौर

नई दिल्ली। कांग्रेस की राजस्थान इकाई में संकट को लेकर पार्टी के पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में कहा है कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक के समानांतर विधायकों की अलग बैठक बुलाया जाना 'घोर अनुशासनहीनता' है। इसके लिए मुख्य सचेतक महेश जोशी समेत तीन नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

सूत्रों ने बताया, जोशी के अलावा कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल और विधायक धर्मेंद राठौर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है। ये तीनों नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी माने जाते हैं। पर्यवेक्षकों की इस रिपोर्ट में मुख्यमंत्री गहलोत का सीधे तौर पर कोई हवाला नहीं दिया गया है। सोनिया गांधी ने सोमवार को दोनों पर्यवेक्षकों मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन से लिखित रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था। जयपुर में विधायक दल की बैठक नहीं हो पाने और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक विधायकों के वस्तुतः बागी रुख अपनाने के बाद खड़गे और माकन सोमवार को दिल्ली लौटे थे तथा कांग्रेस अध्यक्ष के आवास 10 जनपथ पहुंचकर सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी बैठक में मौजूद थे। सोनिया गांधी के साथ डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के बाद माकन ने कहा था कि जयपुर में रविवार शाम विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सहमति से बुलाई गई थी। माकन ने कहा था, मैंने और खड़गे जी ने राजस्थान के घटनाक्रमों के बारे में सोनिया जी को विस्तार से बताया। राजस्थान में कांग्रेस विधायक दल की बैठक रविवार शाम को मुख्यमंत्री आवास पर होनी थी, लेकिन गहलोत के वफादार कई विधायक बैठक में नहीं आए। उन्होंने संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल के बंगले पर बैठक की और फिर वहां से त्यागपत्र देने चले गए थे।

रबीउल अव्वल का चांद दिखा, ईद मीलादुन्नबी 9 को

लखनऊ (एसएनबी)। मरकजी चांद कमेटी फरंगी महल के अध्यक्ष व शहरकाजी मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, इदारा-ए-शरीया हनफिया निजामिया फिरंगी महल टकसाल के अध्यक्ष व शहरकाजी मौलाना अबुल इरफान मियां फिरंगी महली और मरकजी शिया मून कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने घोषणा की है कि आज मंगलवार को इस्लामी माह 'रबीउल अव्वल' का चांद दिख गया है। इसके मुताबिक रबीउल अव्वल की पहली तारीख कल 28 सितम्बर को होगी।

दरगाह हजरत शाहमीना शाह के सज्जादानशीन व मुतवल्ली पीरजादा शेख राशिद अली मीनाई ने बताया कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद (स.स.) की यौमे पैदाइश के सिलसिले में कल बुधवार से 12 दिन तक रोजाना सायं 6.15 बजे से 8 बजे तक दरगाह में जश्न-ए-ईदमीलादुन्नबी होगा। मरकजी शिया मून कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि चुप ताजिये का जुलूस 5 अक्टूबर को निकलेगा व 6 अक्टूबर को ईदे जहरा मनाई जाएगी। इसी के साथ दो महीने 8 दिन से चल रहा कर्बला के शहीदों के गम का दौर पूरा होगा। सुन्नी समुदाय के लोग 9 अक्टूबर को पैगम्बर हजरत मोहम्मद (स.अ.) की यौमे पैदाइश मनाएंगे। इस दिन अमीनाबाद झंडे वाला पार्क से 'जुलूस-ए-मदहे सहाबा' और दरगाह हजरत शाहमीना शाह से 'जुलूस-ए-मोहम्मदी' निकाला जाएगा। यौमे पैदाइश की पूर्व संध्या पर यानी 8 अक्टूबर की रात भर जगह-जगह जलसे होंगे।

अपहरण के मामले में अतीक पर आरोप तय

प्रयागराज (एसएनबी)। जिला न्यायालय ने मंगलवार को दो वर्ष पूर्व अपहरण कर भूमि का बैनामा किए जाने के मामले में पूर्व सांसद अतीक के खिलाफ आरोप तय कर दिया। मामले में विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ल की कोर्ट सुनवाई कर रही है। इसके पहले पूर्व सांसद अतीक ने 23 सितंबर 2022 को इस मामले में स्वयं वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपनी बहस की थी। इसके बाद उनके अधिवक्ताओं की ओर से डिस्चार्ज (उन्मोचन) अर्जी की बहस अदालत के समक्ष दाखिल की गई।

अदालत ने उनकी अर्जी को खारिज कर दिया था। अतीक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए अदालत ने उन पर आरोप तय किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता सुशील वैश्य ने सरकार का पक्ष रखा। मोहम्मद जैद ने अतीक अहमद पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने 15-16 लोगों को भेजकर उसका धूमनगंज थानान्तर्गत इलाके से अपहरण कराया। उसे देवरिया जेल में बंद अतीक अहमद के पास ले जाया गया। इस दौरान उसकी सोने की ब्रेसलेट और 80 हजार रुपये छीन लिए। जेल में अतीक अहमद ने उसे विश्रापूरी वाली भूमि का बैनामा करने को कहा। मना किया तो उसे जेल में ही मारा पीटा। प्रार्थी ने इसकी रिपोर्ट धूमनगंज थाने में 22 नवंबर 2018 को दर्ज कराई थी।

जेलों में डाक्टरों व अन्य स्टाफ के खाली पदों को तय समय सीमा में भरें

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

प्रयागराज।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को जेलों में डाक्टरों, अन्य स्टाफ के खाली पदों को समयबद्ध योजना के तहत भरने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि सरकार कैदियों की चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने व उन्हें न्यूनतम मजदूरी का पारिश्रमिक देने पर विचार करे। कोर्ट में हाजिर वित्त सचिव को हाईकोर्ट के प्रस्ताव की फाइल पर चिड़िया बैठाकर न बैठने की नसीहत दी और कहा कि प्रस्तावों पर यथाशीघ्र मंजूरी दी जाय। कोर्ट ने 10 नवंबर को दोनों अधिकारियों वित्त सचिव व आईजी कारागार को कार्ययोजना के साथ दुबारा हाजिर रहने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने जेलों की दशा व सजायाफ्ता कैदियों की समय पूर्व रिहाई की सरकारी नीति को लेकर दाखिल हलफनामे को संतोषजनक नहीं माना और कहा कि जो बातें बताई गई है,मौके के निरीक्षण के समय उनका नामोनिशान नहीं मिलता। कोर्ट ने आईजी कारागार की भी खिचाई की। जेलों में क्षमता से अधिक कैदी और 80 साल के वृद्ध कैदी की रिहाई न करने तथा जेल अपीलें दाखिल करने में वर्षों की देरी करने पर कार्रवाई की जाय। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर की खंडपीठ ने लंबे समय से जेल में बंद कैदियों की समय पूर्व रिहाई व जेलों की दशा सुधारने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए दिया है।

महाधिवक्ता अजय मिश्र ने कोर्ट के समय पूर्व रिहाई के 26 जुलाई 2022 के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट के साथ हलफनामा दाखिल किया। यह भी बताया कि प्रदेश में 3400 अपीलें विचाराधीन है। अन्य व्योरा नहीं होने पर कोर्ट ने असंतोष जताया। यह भी बताया कि 2018 से 653 कैदियो को पेरोल मिली है। सरकार ने माना जेलों की क्षमता से अधिक कैदी है। इसकी प्रक्रिया पूछने पर आईजी कारागार ने बताया पुलिस व जिलाधिकारी की रिपोर्ट पर रिहाई की जाती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि कैदियों के घर न जाकर आफिस में कागजी कार्रवाई की जाती है। कैदियों को परिवार से मिलने का अधिकार है। यदि 15 साल बाद कैदी घर जायेगा तो उसे कोई पहचान ही नहीं सकेगा। साल में एक बार पेरोल पर रिहा किया जाना चाहिए।



जेलों में बंद कैदियों की चिकित्सा सुविधा बढ़ाने व न्यूनतम मजदूरी देने पर विचार करने के निर्देश

कोर्ट ने 10 नवंबर को वित्त सचिव व आईजी कारागार को कार्ययोजना के साथ दुबारा हाजिर रहने को कहा

कोर्ट ने जेलों की दशा व सजायाफ्ता कैदियों की समय पूर्व रिहाई की सरकारी नीति को लेकर दाखिल हलफनामे को संतोषजनक नहीं माना

सरकार ने माना जेलों की क्षमता से अधिक कैदी

कैदियों को परिवार से मिलने का अधिकार

साल में एक बार पेरोल पर रिहा किया जाना चाहिए

कोर्ट ने कहा जेल अथारिटी को स्वयं भी रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए। बहुत से कैदी सजा से अधिक समय तक जेलों में बंद है। कोई सुधि लेने वाला नहीं हैं। कोर्ट ने जेल के मेडिकल स्टाफ के खाली पदों को भरने पर बल देते हुए कहा कि लंबरदार ही जेल व्यवस्था चला रहे है। कोर्ट ने कहा एक लाख, अट्ठारह हजार, छह सौ सत्तर कैदी जेलों में है। जिसमें से 70 फीसदी विचाराधीन कैदी है। कोर्ट ने वित्त सचिव से पूछा फाइलों पर विभाग क्यों बैठा रहता है। क्या दिक्कत है। अधीनस्थ अदालतों में स्टाफ की कमी पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों से काम लेने की फाइल दबाये बैठे है। सचिव ने इस पर फाइल देखकर कार्रवाई का कोर्ट को आश्वासन दिया।

कोर्ट ने हाईकोर्ट में एक जज पर चार पीए, पीएस के प्रस्ताव पर वित्त विभाग से जरूरत पूछने पर नाराजगी जताई और कहा कि सरकार नहीं हम तय करेंगे कि कितने स्टाफ की जरूरत है। कोर्ट ने कैदियों को काम के बदले काफी कम पारिश्रमिक देने पर भी सवाल उठाए। कहा तय न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जाती। मजदूरी बढ़नी चाहिए। जेल की दशा पर बनी कमेटी 2011के बाद बैठ नहीं सकी। कोर्ट ने कहा हलफनामा काबिले तारीफ किंतु सच्चाई से बहुत दूर है। कहा जेल में कंबल, चादर,सिलाई कढ़ाई,कारपेंटरी का काम होता है किन्तु निरीक्षण के समय दिखाई नहीं देता। जेल में खाने की क्वालिटी ठीक नहीं है। अमानवीय स्थिति है।

महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश में 252 एनजीओ जेलों में काम कर रहे है। कोर्ट ने टेलीमेडिसिन सिस्टम अपनाने पर जोर दिया। कहा जेल में ही इलाज की व्यवस्था हो। कोर्ट ने कहा 31 में से 29 एक्सरे टेक्नीशियन के पद खाली है। कोर्ट ने कई जेलों की दुर्दशा का हवाला दिया। कहा क्षमता से अधिक कैदी हैं। याचिका की सुनवाई 10 नवंबर को होगी। उस दिन भी अधिकारियों को हाजिर होने का निर्देश दिया है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की अनुशंसा

नई दिल्ली (भाषा)। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है।

शीर्ष न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान के अनुसार सोमवार को प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता में कॉलेजियम की बैठक हुई। बयान में कहा गया है, 'उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 26 सितम्बर, 2022 को हुई अपनी बैठक में बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की अनुशंसा की है।'

अनुसूचित जाति के हिंदू युवक को जबरन बनाया मुसलमान। खतना कराकर खिलाया गौ मांस। पीड़ित श्रीधर गंगाधर ने पुलिस में 12 इस्लामिक मतांतरणकारियों के विरुद्ध दर्ज कराया मामला। घटना कर्नाटक के हुबली की है।

——— शिवम दीक्षित@ShivamdixitInd.

किशिदा स्वतंत्र हिन्द प्रशांत के लिए चाहते हैं मोदी का साथ

टोक्यो (भाषा)।

जापानी प्रधानमंत्री ने की नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक

जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सामरिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की रणनीतिक विरासत की नींव पर 'स्वतंत्र और मुक्त हिन्द-प्रशांत' को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर काम करते रहने की मंगलवार को इच्छा जताई है।

प्रधानमंत्री किशिदा ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में उक्त टिप्पणी की। जापान के दक्षिणी हिस्से में स्थित नारा शहर में भाषण के दौरान आठ जुलाई को 67 वर्षीय आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री आबे की कूटनीतिक विरासत की नींव पर 'स्वतंत्र और मुक्त हिन्द-प्रशात' क्षेत्र को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ मिलकर काम करते रहने की प्रधानमंत्री किशिदा ने अपनी मंशा जाहिर की। इस साल जापान-भारत के बीच कूटनीतिक संबंधों के स्थापना की 70वीं वर्ष गांठ है और इसी साल जापान तथा भारत क्रमशः जी-7 और जी-20 की अध्यक्षता संभाल रहे हैं, ऐसे में यह समय 'जापान-भारत विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' को और मजबूत बनाने का बेहतरीन अवसर दे रहा है।

दोनों नेताओं ने यूक्रेन के हालात सहित विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के साझा महत्व को दोहराया। उन्होंने गरीब देशों के विकास के लिए 'पारदर्शी और तुलनीय विकास वित्त' के महत्व को रेखांकित किया। यह परोक्ष रूप से चीन के 'कर्ज के चंगुल में फंसाने वाले लोकतंत्र' के संदर्भ में है, जो कथित रूप से उससे कर्ज लेने वाले देशों का फायदा उठाता है। बयान में कहा गया है कि मोदी और किशिदा, जापान और भारत द्वारा क्रमशः जी-7 और जी-20 की अध्यक्षता संभालने जाने के बाद साथ मिलकर काम करने पर राजी हुए।

विदेश मंत्रालय ने कहा, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लक्ष्य से दोनों नेताओं के बीच सकारात्मक बातचीत हुई। उन्होंने कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-जापान साझेदारी को मजबूत बनाने और स्वतंत्र, मुक्त तथा समावेशी हिन्द-प्रशांत क्षेत्र का विचार देने में आबे के योगदानों को रेखांकिम किया। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया (क्वाड), चार देशों का एक समूह हैं। क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य और आर्थिक प्रभाव की पृष्ठभूमि में ये चारों देशों रक्षा और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ा रहे हैं। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर हामी भरी। किशिदा मार्च में वार्षिक सम्मेलन के लिए भारत आए थे, जबकि मोदी क्वाड नेताओं के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मई में जापान गए थे।

यूएन में स्थाई सदस्यता के लिए भारत-जापान का समर्थन करेगा श्रीलंका : विक्रमसिंघे

कोलंबो (भाषा)। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत-जापान के प्रयास का समर्थन करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति विक्रमसिंघे फिलहाल जापान में हैं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी से मंगलवार को एक मुलाकात के दौरान विक्रमसिंघे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका को जापान की ओर से मुहैया कराये गये समर्थन की सराहना की। विज्ञप्ति के मुताबिक विक्रमसिंघे ने कहा कि उनकी सरकार संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने के लिये चलाए गए दोनों देशों (भारत-जापान) के अभियान का समर्थन करने की इच्छुक है। सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षो से चलाए जा रहे प्रयास को लेकर भारत काफी सक्रिय रहा है। भारत का कहना है कि वह सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है और सुरक्षा परिषद का मौजूदा प्रारूप 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकता को नहीं दर्शाता।

240 सिख तीर्थयात्रियों का जत्था जाएगा पाक

साका पंजा साहिब के शताब्दी समारोह में होगा शमिल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। 240 सिख तीर्थयात्रियों का एक समूह साका पंजा साहिब शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए 28 अक्टूबर को पाकिस्तान का दौरा करेगा। कार्यक्रम का आयोजन रावलपिंडी से करीब 45 किलोमीटर दूर हसन अब्दाल स्थित गुरुद्वारा पंजा साहिब में होगा।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने मंगलवार को कहा कि तीर्थयात्री 28 अक्टूबर को अटारी-वाघा सीमा चौकी से पाकिस्तान पहुंचेंगे और दो नवम्बर को अमृतसर लौटेंगे। वे पाकिस्तान में अन्य ऐतिहासिक सिख तीर्थस्थलों का भी दौरा करेंगे, जिसमें गुरुद्वारा पंजा साहिब और ननकाना साहिब के साथ-साथ लाहौर भी शामिल हैं। कालका ने कहा कि 240 तीर्थयात्रियों में से 40 को डीएसजीएमसी द्वारा भेजा जा रहा है।

साका पंजा साहिब कार्यक्रम 30 अक्टूबर 1922 को शुरू किया गया था। इसमें सिख कैदियों को लंगर (सामुदायिक भोजन) प्रदान किया गया था लेकिन उन्हें अमृतसर में शांतिपूर्ण विरोध के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। लगभग 200 सिखों ने सिख कैदियों को भोजन देने के लिए एक ट्रेन को जबरन रोका। बताया जाता है कि अधिकारियों ने स्टेशन पर ट्रेन को रोकने से इनकार कर दिया था। उनमें से कुछ इस घटना में शहीद हो गए, क्योंकि वे ट्रेन को रोकने के लिए ट्रैक पर लेट गए थे। उन्हें शहीदों के रूप में सम्मानित किया गया था। 1947 के विभाजन तक, हर साल 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक पाहजा साहिब में उनकी याद में तीन दिवसीय धार्मिक मेला आयोजित किया जाता था। कालका ने कहा कि सभी तीर्थयात्रियों को कोविड -19 के खिलाफ वैक्सीन की दोनों डोज लगी होनी चाहिए। पाकिस्तान रवाना होने से तीर्थयात्रियों को 72 घंटे पहले एक टेस्ट से गुजरना होगा। इसके अलावा, आरटीपीसीआर रिपोर्ट अनिवार्य है और अटारी-वाघा सीमा में संयुक्त चेकपोस्ट पर आगमन पर एक और आएटी टेस्ट किया जाएगा। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान सरकार द्वारा आवास की व्यवस्था की जाएगी और इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टीज बोर्ड (ईटीपीबी) के कर्मचारी सभी गुरुद्वारों में कमरा नंबर जारी करेंगे।

कालका ने कहा कि डीएसजीएमसी रकाब गंज साहिब में अपने कार्यालय में तीर्थयात्रियों के लिए एक विशेष कोविड -19 परीक्षण शिविर आयोजित करेगा, जिसकी तारीखों का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

टोक्यो : जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

नरेंद्र मोदी ने शिंजो आबे को दी श्रद्धांजलि

टोक्यो (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में मंगलवार को उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत-जापान की दोस्ती पर यकीन करने वाले शिंजो आबे एक महान नेता और एक असाधारण इंसान थे।

आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों और सरकारों के प्रमुखों सहित 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार सुबह ही टोक्यो पहुंचे थे। मोदी ने निप्पॉन बुडोकन हॉल में पुष्प अर्पित कर आबे को श्रद्धांजलि दी।

विदेश मंत्रालय ने एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निप्पॉन बुडोकन हॉल में राजकीय अंतिम संस्कार में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को श्रद्धांजलि दी।' इससे पूर्व विदेश मंत्रालय ने भारत-जापान साझेदारी को आगे बढ़ाने में उनके अपार योगदान को याद करते हुए ट्वीट किया, 'एक महान दूरदर्शी को श्रद्धांजलि।' जापान की समाचार एजेंसी 'क्योदो' की खबर के अनुसार, मोदी के अलावा अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक सहित 700 से अधिक विश्व नेता आबे को श्रद्धांजलि देने टोक्यो पहुंचे हैं।

आबे की पत्नी से मिले मोदी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जापान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से यहां अकासाका पैलेस में मुलाकात की और इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया, 'राजकीय अंतिम संस्कार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आबे की पत्नी अकी आबे से अकासाका पैलेस में मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने आबे से जुड़ी प्रिय यादों को याद किया और अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना व्यक्त की।'

विवादों के बीच आबे का अंतिम संस्कार

टोक्यो (एपी)।

सरकारी कोष से आबे के अंतिम संस्कार को लेकर लोगों की राय बंटी थी

विश्व नेताओं सहित 4,300 लोग कार्यक्रम में हुए शमिल

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार को लेकर देश में जारी विवाद के बीच प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि देश के लिए सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले नेता के अंतिम संस्कार का खर्चा सरकारी कोष से उठाया जाना सम्मान की बात है। देश में सरकारी कोष से आबे के अंतिम संस्कार को लेकर लोगों की राय बंटी हुई है।

प्रधानमंत्री किशिदा ने कहा कि देश के लिए सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले नेता के अंतिम संस्कार का खर्चा सरकारी कोष उठाया जाना सम्मान की बात है, लेकिन इसने जनता की राय काफी हद तक बंटी हुई है और कई जगह इसका विरोध भी किया गया। आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जापान के युवराज अकिशिनो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई विश्व नेताओं ने शिरकत की। आबे की पत्नी अकी काले रंग का 'किमोनो' (जापान की पारंपरिक पोशाक) पहने निप्पॉन बुडोकन हॉल में वह कलश लेकर पहुंची, जिसमें उनके पति की अस्थियां थीं। कलश एक लकड़ी के बक्से में था जिस पर बैंगनी व सुनहरे रंग की धारियों वाला एक कपड़ा लिपटा था। सफेद पोशाक पहने रक्षा कर्मियों ने आबे की अस्थियों वाला कलश लिया और उसे सफेद व पीले फूलों से सजे एक आसन पर रख दिया। इसके बाद सभी ने वहां आबे को श्रद्धांजलि दी।

जापान के प्रधानमंत्री किशिदा ने अपने 12 मिनट के शोक संदेश में आबे के नेतृत्व, युद्ध के बाद के आर्थिक विकास तथा जापान व दुनिया के विकास के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण और चीन के उदय से निपटने के लिए 'मुक्त व खुले हिंद-प्रशांत' की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए उनकी सराहना की।

30 साल से जेल में बंद सिखों की हो रिहाई

वाशिंगटन (भाषा)। 'सिख ऑफ अमेरिका' संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत की जेलों में 30 साल से अधिक समय से बंद सभी सिखों की रिहाई का आग्रह किया है। मोदी को लिखे एक पत्र में 'सिख ऑफ अमेरिका' ने प्रधानमंत्री से इस मामले पर एक समिति का गठन करने और यह पता लगाने का आग्रह भी किया कि ऐसे कितने सिख जेलों में बंद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से कई सिख अदालत द्वारा दी गई सजा पूरी करने के बाद भी जेल में बंद हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर को रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान सौंपे गए पत्र में दावा किया गया कि ऐसे करीब 800 सिख हैं। पत्र में आरोप लगाया गया, 'अधिकतर कैदी 80 से 90 वर्ष के आयुवर्ग के हैं, जिन पर पंजाब में कांग्रेस प्रेरित उग्रवादी माहौल के दौरान राजनीतिक अपराध करने का आरोप था। उन पर कांग्रेस शासन के टाडा और अन्य आतंकवाद विरोधी कठोर कानून के तहत मुकदमे चलाए गए।' इस पत्र पर 'सिख ऑफ अमेरिका' के प्रमुख जसदीप सिंह और उसके अध्यक्ष कमलजीत सिंह सोनी के हस्ताक्षर हैं। पत्र में कहा गया, 'हर साल अलग-अलग राजनीतिक दल वोट के लिए और जनता को बरगलाने के लिए इस मुद्दे को उठाते हैं।' 'सिख ऑफ अमेरिका' ने प्रधानमंत्री ने इस मामले की 'जांच के लिए एक समिति का गठन करने' और विभिन्न जेलों में ऐसे 'बंदी सिखों' की उचित संख्या का पता लगाने का आग्रह किया।

कार्यालय- ग्राम पंचायत-महुली विकास खण्ड-नाथनगर-संतकबीरनगर

-: अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना :-

वित्तीय वर्ष 2022-23 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केन्द्रीय बित्त /राज्यवित्त आयोग /मनरेगा /स्वच्छता भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई- रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, सफेद सीमेन्ट, सीमेन्ट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ा, रेट्रोफिटिंग मोरंग बालू, इन्टरलाकिंग ईंट,लोहे का जाल/जाली, ह्यूम पाइप, वाल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वाल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्शन सेन्टर, हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रानिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता विज्ञापन प्रकाशन के बाद किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा प्राप्त कर उसे जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक-28-9-2022 को सायं 03 बजे ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएगी। प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

नोट- निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा।

शीला देवी	**अजीत शर्मा**
ग्राम प्रधान	सचिव
ग्राम पंचायत-महुली	ग्राम पंचायत-महुली
वि.खं.-नाथनगर-संतकबीरनगर	वि.खं.-नाथनगर-संतकबीरनगर

PR.2338

भारत-पाकिस्तान अलग-अलग तरह से अमेरिका के साझेदार : बाइडन

वाशिंगटन (भाषा)। बाइडन प्रशासन ने सोमवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान दोनों से अपने संबंधों के एक नजरिये से नहीं देखते, दोनों अलग-अलग तरह से अमेरिका के साझेदार हैं। बाइडन प्रशासन ने यह बात अमेरिका आए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस बयान के एक दिन बाद कही है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को नवीनतम अमेरिकी एफ-16 सुरक्षा सहायता देने के अमेरिका के फैसले को लेकर सवाल उठाए थे।जयशंकर ने अमेरिका के इस तर्क पर सवाल उठाया था कि एफ-16 लड़ाकू विमानों के रखरखाव से संबंधित पाकिस्तान को दिया जाने वाला पैकेज आतंकवाद से लड़ने के लिए है।

CMFRI ने यकृत रोग के लिए प्राकृतिक उपचार पद्धति विकसित की

शराब के सेवन के बिना होने वाले यकृत रोग के उपचार के लिए समुद्री शैवाल से दवा तैयार की

कोच्चि (भाषा)। जीवनशैली से जुड़े विभिन्न रोगों के प्राकृतिक इलाज के लिए समुद्री जीवों पर अपने अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने शराब के सेवन के बिना होने वाले यकृत रोग के उपचार के लिए समुद्री शैवाल से दवा तैयार की है।

एक आधिकारिक वक्तव्य के अनुसार, कैडलमिन टीएम लिवक्योर नामक यह औषधीय उत्पाद यकृत को दुरुस्त बनाने के लिए हरित प्रौद्योगिकी के माध्यम से समुद्री शैवाल से निकाले गए प्राकृतिक तत्व का शत-प्रतिशत मिश्रण है। इसमें कहा गया है कि यह सीएमएफआरआई द्वारा समुद्री जीवों से विकसित किया जा रहा इस तरह का नौवां उत्पाद है। सीएमएफआरआई इससे पहले टाइप-2 मधुमेह, गठिया, कॉलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप और अस्थि-भंगुरता आदि जीवनशैली से संबंधित रोगों की प्राकृतिक उपचार पद्धति विकसित कर चुका है। संस्थान में मत्स्य पोषण और स्वास्थ्य विभाग में समुद्री जैव प्रौद्योगिकी की प्रधान वैज्ञानिक काजल चक्रवर्ती ने इस अनुसंधान कार्य की अगुवाई की। उन्होंने कहा, पूर्व-क्लीनिकल परीक्षण दिखाते हैं कि लिवक्योर उत्पाद ऐसे विभिन्न एंजाइम को रोक पाने में सफल रहे हैं जो शराब का सेवन नहीं करने पर भी यकृत का आकार बड़ा होने वाले रोग के लिए जिम्मेदार डिस्लिपिडेमिया और पैथोफिजियोलॉजी से जुड़े होते हैं। सीएमएफआरआई के निदेशक ने कहा, पिछले कुछ साल से संस्थान मानव स्वास्थ्य के सुधार के लिए लाभकारी प्राकृतिक उत्पाद विकसित करने के लिहाज से मुख्य रूप से समुद्री शैवालों पर आधारित अनुसंधान पर ध्यान दे रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं0-125/2022

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित **पूजा स्पेशल** गाड़ी का संचलन निम्नवत् किया जायेगा।

दादर-गोरखपुर-दादर स्पेशल गाड़ी

• गाड़ी संख्या 01027 दादर से प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार, शनिवार एवं रविवार को दिनांक 01.10.22 से 30.10.2022 तक = 18 ट्रिप।

• गाड़ी संख्या 01028 गोरखपुर से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को दिनांक 03.10.22 से 01.11.2022 तक = 18 ट्रिप।

01027 दादर-गोरखपुर आगमन	01027 दादर-गोरखपुर प्रस्थान	स्टेशन	01028 गोरखपुर-दादर आगमन	01028 गोरखपुर-दादर प्रस्थान
--	14.15	दादर	03.35	--
15.00	15.02	कल्याण जं0	02.40	02.43
17.28	17.31	नासिक रोड	23.37	23.40
21.05	21.10	भुसावल	20.20	20.25
01.05	01.07	हरदा	16.18	16.20
02.25	02.35	इटारसी	15.15	15.25
04.00	04.05	रानी कमलापति	13.45	13.55
06.45	06.50	बीना जं0	11.40	11.45
07.55	08.00	ललितपुर जं0	10.25	10.30
08.40	08.42	टीकमगढ़	08.40	08.42
09.20	09.22	खरगापुर	07.40	07.42
10.35	10.37	महाराजा छत्रसाल छतरपुर	07.00	07.02
12.10	12.40	खजुराहो	05.30	06.10
13.40	13.42	महोबा जं0	04.03	04.05
14.45	14.47	बांदा	03.00	03.02
16.05	16.07	चित्रकूटधाम कर्वी	01.25	01.27
16.48	16.50	मानिकपुर जं0	00.55	00.57
18.50	19.15	प्रयागराज जं0	21.35	21.50
20.05	20.08	ज्ञानपुर रोड	19.45	19.47
21.45	21.55	वाराणसी	18.50	18.55
22.40	22.42	औड़िहार जं0	18.00	18.02
23.45	23.50	मऊ जं0	16.55	17.00
00:56	00:58	भटनी जं0	15.46	15.48
01:30	01:32	देवरिया सदर	15.22	15.25
02:45	--	गोरखपुर जं0	--	14.25

रेक संरचनाः स्लीपर श्रेणी-08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी -03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी -01, सामान्य द्वितीय श्रेणी-03, एसएलआरडी-02 = 17 कोच।

लोकमान्य तिलक (ट0)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट0) सुपरफास्ट स्पेशल गाड़ी

• गाड़ी संख्या 02105 लोकमान्य तिलक (ट0) से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 19.10.22 एवं 26.10.2022 = 2 ट्रिप।

• गाड़ी संख्या 02106 गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 21.10.22 एवं 28.10.2022 = 2 ट्रिप।

02105 लोकमान्य तिलक (ट0)-गोरखपुर आगमन	02105 प्रस्थान	स्टेशन	02106 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट0) आगमन	02106 प्रस्थान
--	05.15	लोकमान्य तिलक (ट0)	13.15	--
06.00	06.03	कल्याण जं0	12.10	12.13
08.43	08.45	नासिक रोड	08.40	08.45
11.40	11.45	भुसावल	05.00	05.05
14.37	14.40	खण्डवा जं0	03.20	03.25
15.51	15.53	हरदा	01.30	01.32
17.10	17.15	इटारसी	00.25	00.35
18.35	18.40	रानी कमलापति	22.25	22.35
21.55	22.00	बीना जं0	19.55	20.00
00.00	00.05	वीरंगना लक्ष्मीबाई जं0	17.25	17.30
01.20	01.22	उरई	15.40	15.42
04.20	04.25	गोविन्दपुरी रेलवे स्टेशन	13.45	13.50
05.55	05.57	फतेहपुर रेलवे स्टेशन	11.30	11.32
08.25	08.30	प्रयागराज जं0	09.55	10.00
09.30	09.32	ज्ञानपुर रोड	08.30	08.32
10.50	10.55	बनारस	07.45	07.50
11.10	11.15	वाराणसी	07.25	07.30
11.54	11.56	औड़िहार जं0	06.32	06.34
12.40	12.45	मऊ जं0	05.40	05.45
13.15	13.17	बेलथरा रोड	05.02	05.04
14.05	14.07	भटनी जं0	04.28	04.30
15.00	15.02	देवरिया	03.50	04.00
17.15	--	गोरखपुर जं0	--	03.00

रेक संरचनाः वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, स्लीपर श्रेणी-10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी -02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी -01, सामान्य द्वितीय श्रेणी-06 एसएलआरडी-02 = 22 कोच।

कृपया ध्यान दें:- (1) इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी-65-A — मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय : ग्राम पंचायत-गोसाईपट्टी विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर

-:: अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना ::-

ग्राम पंचायत **गोसाईपट्टी** विकास खण्ड तमकुही द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतू प्रथम श्रेणी ईंट, इन्टरलाकिंग ईंट, बालू, सीमेन्ट, मोरम, सरिया पेन्ट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर स्ट्रीट लाईट, ह्यूम पाईप, एल.ई.डी. लाईट व अन्य से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता द्वारा दिनांक 10-10-2022 को अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतू अपनी निविदा दर तथा वांक्षित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय **गोसाईपट्टी** के निविदा बाक्स में डाली जायेगी निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु.- 5000 (पांच हजार रुपये मात्र) होगी।

नियम व शर्ते :-

1. जिस आपूर्तिकर्त्ता की दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतू सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता की जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्त्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाये वह जीएसटी कार्टेज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें, पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्त्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगाार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे-संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरे प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेन्ट की आपूर्ति हेतू संबंधित के पास डीलरशिप/एजेन्सी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति हेतू खरीदी गयी सीमेन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13 स्वीकृत आपूर्तिकर्त्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। **गोसाईपट्टी** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत **गोसाईपट्टी** कार्यालय द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने के दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **गोसाईपट्टी** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रुपये है पर ही स्वीकार किया जायेगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस को ग्राम पंचायत **गोसाईपट्टी** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सुभावती देवी-ग्राम प्रधान	**निषिद्ध राय**-सचिव
ग्राम पंचायत-गोसाईपट्टी	ग्राम पंचायत-गोसाईपट्टी
विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर	विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर

पत्रांक : 02/ ग्र.प./ निविदा / 2022-23 दिनांक : 26.09.2022

कार्यालय : ग्राम पंचायत-धुरियाइमिलिया विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर

-:: अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना ::-

ग्राम पंचायत **धुरियाइमिलिया** विकास खण्ड-तमकुही द्वारा राज्य वित्त/ पन्द्रहवां वित्त/ S.L.W.M. के तहत स्वीकृत कार्य आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, लोकल बालू, सरिया, मोरंग बालू, पत्थर की गिट्टी, ईंट की गिट्टी, इन्टरलाकिंग ईट, पेन्ट, वायरिंग, एल.ई.डी., समोसम, ह्यूम पाईप आदि) की आवश्यकता है तथा S.L.W.M. योजनान्तर्गत सार्वजनिक कचरा पात्र, व्यक्तिगत कचरा, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, प्लास्टिक बैग, सफाई कीट एवं इस योजना से अन्य सामग्री की आवश्यकता है। जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक : 11.10.2022 को अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **धुरियाइमिलिया** के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति तथा आपूर्तिकर्ता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य पर ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त की जा सकती है।

नियम व शर्ते :-

1. अधिकृत फर्म/ अधिकृत डीलर का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
2. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत सचिव द्वारा आदेश देने पर ही की जायेगी।
4. सामग्री की मात्रा घटाई अथवा बढ़ायी जा सकती है।
5. प्रस्तुत दरें, पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति पर 2.24 प्रतिशत आयकर/टी.डी.एस. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के सचिव/ ग्राम प्रधान/ तकनीकी सहायक/ रोजगार सेवक आदि कर्मचारी के सगे-संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय की नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. स्वीकृत आपूर्तिकर्त्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
9. धरोहर धनराशि मूल्य 5,000.00 रुपये (पांच हजार) है।
10. धरोहर धनराशि नगद/ राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर/ एनएससी/ डाकघर के बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के नाम बंधक हो की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
11. आपूर्ति दर स्वीकृत होने पर ग्राम पंचायत सचिव के आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने के दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
12. निविदा फार्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रुपये देय है पर ही स्वीकार किया जायेगा। जो किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है।
13. सीमेन्ट की आपूर्ति हेतू संबंधित के पास डीलरशिप/ एजेन्सी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति हेतू खरीदी गयी सीमेन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव के पास होगा।
15. जो दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. एवं अन्य करे जोड़ कर प्रस्तुत किया जायेगा।

राजकुमार	**निषिध कुमार राय**
ग्राम प्रधान	सचिव
ग्राम पंचायत-धुरियाइमिलिया	ग्राम पंचायत-धुरियाइमिलिया
विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर	विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर

पत्रांक : 02 ग्राम पंचायत/ निविदा/ 2022-23 दिनांक : 26.09.2022

कार्यालय : ग्राम पंचायत-कोइन्दी बुजुर्ग विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर

-:: अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना ::-

ग्राम पंचायत **कोइन्दी बुजुर्ग** विकास खण्ड-तमकुही द्वारा राज्य वित्त/ पन्द्रहवां वित्त/ S.L.W.M. के तहत स्वीकृत कार्य आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, लोकल बालू, सरिया, मोरंग बालू, पत्थर की गिट्टी, ईंट की गिट्टी, इन्टरलाकिंग ईट, पेन्ट, वायरिंग, एल.ई.डी., समोसम, ह्यूम पाईप आदि) की आवश्यकता है तथा S.L.W.M. योजनान्तर्गत सार्वजनिक कचरा पात्र, व्यक्तिगत कचरा, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, प्लास्टिक बैग, सफाई कीट एवं इस योजना से अन्य सामग्री की आवश्यकता है। जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक : 12.10.2022 को अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **कोइन्दी बुजुर्ग** के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति तथा आपूर्तिकर्ता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य पर ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त की जा सकती है।

नियम व शर्ते :-

1. अधिकृत फर्म/ अधिकृत डीलर का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
2. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत सचिव द्वारा आदेश देने पर ही की जायेगी।
4. सामग्री की मात्रा घटाई अथवा बढ़ायी जा सकती है।
5. प्रस्तुत दरें, पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति पर 2.24 प्रतिशत आयकर/टी.डी.एस. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के सचिव/ ग्राम प्रधान/ तकनीकी सहायक/ रोजगार सेवक आदि कर्मचारी के सगे-संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय की नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. स्वीकृत आपूर्तिकर्त्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
9. धरोहर धनराशि मूल्य 5,000.00 रुपये (पांच हजार) है।
10. धरोहर धनराशि नगद/ राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर/ एनएससी/ डाकघर के बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के नाम बंधक हो की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
11. आपूर्ति दर स्वीकृत होने पर ग्राम पंचायत सचिव के आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने के दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
12. निविदा फार्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रुपये देय है पर ही स्वीकार किया जायेगा। जो किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है।
13. सीमेन्ट की आपूर्ति हेतू संबंधित के पास डीलरशिप/ एजेन्सी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति हेतू खरीदी गयी सीमेन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव के पास होगा।
15. जो दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. एवं अन्य करे जोड़ कर प्रस्तुत किया जायेगा।

शोभा सिंह	**निषिध कुमार राय**
ग्राम प्रधान	सचिव
ग्राम पंचायत-कोइन्दी बुजुर्ग	ग्राम पंचायत-कोइन्दी बुजुर्ग
विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर	विकास खण्ड-तमकुही, कुशीनगर

पत्रांक : 02 ग्राम पंचायत/ निविदा/ 2022-23 दिनांक : 26.09.2022

विराट कोहली का 'पावरगेम' धीरे-धीरे लौट रहा है और टी-20 विश्व कप से पहले वह चिर परिचित लय में आ रहे हैं। वह एशिया कप में फॉर्म में लौटे और भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाये। इसके बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टी-20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया। *-संजय मांजरेकर*

संक्षिप्त खबरें

विश्व चैंपियन कार्लसन ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया

नई दिल्ली। शतरंज विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने साथी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन पर उन्होंने जितना स्वीकार किया उससे अधिक धोखेबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह ऐसे किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ नहीं खेलेंगे जो इस तरह के गलत काम में लिप्त हो। कार्लसन ने सोमवार देर रात बयान जारी किया जिससे एक हफ्ते पहले वह जूलियस बेयर जेनरेशन कप में इस अमेरिकी के खिलाफ सिर्फ एक चाल के बाद मुकाबले से हट गए थे। इससे पहले नॉर्वे के 31 साल के कार्लसन नीमैन के खिलाफ हैरान करने वाली हार के बाद सेंट लुई में सिंकफील्ड कप से भी हट गए थे। कार्लसन ने लिखा, 'मेरा मानना है कि नीमैन ने हाल के समय में बहुत अधिक धोखेबाजी की है, जितना उसने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है उससे भी अधिक।'

एशियाई टेनिस में उलटफेर, चार सीडेड खिलाड़ी पराजित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में खेली जा रही एशियाई अंडर-16 प्रतियोगिता में मंगलवार को बालक वर्ग में तीन और बालिका वर्ग में एक वरीय खिलाड़ी को हार का मुंह देखना पड़ा। एशियाई टेनिस महासंघ के तत्वावधान में विजयंत खंड स्टेडियम में सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणव मिश्रा, आठवीं वरीय वी खिलारीवाल और छठी वरीय अजान असीज ने आसानी से अपने प्रतिद्वंदियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। बालिका वर्ग में सातवीं वरीय नेहा अग्रवाल भी हार कर मुकाबले से बाहर हो गयीं। दूसरी ओर, टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय एन शर्मा ने उत्तर प्रदेश के उभरते खिलाड़ी तेजस सिंह को 6-0, 6-1 से हरा दिया जबकि तीसरी वरीय दक्ष कपूर ने अधिराज ठाकुर को हराकर अगले दौर में अपनी जगह बनायी। पांचवी सीड आदित्य मोरे ने ए चौधरी को 6-1, 6-1 के सीधे सेटों में हराया, हालांकि सातवीं सीड प्रणव को रूद्रा बाथम के हाथों 6-1, 6-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

रितेश, सुरेन्द्र ने ओलिंपिया में हासिल किये प्रो कार्ड

नई दिल्ली। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित भारोत्तोलन कोच भूपेन्द्र धवन के शिष्यों रितेश डोगरा (90 क्रिग्रा) और सुरेंद्र सिंह (100 किग्रा) ने इतिहास रचते हुए ओलिंपिया (पावरलिफ्टिंग) चैंपियनशिप इंग्लैंड के प्रो-कार्ड हासिल कर लिये हैं। इससे पहले भारत के मुकेश सिंह गहलोत भी इस चैंपियनशिप में एक स्वर्ण तथा एक कांस्य पदक सहित दो पदक जीत चुके हैं। रितेश और सुरेंद्र ने मुकेश के कारनामे को दोहराते हुए इंग्लैंड के मैन्सफील्ड में आयोजित पावरलिफ्टिंग क्वालिफायर मीट 2022 में प्रो-कार्ड हासिल किये। इसके अलावा इंग्लैंड के पॉवरलिफ्टर मिस्टर जॉन कॉटन ने भी प्रो-कार्ड हासिल किया है। भूपेन्द्र धवन ने अपने शिष्यों की उपलब्धि पर कहा कि प्रतियोगिता में दोनों शिष्यों ने कड़ी मेहनत की है और मैं निष्ठा से बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि मेरे शिष्यों ने यह सिद्ध कर दिया है कि 'कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है।'

पार्मा लेडीज ओपन में सक्कारी व स्टीफेंस जीते

पार्मा। शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने यूक्रेन की कैटरीना बेंडल को 6-7, 6-2, 6-3 से हराकर पार्मा लेडीज ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सक्कारी को लाल क्लेकोर्ट के इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड मिला है । वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में हारने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अमेरकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएने स्टीफेंस ने 121वीं रैंकिंग वाली मैगडालीना फ्रेच को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया जबकि छठी वरीयता प्राप्त अना बोगडेन ने लौरा पिगोसी को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। अन्ना कैरोलीना ने रेका लुका जानी को 6-2, 6-4 से हराया।

गोपी और माथियास मेरे प्रेरणास्रोत : कपिला

नई दिल्ली। भारत के तेजी से उभरते युवा शटलर ध्रुव कपिला ने मंगलवार को कहा कि उनकी सफलता के पीछे उनके गुरु पुलेला गोपीचंद और डेनमार्क के कोच माथियास बो से मिली प्रेरणा है जो हमेशा उन्हें जीत के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। पिछले हफ्ते इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज जीतने से उत्साहित युगल मैचों के विशेषज्ञ खिलाड़ी ने कहा, 'टूर्नामेंट की शुरुआत से हमारे पास अच्छे मैच थे। हमने मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ अच्छा खेला और फिर क्वार्टर फाइनल में हमने थाईलैंड की जोड़ी को हराया।मलयेशियाई जोड़ी के साथ मैच मुश्किल था क्योंकि हम जानते थे कि वे मजबूत थे और उन्होंने कुछ अच्छा बैडमिंटन खेला था।

हॉकी वर्ल्ड कप : भारत का पहला मुकाबला स्पेन से

लुसाने (स्विट्जरलैंड) (वार्ता)। हॉकी पुरुष विश्व कप ओडिशा 2023 में भारत का पहला मैच 13 जनवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एफआईएच ने बताया कि यह मैच राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

टूर्नामेंट की शुरुआत 13 जनवरी को ही ओलंपिक 2016 की स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना और अफ्रीका की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम दक्षिण अफ्रीका के बीच उद्घाटन मैच के साथ होगी, जो भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेला जाएगा। इस स्टेडियम ने पुरुष विश्व कप 2018 के फाइनल की मेजबानी भी की थी। महासंघ ने बताया कि भुवनेश्वर में दिन का दूसरा मैच दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस के बीच होगा। दूसरी ओर, राउरकेला का नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम अपने पहले एफआईएच विश्व कप मैच की मेजबानी करेगा, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स एक दूसरे से भिड़ेंगे। दिन के दूसरे मुकाबले में भारत और स्पेन आमने सामने होंगे। टूर्नामेंट में कुल 44 मैच खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 29 जनवरी को स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे भुवनेश्वर में खेला जाएगा। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए भारत को पूल डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ रखा गया है। पूल ए में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका हैं, जबकि पूल बी में गत चैंपियन बेल्जियम को जर्मनी, कोरिया और जापान से मुकाबला करना है। पूल सी में नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, मलयेशिया और चिली शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि चिली और वेल्स ने पहली बार पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। बेल्जियम वर्तमान विश्व चैंपियन है, जिसने 2018 संस्करण के फाइनल में नीदरलैंड को हराया था।

- भारत में 13 से 29 जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए एफआईएच ने जारी किया कार्यक्रम
- ग्रुप ए में आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस और द. अफ्रीका जबकि ग्रुप बी में भारत, इंग्लैंड, वेल्स और स्पेन हैं



मेजबान भारत के मुकाबले

- 13 जनवरी : भारत बनाम स्पेन
- 15 जनवरी : भारत बनाम इंग्लैंड
- 19 जनवरी : भारत बनाम वेल्स

शुभमन गिल ने काउंटी क्रिकेट में जड़ा अपना पहला शतक

होव (भाषा)। भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने मंगलवार को यहां ग्लेमारगन की तरफ से ससेक्स के खिलाफ 119 रन की लाजवाब पारी खेली जो काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन दो में उनका पहला शतक है।

गिल ने सुबह 91 रन से अपनी पारी आगे बढाई और दूसरे दिन के आठवें ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीन हंट पर दो रन लेकर अपने प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक पूरा किया।

इस 23 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज ने ऑफ स्पिनर जैक कार्सन की गेंद पर कैच थमाने से पहले 139 गेंदें खेली तथा 16 चौके और दो छक्के लगाए। ग्लेमोरगन के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरने पर गिल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए। उनकी शानदार पारी से ग्लेमोरगन ने पहले दिन तीन विकेट पर 221 रन बनाए थे। गिल जब आउट हुए तो उसका स्कोर पांच विकेट पर 277 रन था।

गिल का यह काउंटी चैंपियनशिप में तीसरा मैच है। उन्होंने पहले मैच में वारेस्टरशायर के खिलाफ 92 रन बनाए थे जबकि मिडिलसेक्स के खिलाफ दूसरे मैच में वह 22 और 11 रन ही बना पाए थे।

तिरुवनंतपुरम : पहले टी-20 के लिए अभ्यास करते रोहित शर्मा।

डेथ ओवरों में बेहतर करने पर भारत का होगा फोकस

तिरूवनंतपुरम (भाषा)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के जरिये भारतीय टीम टी-20 विश्व कप से पहले डेथ ओवरों की अपनी गेंदबाजी बेहतर करने और बल्लेबाजों को अच्छा अभ्यास देने के इरादे से उतरेगी।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि डेथ गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। भारतीय टीम को अपने दो प्रमुख गेंदबाजों हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार की कमी खलेगी जिन्हें टी-20 विश्व कप से पहले आराम दिया गया है। मोहम्मद शमी अभी तक कोरोना संक्रमण से उबर नहीं सके हैं और वह तीनों मैच नहीं खेल पायेंगे। हर्षल पटेल चोट से उबरने के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में लौटे लेकिन 12 की औसत से रन दे डाले और उनका इकॉनामी रेट नौ से ऊपर रहा। विश्व कप के लिए स्टैंडबाई दीपक चाहर को पिछली सीरीज में मौका नहीं मिला और अब तीन मैचों मे तेज गेंदबाजों को रोटेट किये जाने पर वह खेल सकते हैं। अर्शदीप सिंह से स्लॉग ओवरों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी जो जसप्रीत बुमराह का साथ देंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैचों में पिच सपाट रहने के बाद तीसरे मैच में टर्निंग पिच पर युजवेंद्र चहल ने अच्छी गेंदबाजी की। आस्ट्रेलिया की पिचों को ध्यान में रखते हुए चहल अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेंगे। विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को मौका देने की बात रोहित शर्मा कर चुके हैं लिहाजा आर अश्विन को अंतिम एकादश में उतारा जा सकता है। बल्लेबाजी में केएल राहुल आस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं चल सके और वह इसकी भरपाई इस सीरीज में करना चाहेंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा फॉर्म में हैं और राहुल को भी तेज गति से रन बनाने होंगे। दिनेश कार्तिक को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ आठ गेंद खेलने को मिली और रोहित पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें क्रीज पर अधिक समय देने की जरूरत है।

विश्व कप टीम में शामिल दीपक हुड्डा कमर की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह श्रेयस अय्यर को उतारा जा सकता है। भारत ने घरेलू द्विपक्षीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को हराया नहीं है। आस्ट्रेलिया में विश्व कप के ग्रुप चरण में दोनों टीमों का सामना होगा लेकिन उसमें हालात अलग होंगे । दोनों टीमें इन तीन मैचों में अपनी कमजोरियों का पता करके उन पर मेहनत कर सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी ने कहा, 'आस्ट्रेलिया में पिचें अलग होंगी और मैदान बड़े होंगे।

पहला टी-20 मुकाबला

- द. अफ्रीका के साथ मैच आज शाम सात बजे से, सीरीज में होंगे तीन मैच

नई गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण : बावुमा

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी के शुरुआती ओवरों में स्विंग होती तेज गेंदों का सामना करने की होगी। बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में हार का सामना करने के बाद तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को 2-1 से जीतने पर भारतीय टीम की तारीफ की। ऑस्ट्रेलिया में अगले महीने से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले यह श्रृंखला दोनों देशों के लिए काफी अहम है। बावुमा ने सीरीज की शुरुआत की पूर्व संध्या पर कहा, '(भारत में) नयी गेंद के गेंदबाजों का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा। वे गेंद को काफी अधिक स्विंग करते है। हम दक्षिण अफ्रीका में जिन परिस्थितियों के आदी है यहां भारतीय गेंदबाज उससे ज्यादा गेंद को स्विंग कराते है।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज ज्यादा प्रभावित नहीं कर सके। तीसरे टी-20 मैच में जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार ने सात ओवर में 79 रन लुटाये। इस श्रृंखला में आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल बुरी से तरह से विफल रहे।

भारत ने अपनी धरती पर दक्षिण अफ्रीका से कभी नहीं जीती सीरीज

- 2015-16 में भारत में दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज 2-0 से जीती। 2019-20 में 1-1 और 2022 में 2-2 से ड्रॉ रही।

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह।

दक्षिण अफ्रीका : तेंबा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्चून, रीजा हेंडरिक्स, हेनरिच क्लासेन, मार्को जानसेन, केशव महारात, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडि, एनरिच नोर्किया, वेन परनेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, रिली रोसोयू, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टान स्टब्स।

प्रणय की शीर्ष 15 में वापसी, लक्ष्य नौवें स्थान पर बरकरार

नई दिल्ली (भाषा)। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ (बैडमिंटन विश्व महासंघ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष 15 में वापसी की। लगातार दो टूर्नामेंट विश्व चैंपियनशिप और जापान ओपन सुपर 750 के फाइनल में पहुंचे प्रणय एक स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

युवा लक्ष्य सेन नौवें स्थान पर बरकरार हैं और पुरुष रैंकिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत एक स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चोट के कारण विश्व चैंपियनशिप और जापान ओपन से बाहर रहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु महिला रैंकिंग में छठे स्थान पर बनी हुई हैं। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता सायना नेहवाल एक स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार स्वर्ण पदक और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पहले की तरह आठवें स्थान पर बनी हुई है।

विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी तीन स्थान आगे बढकर 23वें स्थान पर पहुंच गई है। महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी दो स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर हैं।

बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग

- श्रीकांत को एक स्थान का फायदा, सिंधु महिला एकल में छठे स्थान पर बरकरार

हरमनप्रीत कौर आईसीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर

दुबई (भाषा)। इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियों की रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैंड को 3-0 से हराने के बाद भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में 111 गेंद में नाबाद 143 रन बनाये थे ।

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। मंधाना एक पायदान चढकर छठे और शर्मा आठ पायदान चढकर 24वें स्थान पर पहुंच गई। पूजा वस्त्राकर चार पायदान चढकर 49वें स्थान पर है और हरलीन देयोल 46 पायदान चढकर 81वें स्थान पर है।

रेणुका सिंह 35 पायदान चढकर 35वें स्थान पर पहुंच गई है। झूलन गोस्वामी पांचवीं पायदान से रिटायर हुई हैं। इंग्लैंड की डैनी वियाट दो पायदान चढकर 21वें स्थान पर है जबकि एमी जोंस चार पायदान चढकर 30वें स्थान पर है।

इटली नेशंस लीग के फाइनल्स में

लंदन (एपी)। लगातार दूसरी बार विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी इटली फुटबॉल टीम ने हंगरी को 2-0 से हराकर नेशंस लीग फाइनल्स में जगह बना ली है। इटली के लिए जियाकोमो रासपाडोरी और फेडरिको डिमार्को ने गोल दागे।

इटली, नीदरलैंड और क्रोएशिया ने अगले साल जून में नीदरलैंड में होने वाले फाइनल्स के लिए अंतिम चार में जगह बना ली है। पुर्तगाल और स्पेन में से भी एक टीम इसमें शामिल होगी जिन्हें मंगलवार को आपस में खेलना है। इंग्लैंड और जर्मनी ने वेंबले स्टेडियम पर 3-3 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड पिछले छह मैचों में से एक भी जीत नहीं सका है और नेशंस लीग में निचले चरण में खिसक गया। वहीं जर्मनी ने सात में से एक ही मैच जीता है। इटली ग्रुप ए में 11 अंक लेकर शीर्ष पर रहा।

- इंग्लैंड और जर्मनी के बीच मुकाबला 3-3 की बराबरी पर छूटा

मैच का दृश्य।

भारत ए ने न्यूजीलैंड ए का क्लीन स्वीप किया

चेन्नइ (भाषा)। कप्तान संजू सैमसन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद राज बावा की धारदार गेंदबाजी से भारत ए ने तीसरे अनौपचारिक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड ए को 106 रन से हराकर श्रृंखला में विरोधी टीम का 3-0 से सफाया कर दिया। भारत ए ने बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लेकिन कप्तान सैमसन (54), शारदुल ठाकुर (51) और तिलक वर्मा (50) के अर्धशतक के बावजूद टीम 49.3 ओवर में 284 रन बनाकर आउट हो गई। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ए की टीम अंडर-19 विश्व कप में भारत में की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों शामिल रहे बावा (11 रन पर चार विकेट), कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) और राहुल चाहर (39 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 38.3 ओवर में 178 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज डीन क्लीवर ने 83 रन की पारी खेली लेकिन उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाया। माइकल रिपोन 29 रन बनाकर टीम के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। न्यूजीलैंड ए ने अंतिम पांच विकेट सिर्फ 22 रन जोड़कर गंवाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत को अभिमन्यु ईश्वरन (39) और राहुल त्रिपाठी (18) ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। मैथ्यू फिशर (61 रन पर दो विकेट) ने ईश्वरन को क्लीवर के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। जो वॉकर (36 रन पर एक विकेट) ने त्रिपाठी को पगबाधा करके भारत ए का स्कोर 65 रन पर दो विकेट किया। कप्तान सैमसन और तिलक वर्मा ने तीसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी करके पारी को संवारा। ये दोनों हालांकि जब टीम को मजबूत स्थिति में ले जा रहे थे तब रचिन रविंद्र (37 रन पर एक विकेट) ने वर्मा को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने 62 गेंद का सामना करते हुए एक चौका और तीन छक्के मारे। श्रीकर भरत भी सिर्फ नौ रन बनाने के बाद फिशर का दूसरा शिकार बने जबकि अर्धशतक पूरा करने के बाद सैमसन भी जैकब डफी (45 रन पर दो विकेट) की गेंद पर पगबाधा हो गए जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 197 रन हो गया। सैमसन ने 68 गेंद का सामना करते हुए एक चौका और दो छक्के मारे। बावा बल्ले से नाकाम रहे और सिर्फ चार रन बनाकर डफी की गेंद पर वॉकर को कैच दे बैठे। इस समय ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड ए को बड़ा लक्ष्य नहीं दे पाएगी लेकिन ऋषि धवन (34) और शारदुल (33 गेंद में 51 रन, चार चौके, तीन छक्के) ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

अनौपचारिक वनडे सीरीज

- तीसरे और अंतिम मुकाबले में भारत ए ने मुकाबला 106 रन से अपने नाम किया

इस सत्र में भी चार विदेशी खिलाड़ियों को अनुमति

नई दिल्ली (भाषा)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने आई लीग क्लबों को मैच वाले दिन के लिए एक एशियाई सहित छह विदेशी खिलाड़ियों को टीम में रखने की अनुमति दे दी है लेकिन 29 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस सत्र में भी क्लब अंतिम एकादश में केवल चार खिलाड़ियों (मौजूदा 3अ1 नियम के अनुरूप) को ही रख पाएंगे। पिछले सत्र में आई लीग क्लबों को छह विदेशी खिलाड़ियों को पंजीकृत करने की अनुमति दी गई थी लेकिन एक एशियाई खिलाड़ी सहित केवल चार खिलाड़ियों को ही मैच में भाग लेने की अनुमति मिली थी। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक घरेलू लीग में अधिक विदेशी खिलाड़ियों को रखने के पक्षधर नहीं हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे भारतीय खिलाड़ियों को कम मौके मिलेंगे। एआईएफएफ ने लीग समिति की बैठक के बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

वियतनाम ने भारत को 3-0 से पराजित किया

हो ची मिन्ह सिटी (वार्ता)। वियतनाम पुरुष फुटबॉल टीम ने मंगलवार को हंग थिन्ह मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट में भारत को 3-0 से शिकस्त दी। फान वान डुक (10वां मिनट), नुएन वान टोन (49वां मिनट) और नुएन वान कुएत (70वां मिनट) ने यहां थोंग न्हाट स्टेडियम में मेजबान वियतनाम के गोल दागे। भारतीय टीम के लिए मैदान पर कई मौके बने लेकिन सुनील छेत्री की टीम उन्हें गोल में नहीं बदल सकी।

इससे पहले भारत ने त्रिकोणीय टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में सिंगापुर के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला था।

मैत्री फुटबॉल

हो ची मिन्ह सिटी : मुकाबले का दृश्य।

स्टार्टअप बनाने या उद्यमी बनने के लिए अनुभव की जरूरत नहीं है लेकिन हमेशा सीखते रहना है और इसे बेहतर बनाने की जरूरत है
एंड्रयू गैजडेकी@agazdecki

रोलेक्स 'स्टेटस' बेचता है, घड़ियां नहीं, हर्ले डेविडसन 'लाइफस्टाइल' बेचता है बाइक नहीं, एपल 'डिज़ाइन' और 'सहजता' बेचता है, इलेक्ट्रानिक्स नहीं ... नामी कंपनियां भावनाएं बेचती हैं उत्पाद नहीं
हर्ष गोयनका@hvgoenka

संक्षिप्त खबरें

अर्चना ने छोड़ा गूगल

नई दिल्ली। गूगल इंडिया की सरकारी मामलों और सार्वजनिक नीति की प्रमुख अर्चना गुलाटी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह सरकारी सेवा छोड़ने के बाद सिर्फ पांच महीने पहले गूगल के साथ जुड़ी थीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अर्थशास्त्र स्नातक और आईआईटी दिल्ली से पीएचडी गुलाटी इससे पहले नीति आयोग में संयुक्त सचिव (डिजिटल संचार) थीं। नीति आयोग एक सरकारी थिंक टैंक है, केंद्र सरकार को नीति पर सलाह देता है। मामले से परिचित सूत्रों ने बताया कि गुलाटी ने गूगल इंडिया से इस्तीफा दे दिया है। इस बारे में संपर्क करने पर गुलाटी और गूगल, दोनों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

IL&FS बोर्ड का पुनर्गठन

नई दिल्ली। सरकार ने आईएलएंडएफएस लिमिटेड के निदेशक मंडल में फेरबदल करते हुए मौजूदा बोर्ड सदस्य सीएस राजन को गैर-कार्यकारी चेयरमैन के रूप में फिर से नामित किया है। कंपनी के अनुसार, कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत नंद किशोर को प्रबंध निदेशक बनाया गया है। दोनों नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से मार्च, 2023 तक हैं। आर्थिक गड़बड़ी के उजागर होने के बाद वाणिज्यिक मामलों के मंत्रालय ने अक्टूबर, 2018 में आईएलएंडएफएस के बोर्ड को बर्खास्त दिया था। इससे पहले आईएलएंडएफएस लिमिटेड के बोर्ड के गैर-कार्यकारी चेयरमैन प्रसिद्ध बैंकर उदय कोटक थे।

मुंबई में ओंटारियो का आफिस

मुंबई। ओंटारियो टीचर्स पेंशन प्लान बोर्ड (ओटीपीपीबी) ने घरेलू निवेश पर अपना ध्यान केंद्रित करने के लिए मुंबई में एक कार्यालय खोला है। इसके साथ ही देश में कंपनी ने अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की है। ओटीपीपीबी ने एक बयान में यह भी बताया कि एचडीएफसी के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी केकी मिस्त्री उसके वरिष्ठ सलाहकार होंगे। कंपनी देश में पहले ही 18,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर चुकी है। बयान में कहा गया कि मुंबई कार्यालय बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स में स्थित है और 2022 के अंत तक 10 की एक टीम द्वारा इसे संचालित किया जाएगा।

ब्लैकस्टोन ने पूंजी जुटाई

नई दिल्ली। वैश्विक कोष ब्लैकस्टोन ने एम्बेसी आफिस पार्क्स आरईआईटी (रीट) में अपनी हिस्सेदारी बेचकर करीब 32.5 करोड़ डालर (2,650 करोड़ रुपए) जुटाए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एम्बैसी आफिस पार्क्स रीट देश का पहला रियल एस्टेट निवेश न्यास (रीट) है। इसे पिछले साल रियल्टी कंपनी एम्बेसी ग्रुप और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म ब्लैकस्टोन द्वारा लगभग 5,000 करोड़ रुप, जुटाने के लिए पेश किया गया था। रीट शेयर बाजार में भी सूचीबद्ध है। सूत्रों के अनुसार, ब्लैकस्टोन ने रीट में 7.7 करोड़ शेयर को बड़े सौदे के जरिए 345 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बेचकर ₹2650 करोड़ जुटाए है।

अधिग्रहण करेगी टोरेंट

नई दिल्ली। टोरेंट फार्मास्युटिकल्स ने मंगलवार को कहा कि वह डर्मटोलॉजी (त्वचा विज्ञान) खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए में क्यूरेशो हेल्थकेयर का अधिग्रहण करेगी। टोरेंट ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 2,000 करोड़ रुपए में क्यूरेशो हेल्थकेयर का 100 प्रतिशत अधिग्रहण करने के लिए एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिग्रहण के तहत नकदी एवं नकद के समान 115 करोड़ रुपए शामिल हैं जो 1,885 करोड़ रुपए के उद्यम मूल्य को दर्शाता है। टोरेंट के निदेशक अमन मेहता ने कहा कि अधिग्रहण टोरेंट की नए खंड में उपस्थिति बढ़ाएगा।

सोना 195 रुपए टूटा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 195 रुपए टूटकर 49,580 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु का भाव 49,775 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 195 रुपए गिरकर 56,155 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 56,350 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,637 डालर प्रति औंस पर रहा, जबकि चांदी 18.69 डालर प्रति औंस पर स्थिर रही।

(भाषा/वार्ता)

स्मार्ट मीटर के क्या हैं फायदे

देश की सरकार ने आने वाले वर्षों में सभी घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए फिलहाल प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हुआ है। आने वाले वर्षों में पोस्टपेड स्मार्ट मीटर भी लगने लगेंगे। इन मीटर को लेकर लोनों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर क्या हैं, ये कैसे काम करते हैं और इनके लगाने के क्या फायदे और नुकसान हैं

मोबाइल फोन जैसा है पूरा सिस्टम

जिस तरह सेलुलर नेटवर्क चलाने वाली कई कंपनियां हैं ठीक उसी तरह बिजली उपलब्ध कराने के लिए कई कंपनियां बनाई जा रही हैं। आप किसी भी कंपनी की सेवाएं ले सकते हैं। जिस तरह मोबाइल फोन में आपके बिल की रीडिंग लेने कोई नहीं आता ठीक उसी तरह स्मार्टफोन में भी मीटर की रीडिंग बिजली कंपनियां अपने कार्यालय में बैठकर आनलाइन ही हासिल कर लेंगी।

सेवाओं में होगा सुधार

कई लोगों का यह कहना है कि इसके बाद क्षेत्र में निजी कंपनियों के उतरने से बिजली कंपनी की सेवा बेशक सुधर आएगा लेकिन इससे बिजली कंपनी की मनमानी और बढ़ जाएगी। अगर देखा जाए तो यह बहुत थोड़े नुकसान के साथ बहुत हद तक एक अच्छा कदम है।

ऐप से कनेक्ट

मीटर एक ऐप से कनेक्ट रहेगा। इस ऐप के जरिए अपने मीटर के बारे में सारी जानकारी ले सकते हैं साथ ही इससे आनलाइन बिल जमा करने या रिचार्ज करने की सुविधा भी ले सकता है।

खराबी पर नजर

इस ऐप पर यह भी पता चलेगा कि मीटर सही काम कर रहा है या नहीं। साथ ही मीटर खराब होने की जानकारी भी मिल जाएगी। यह जानकारियां बिजली कंपनी को भी मिलेगी जो स्वतः इसे अपने स्तर पर सही भी कर सकती है।

पूरी तरह कब लागू होगी योजना

योजना संभवतः अगले साल से पूरी तरह लागू हो जाएगी। इसके बाद बिजली चोरी से होने वाला नुकसान काफी हद तक कम हो जाएगा।

क्या हैं इसके फायदे

- मनचाही कंपनी चुन सकेंगे यूजर
- जितना खर्च उतना ही होगा रिचार्ज
- रिचार्ज खत्म होने से पहले अलर्ट
- रिचार्ज पर 24 घंटे में बिजली
- लोड ज्यादा होने पर बजेगा अलार्म
- रिचार्ज अलर्ट के लिए भी अलार्म
- मीटर में छेड़छाड़ पर विभाग में अलार्म
- मीटर रीडिंग की जरूरत होगी खत्म
- यूजर को नहीं मिलेगा बिजली बिल
- बिलों में गलतियों से मिलेगी निजात

क्या हैं नुकसान

- गरीब परिवारों की बढ़ेंगी मुश्किलें
- पैसा न होने पर नहीं होगा रिचार्ज
- अंधेरे में रहने के लिए होंगे मजबूर
- लाखों लोग होंगे बिजली से वंचित

खाद्य संकट से निपटने को एडीबी ने दी मदद

■ एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए 14 अरब डालर देने का ऐलान

मनीला (एपी)।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि वह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में गहराते खाद्य संकट से पार पाने में मदद के लिए 2025 तक संबंधित परियोजनाओं के लिए 14 अरब डालर देगा।

एडीबी ने कहा कि क्षेत्र में गरीबी और खाने के सामान के बढते दामों के कारण स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा खाना खाने से वंचित 1.1 अरब लोगों की मदद के लिए उसने व्यापक कार्यक्रम की योजना बनाई है। फिलिपीन स्थित बहुपक्षीय संस्थान ने सालाना बैठक के दौरान यह घोषणा की। एडीबी के अध्यक्ष मासत्सुगु असाकावा ने कहा, 'यह खाद्य संकट से पार पाने के लिए समय पर उठाया गया ऐसा कदम है जिसकी तत्काल जरूरत थी। इस संकट से एशिया में बहुत से गरीब परिवार खाने से वंचित हो रहे हैं और गरीबी में फंसते जा रहे हैं।'

योजना में जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान से पार पाने को लेकर खेती और खाद्य आपूर्ति को मजबूत करके दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में सुधार पर भी जोर दिया गया है। एडीबी ने कहा कि कोष का उपयोग खेती, खाद्य उत्पादन और वितरण, जल संसाधन प्रबंधन तथा सामाजिक समर्थन से संबंधित मौजूदा और नई परियोजनाओं में किया जाएगा।

असाकावा ने कहा कि अल्पकाल में समर्थन का लक्ष्य संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित लोग यानी महिलाएं हैं। उन्होंने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आर्थिक परिदृश्य बदतर हुआ है।

कई जिंसों के दाम बढ़े हैं और कई विकासशील देशों में मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट तथा ब्याज दर बढ़ने के कारण आर्थिक परिवेश कठिन हुआ है। एडीबी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में क्षेत्र के लिए वृद्धि के अनुमान को कम कर 4.3 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 5.2 प्रतिशत था। अगले साल इसके 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

भारत में गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध से सिंगापुर में आटा महंगा

सिंगापुर (भाषा)।

भारत में गेहूं निर्यात पर मई से प्रतिबंध लागू होने का असर सिंगापुर के भोजनालयों में दिखाई दे रहा है। मंगलवार को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि खासतौर से रोटी पसंद करने वाले पंजाबी समुदाय को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

सुपर मार्केट श्रृंखला फेयर प्राइस ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में मांग बढ़ने के कारण गेहूं के आटे की आपूर्ति कम रही है। भारत में गेहूं और आटे के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण ये स्थिति हो सकती है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की एक रिपोर्ट के अनुसार फेयरप्राइस के आपूर्तिकर्ता अब श्रीलंका, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका जैसे विभिन्न देशों से गेहूं का आटा मंगवा रहे है। यहां के एक प्रमुख भोजनालय शकुंतला के प्रबंध निदेशक मथवन आदि बालकृष्णन ने कहा, '(गेहूं) आटे की कमी हमारे व्यापार को बुरी तरह प्रभावित करेगी। हम अपने ग्राहकों पर लागत का पूरा बोझ नहीं डाल सकते। हमें कीमतों को कम रखने की कोशिश करनी होगी।'

उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट को भारत से गेहूं के आटे के लिए पांच सिंगापुर डालर (3.48 अमेरिकी डालर) प्रति किलो का भुगतान करना पड़ता था, लेकिन अब दुबई से आने वाला आटा 15 सिंगापुर डालर (10.45 अमेरिकी डालर) प्रति किलो है।

देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार

■ मौजूदा हालात से निपटने में पूरी तरह सक्षम

नई दिल्ली (भाषा)।

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने मंगलवार को विदेशी मुद्रा भंडार में कमी को लेकर चिंता को खारिज करते हुए कहा कि इसे जरूरत से अधिक तूल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति से पार पाने के लिए देश के पास विदेशी मुद्रा का पर्याप्त भंडार है।

उल्लेखनीय है कि विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें सप्ताह घटा है और यह 16 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में कम होकर 545.65 अरब डालर पर आ गया, जबकि मार्च, 2022 में यह 607.31 अरब डालर था। मुद्रा भंडार में कमी का एक प्रमुख कारण वैश्विक गतिविधियों की वजह से रुपए की विनिमय दर में गिरावट को थामने के लिए रिजर्व बैंक की तरफ से किया गया डालर का उपयोग है। सेठ ने कहा, 'विदेशी मुद्रा भंडार में कमी का कारण विदेशी मुद्रा प्रवाह में कमी और व्यापार घाटा बढ़ना है। मुझे नहीं लगता कि यह कोई चिंता वाली बात है। भारत के पास मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए विदेशी मुद्रा का बड़ा भंडार है।'

डालर के मुकाबले रुपया सोमवार को 81.67 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया था। हालांकि, मंगलवार को यह कुछ सुधरकर 81.58 पर बंद हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा था कि वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत होने से रुपए की स्थिति बेहतर है। अमेरिकी डालर के मुकाबले अन्य देशों की मुद्राओं में जिस दर से गिरावट आई है, वह भारतीय रुपए की तुलना में कहीं अधिक है।

आर्थिक मामलों के सचिव ने कहा कि सरकार चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 6.4 प्रतिशत रखने के लक्ष्य पर कायम है और इसे हासिल किया जाएगा। सरकार ने बजट में 2022-23 में 14.31 लाख करोड़ रुपए की बाजार उधारी का लक्ष्य रखा है। इसमें से 8.45 लाख करोड़ रुपए चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही अप्रैल-सितम्बर में जुटाने का लक्ष्य है।

डालर के मुकाबले रुपया नौ पैसे चढ़कर 81.58 पर

मुंबई (भाषा)। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए की विनिमय दर मंगलवार को नौ पैसे चढ़कर 81.58 प्रति डालर (अस्थायी) पर पहुंच गई। वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के ऊंचे स्तर से उतरने के बाद रुपए में मजबूती आई है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 81.45 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 81.30 प्रति डालर के उच्चतम और 81.64 के निचले स्तर तक गया। अंत में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे चढ़कर 81.58 प्रति डालर पर बंद हुआ। लगातार चार कारोबारी सत्र में गिरने के बाद अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए में अब मजबूती आई है। हालांकि, इस दौरान रुपए का मूल्य 193 पैसे प्रति डालर तक नीचे आ चुका है। वहीं, सोमवार को रुपया 58 पैसे लुढ़ककर अब तक के सबसे निचले स्तर 81.67 प्रति डालर पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के विदेशी मुद्रा और सराफा विश्लेषक गौरांग सोमैया ने कहा, 'सोमवार के सत्र में रिकार्ड निचले स्तर पर गिरने के बाद रुपया एक सीमित दायरे में बंद हुआ। कुछ रिपोर्ट बताती है कि भारत के प्रमुख सरकारी बान्ड इंडेक्स में शामिल होने का मामला अगले साल तक लटक सकता है।

मौद्रिक समिति की बैठक आज से, बढ़ सकती हैं रेपो दरें

मुंबई (भाषा)। उच्च मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की एक और वृद्धि की संभावना के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक बुधवार से शुरू होगी। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व समेत अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के अनुरूप आरबीआई भी रेपो दर में वृद्धि कर सकता है।

एमपीसी की सिफारिशों के आधार पर आरबीआई ने जून और अगस्त में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की थी। इससे पहले मई में केंद्रीय बैंक ने अचानक हुई अपनी बैठक में ब्याज दर को 0.40 प्रतिशत बढ़ा दिया था। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की बैठक 28 से 30 सितम्बर को होगी। दरों पर निर्णय शुक्रवार यानी 30 सितम्बर को घोषित किया जाएगा। विषेशज्ञों के अनुसार, केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर तीन साल के उच्चतम स्तर 5.9 प्रतिशत पर कर सकता है। यह वर्तमान में 5.4 प्रतिशत है। आरबीआई ने रेपो दर में मई से लेकर अबतक 1.40 प्रतिशत की वृद्धि की है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक रिपोर्ट में कहा है कि पिछले सप्ताह फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में वृद्धि के बाद विदेशी मुद्रा बाजार में हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए इस बार मौद्रिक नीति पर अधिक बारीकी से नजर रखी जाएगी। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि आरबीआई आगामी एमपीसी की बैठक में रेपो दर में एक बार फिर 0.50 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है।

गौरतलब है कि सरकार ने आरबीआई को दो प्रतिशत के घट-बढ़ के साथ खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। एंड्रोमेडा लोन्स के कार्यकारी चेयरमैन वी. स्वामीनाथन ने कहा कि अन्य अर्थव्यवस्थाओं में दरों में वृद्धि को देखते हुए आरबीआई के पास दरों में बढ़ोतरी के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

'नाविक' नेविगेशन प्रणाली शामिल हो

■ देश में बन रहे स्मार्टफोन में यह प्रणाली लगाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने भारत में बने सभी स्मार्टफोन में स्वदेशी रूप से विकसित नेविगेशन प्रणाली 'नाविक' को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सितम्बर के पहले सप्ताह में हुई बैठक में मौजूद कुछ मोबाइल और चिप कंपनियों ने कहा था कि 'नाविक' को स्मार्टफोन में शामिल करने से अतिरिक्त लागत आएगी। उन्होंने कहा था कि स्मार्टफोन में वर्तमान चिपसेट की आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) अमेरिकी नेविगेशन प्रणाली जीपीएस और रूसी नेविगेशन प्राणली 'ग्लोनास' का समर्थन करने के लिए स्थापित की हुई है।

इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2024-25 में एक उपग्रह छोड़ने की योजना बनाई है जो जीपीएस और ग्लोनास का समर्थन करने वाले एल1 बैंड को सहयोग करेगी। नाविक एल5 बैंड में उपलब्ध है।' उन्होंने बताया, 'बैठक विचार-विमर्श के लिए बुलाई गई थी। अभी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। इस मामले पर उद्योग के साथ आगे चर्चा की जाएगी।'

उद्योग के सूत्रों ने कहा कि घरेलू रूप से निर्मित स्मार्टफोन में 'नाविक' का समर्थन करने के लिए जनवरी 2025 की एक संभावित समयसीमा प्रस्तावित की गई है। यह प्रस्ताव विदेशी तकनीक पर देश की निर्भरता कम करने के सरकार के उद्देश्य का हिस्सा है।

पूनावाला ने टीकों के वैश्विक प्रमाणीकरण के लिए पहल की

सिंगापुर (भाषा)।

सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया (एसआईआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अदार पूनावाला ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जैसे बहुपक्षीय संगठनों को किसी अन्य महामारी से पूर्व टीकों के प्रमाणीकरण पर सामंजस्य स्थापित करना चाहिए।

पूनावाला ने सोमवार को सिंगापुर में फोर्ब्स ग्लोबल सीईओ सम्मेलन में यह स्पष्ट करते हुए कहा, 'मैं इसका (ऐसी प्रमाणन संधि) प्रस्ताव कर रहा हूं।' उन्होंने यहां सम्मेलन से इतर कहा, 'संयुक्त राष्ट्र और डब्ल्यूटीओ जैसे बहुपक्षीय संगठनों को टीकों के प्रमाणन में सामंजस्य स्थापित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।'

चीन अलग-थलग होगा, भारत के लिए अवसर बढ़े : अडाणी

नई दिल्ली (भाषा)। उद्योगपति गौतम अडाणी का मानना है कि बढ़ते राष्ट्रवाद और आपूर्ति श्रृंखला और प्रौद्योगिकी से संबंधित अंकुशों के कारण चीन खुद को अलग-थलग महसूस करने लगेगा। उन्होंने कहा कि चीन में प्रौद्योगिकी संबंधी प्रतिबंधों से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को खतरा है।

अडाणी समूह के संस्थापक-चेयरमैन ने मंगलवार को सिंगापुर में एक सम्मेलन में कहा कि चीन की 'बेल्ट एंड रोड' परियोजना का कई देशों में विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा, 'मेरा अनुमान है कि वैश्वीकरण के 'चैंपियन' के रूप में देखा जाने वाला चीन तेजी से अपने आपको अलग-थलग महसूस करेगा। बढ़ते राष्ट्रवाद, आपूर्ति श्रृंखला जोखिम और प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों का प्रभाव पड़ेगा।' अडाणी ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि ये सभी अर्थव्यवस्थाएं समय के साथ फिर से पटरी पर आ जाएंगी और मजबूती से वापसी करेंगी। लेकिन इस बार अर्थव्यवस्था में वापसी अधिक कठिन लग रही है।' अडानी ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब उनका बंदरगाह से लेकर ऊर्जा कारोबार नवीकरणीय और डिजिटल क्षेत्र में बदल रहा है। अडाणी ने भारत को लेकर कहा कि वैश्विक अशांति ने देश के लिए अवसरों को तेज कर दिया है। इस घटनाक्रमों ने भारत को राजनीतिक, भू-रणनीतिक और बाजार के दृष्टिकोण से कुछ श्रेष्ठ स्थानों में से एक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और हाल ही में दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उन्होंने जीवाश्म ईंधन से पैदा होने वाली बिजली की मात्रा बढ़ाने की भारत की योजनाओं की आलोचना पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भारत को एक बड़ी आबादी को ईंधन संबंधी सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता है। इसलिए यह भारत के लिए काम नहीं करेगा।

व्हाट्सऐप पर 32 लोग एक साथ कर सकेंगे वीडियो काल

■ इस हफ्ते यह सुविधा शुरू कर देगी कंपनी ■ फिलहाल चल रहा है सुविधा का परीक्षण ■ काल के दौरान भेजना होगा इसका लिंक

नई दिल्ली (भाषा)।

व्हाट्सऐप अपने यूजर्स के लिए एक नई सुविधा शुरू करने जा रहा है। इस सुविधा के तहत वीडियो कालिंग करते वक्त आपको एक फीचर दिया जाएगा जिसके जरिए आप काल करने के दौरान ही कम से कम 32 ऐसे लोगों के नंबर पर एक लिंक भेज सकेंगे जिन्हें आप इस वीडियो काल पर जोड़ना चाहते हैं।

व्हाट्सऐप की मूल कंपनी मेटा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने व्हाट्सऐप पर 32 लोगों तक के समूह के लिए वीडियो काल की सुविधा का परीक्षण भी शुरू कर दिया है।

कैसे जोड़ेंगे 31 अन्य यूजर्स

वीडियो काल करने वाले यूजर्स को काल के दौरान अन्य 31 यूजर्स को जोड़ना काफी आसान है। यूजर 'काल' के विकल्प में जा कर 'काल लिंक' बना कर अपने परिचितों के नंबर पर भेज दें। इसके लिए यूजर्स को अपना व्हाट्सऐप अपडेट करना होगा।

- फिलहाल एक वीडियो काल पर जुड़ सकते हैं आठ लोग
- पूरी तरह एनक्रिप्टेड होगी यह वीडियो कालिंग सुविधा
- आगे कुछ और नई सुविधाएं शुरू करेगा व्हाट्सऐप

अभी व्हाट्सऐप के वीडियो काल से आठ लोग जुड़ सकते हैं। जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'हम इस सप्ताह से व्हाट्सऐप पर 'काल लिंक' सुविधा शुरू कर रहे हैं ताकि आप एक क्लिक कर किसी काल से जुड़ सकें। हम 32 लोगों तक सुरक्षित 'एन्क्रिप्टेड' वीडियो कॉलिंग का भी परीक्षण कर रहे हैं।'

उपयोगकर्ता काल के विकल्प में जा कर 'काल लिंक' बना सकेंगे और इसे अपने परिवार और दोस्तों के साथ साझा कर सकेंगे। काल लिंक का उपयोग करने के लिए व्हाट्सऐप उपयोगकर्ताओं को ऐप को 'अपडेट' करना होगा।

मोटोवोल्ट ने पेश की अर्बन ई-बाइक

नई दिल्ली (वार्ता)। मोटोवोल्ट ने अपनी नई अर्बन ई-बाइक को बाजार में उतारने की घोषणा की है। अर्बन ई-बाइक को एक बार चार्ज करने के बाद 120 किलोमीटर की दूरी तय की जा सकती है। यहां आयोजित कार्यक्रम में अर्बन ई-बाइक का अनावरण लोकसभा सदस्य प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य सीईओ तुषार चौधरी ने किया।

इसकी शुरुआती कीमत 49,999 रुपए है जिसे 999 रुपए में बुक किया जा सकता है। इसमें ईएमआई का भी विकल्प है। अर्बन में 16एएच तथा 20 एएच की हटा सकने वाली (रिमोवल) बैटरी है जो 36 वाट की है। बैटरी को पूरा चार्ज करने में तकरीबन चार घंटों का वक्त लगता है।

खरी खरी

■ मनीषा

हिजाब यहां और वहां

ऐसे उसी वक्त ईरानी औरतें हिजाब से मुक्ति को बेताब हैं, जब अपने यहां कुछ जवान लड़कियां खुद को बुरखे में कैद करने की जिद पर अड़ी हैं। शालीनता के नाम पर ईरानी औरतों को हिजाब पहनने पर पाबंद करने वालों ने इस्लामी कट्टरपंथ की आड़ ली। ये वही बच्चियां हैं, जिन्होंने अपनी मांओं, खालाओं, फुफ्इयों को स्कर्ट, फ्राक और पतलूनों में देखा है। उनकी पुरानी तस्वीरें पलटते हुए, उन्हें अपने परदे में लिपटे होने पर धित्कार महसूसा। वे अड़ गयीं। इस्लामी हुकूमत की पुलिस के सामने वे आधुनिक परिधानों में सड़कों पर हैं। सार्वजनिक रूप से वे अपनी लंबी चोटियां काट फेंक रही हैं। उनका गुस्सा तब भड़का, जब 22 साला कुर्द *महसा अमीनी* को पुलिस ने शालीन कपड़े ना पहनने और बेहिजाब होने के लिए ना सिर्फ पकड़ा। बल्कि उसकी इस बर्बरता से पिटाई की कि वह मर गयी। पाबंदी के बावजूद हजारों औरतें महसा के जनाजे में शामिल हुईं। उन्होंने अपने हिजाब निकाल फेंके और कुछ तो मॉरल पुलिस/सेना के सामने ही हिजाबों को फूंक भी रही हैं। इन लड़कियों के साथ उनकी अम्माएं, खालाएं और फुफ्इयां भी नंगे सिर सड़कों पर हैं। सरकारी सख्तियों के बढने के साथ ही उनका गुस्सा बढता जा रहा है। यहां हमारी लड़कियां हिजाब में खुद को लपेटने की जिद पर आमादा हैं। उनके दिमाग में जबरन ठूंसा जा रहा है कि नकाब उन्हें सुरक्षित रखता है। खुदा-ना-खास्ता ईरानी साहसी औरतें हमारी बच्चियों की आंखें खोलने वाली साबित हो जाएं।

हिजाब फूंकने वाली खवातीनों का साथ परिवार के पुरुष भी दे रहे हैं। पुलिस से उनकी झड़पें हो रही हैं, उन पर गोलियां चलाई जा रही हैं। जिसमें 75 से ज्यादा प्रदर्शनकारी मारे जा चुके हैं। ढेरों घायल हैं। आधुनिक रहे ईरान में इस्लामी क्रांति के बाद से लगातार कट्टरता फैलती जा रही है। हालांकि पहले हिजाब वैकल्पिक था। मगर इसी 15 अगस्त को ड्रेस कोड के तहत सख्ती से लागू करने का फरमान जारी किया गया। प्रतिबन्धों के खिलाफ पहले भी वहां लोग सड़कों पर उतरते रहे हैं। मगर इस दफा औरतों में गजब का रोष है। वे कट्टरवादी सोच को और ढोने को राजी नहीं हैं। अमरीकी प्रतिबन्धों के बाद से ईरान की आर्थिक स्थिति पहले ही डांवाडोल हो चुकी है। मंहगाई आसमान छू रही है। जैसा कि अफगास्तिान में तालिबान हुकूमत हथियाने के बाद से औरतों पर पाबंदियां थोप रहा है। लाचार औरतें ना पढाई कर पा रही हैं, ना ही देहरी लांघने को आजाद हैं। आदेशानुसार सिर से पांव तक पूरा बुरखा यानी परांजा/ बोसिया डाले बगैर घर से बाहर नहीं निकलना है। तालिबान ने सख्ती से औरतों को हिदायत दी है कि वे सड़क या बाजार में मर्द के बगैर ना निकलें। इसी दरम्यान ईरान के प्रेसिडेंट अब्राहिम रईसी ने *सीएनएन* की न्यूज एंकर को इंटरव्यू देने से मना कर दिया। रईसी संयुक्त राष्ट्र महासभा की मीटिंग में शामिल होने न्यूयार्क में थे। रईसी ने कहा कि क्रिस्टीन एमनपोर हिजाब में यह बात करें। तेहरान में पली-पढी ईरानी मूल की इस एंकर ने स्पष्ट मना कर दिया। जिसका चैनल ने सम्मान किया। बीते दो सालों में वहां साढे आठ सौ से ज्यादा दफ्तर बन्द हो चुके हैं। क्योंकि कामकाजी औरतों पर घर बैठने का दबाव है। कार्यस्थल पर उनके लिबास जांचने वाली जनाना पुलिस नियुक्त की गयी हैं। पढी-लिखी औरतें लगातार ईरान छोड़ रही हैं। बता रहे हैं हर साल पन्द्रह हजार से ज्यादा औरतें बाहरी मुल्कों में बसने की अर्जियां दे रही हैं। वे अपनी बच्चियों को मुल्क में पालने से घबरा रही हैं।

इधर अपने यहां खुद को धुर दक्षिणपंथियों का विरोधी मानने/ जताने वालों की मानसिकता का भोथरापन भी इस दरम्यान सामने आ गया। जो ईरानी औरतों के हिजाबमुक्त होने की जिद पर बलिहारी हैं। वही अपनी स्त्री के खांटी कट्टर पहनावे को राजी हैं। ज्यों ही बात स्त्री पर आती है, उनका पासा पलट जाता है। वे बता रहे हैं, यह साजिश है। बेड़ियां पहनाने को आजादी से जोड़कर बखानने वाले बहुत हैं। हिजाब को लेकर सबसे बड़ी अदालत में चली लंबी जिरह के जो अंश सामने आये, उनसे दकियानूसीपन व पुरातनपंथ की बू आ रही है। अपने पक्ष को मुस्तैदी से रखने को उतावले देश के शीर्ष वकील, बेसिर-पैर के उदाहरण देते रहे। तमाम खुदमुख्तार स्त्रियां, जो खुद अतिआधुनिक हैं, सोशल मीडिया में हिजाब के पक्ष में झंडाबरदार हैं। हालांकि दूसरी तरह के कट्टर उनको ट्रोल कर रहे हैं। दलीलों में बिन्दी, सिन्दूर लगाने को भी बन्धन बताया गया। वाकई ये बेड़ियों का ही हिस्सा हैं। मैं मानती हूं, स्त्री पर कोई भी ड्रेस कोड लादना, उसकी गरिमा के खिलाफ है। वह सिर ढांपना हो, साड़ी, सलवार-कमीज पहनना, बालों के खास तरह से लपेटना या कोई अन्य पारंपरिक

पाबंदी के बावजूद हजारों औरतें महसा के जनाजे में शामिल हुईं। उन्होंने अपने हिजाब निकाल फेंके और कुछ तो मॉरल पुलिस/सेना के सामने ही हिजाबों को फूंक भी रही हैं। इन लड़कियों के साथ उनकी अम्माएं, खालाएं और फुफ्इयां भी नंगे सिर सड़कों पर हैं

लिबास। जब औरत को किसी अन्य के द्वारा यह सब करने को मजबूर किया जाता है, तो यह गुलामी की श्रेणी में आता है। स्त्री अपनी मर्जी से कुछ भी करे। मर्द की तरह। जैसे वह कोई लिबास पहनने, टोपी लगाने-ना लगाने। दाढ़ी रखने- ना रखने को आजाद है। ठीक उसी तरह, औरतों पर कोई नियम लादा नहीं जा सकता। यह सब औरतों के लिए बन्धन है। ये वही बन्धन हैं, जिन्हें पुरुषों व पुरुषवादी मानसिकता ने तय व लागू किया। बुरको, नकाबों, हिजाब में लिपटी जवान लड़कियां जब यह दलील देती हैं कि वे अपनी हिफाजत के लिए यह सब कर रही हैं तो उनकी आंखें, उनके भाव, उनके नगली शब्दों की चीख-चीख कर चुगलियां कर रहे होते हैं। ऐसी चार लड़कियों को मैं करीब से जान पायी, जो सिर से पैर तक बुरखे में दफ्तर आती थीं। इनमें से दो तो सारा दिन नकाब में सिर ढांपे और चेहरे को लपेटे रहतीं। वॉश रूम में अकसर ये हिजाब उतारती हुई, टकरा जातीं। इनमें से दो तो गजब की खूबसूरत थीं। दोनों ही अपने चेहरे का खास ख्याल रखतीं। सुर्ख लिपस्टिक, कजरारे नैन और गालों पर लाली, हर रोज करीने से लगातीं। कई दफा वे बुरखे के भीतर पहनी स्किन टाइट जींस में खुद को, आदमकद आईने के आगे घूम-घूम कर निहार रही होतीं। कई लोगों ने, खासकर औरतों ने उन्हें इसके लिए टोका। मैंने भी जानना चाहा, यदि करियर बना रही हो, इतनी पढाई की है तो यह संकीर्णता क्यों? उनके अधकचरे तर्कों में कुटुंब का भय अधिक था। बावजूद इसके कुछ सालों में तीन ने तो हिजाब पहनना छोड़ दिया। बस एक, आते-जाते काला बुरखा डालती। बाकी सिंपल सलवार-कमीज, दुपट्टे के साथ। कहती थी, वह सरकारी बस से आती है और जहां रहती है, वह मोहल्ला खांटी मौलानाओं का है। जहां के लोग कभी यह जान ही ना पाये कि वह मीडिया में काम करती है। बेहद मायूसी से वह कहती- उनकी समझ में तो मैं उर्दू मीडियम स्कूल में उस्तादिनी हूं। यही नहीं, हिजाब के पक्षकार टोपी वाले मौलाना ने माना कि उनकी अपनी खवातीनें नकाब नहीं डालतीं। वे सब अंग्रेजी स्कूलों में पढती हैं और नये जमाने के फैशनेबल लिबास उनके फेवरेट हैं। वास्तव में कट्टरता किसी खास मजहब पर हावी नहीं है, जैसे-जैसे समय आगे बढ रहा है, जानबूझ कर औरतों को निशाना बनाया जा रहा है। उन पर पाबंदियां थोपी जा रही हैं। परंपराओं की दुहाई देकर उनकी मासूमियत को छला जा रहा है। अपने एजेंडे के लिए स्त्री को दासता में जकड़े रहने की जिद है। डेनमार्क, फ्रांस, स्वीटजरलैंड, चीन जैसे ढेरों देशों में बुरखे पर पाबंदी है। यहां तक की ढेरों इस्लामी देशों में स्त्रियां किसी तरह के नकाब के लिए पाबंद नहीं हैं। परंपराओं की आड़ में स्त्री पर धार्मिक पाबंदियां खतरनाक हैं। मगर लैंगिक विभेद की इस चिन्गारी को यूं ही दबाने की कोशिशें होती रहेंगी। मगर फेमिनिज्म की दूसरी-तीसरी लहरों की बातों के दरम्यान यह सुलगेगी जरूर। ■

कोलकाता की दुर्गा पूजा की याद

यही है जिंदगी

■ क्षमा शर्मा

पिछले कई दिन से लगातार बारिश होती रही है। ऐसा लगता है कि मानसून ने अपना समय बदल दिया है। अब वह जून-जुलाई के मुकाबले सितम्बर में दस्तक देता है। लगातार की बारिश से यह भी हुआ है कि एकाएक की गरमी से हल्की ठंड हो गई है। इसे बुजुर्ग ठंडा-गरम कहते थे और बीमारी का बड़ा कारण मानते थे। खैर, श्राद्धपक्ष बीत गया और नवरात्रि आ गई। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन सवेरे से बच्चों की टोलियां दिखाई देंगी। बल्कि होगा तो यह कि बच्चे कम और बुलाने वाले घर ज्यादा। क्या खाएं और क्या न खाएं, यह तय करना भी मुश्किल। इसीलिए आजकल इस पूजा में आने वाले बच्चे खाना पैक कराकर, ले जाते हैं। अच्छा भी है, खाना उनके परिवार के सभी सदस्यों के काम आ जाता है। इस दौरान नन्ही बच्चियों की पूछ होगी, तो छोटे बच्चे उदास होंगे। मगर उनमें से भी तो कई लांगुरा बने होंगे। उत्तर भारत में तो नवरात्रि का पर्व दो बार आता है। बहुत से स्थानों पर इसे कंजक भी बोला जाता है।

पश्चिम बंगाल में अक्टूबर के महीने में यह सांस्कृतिक उत्सव की तरह होता है। कई दशक पहले मैं इस उत्सव के दौरान कोलकाता में थी। वहां ऐसा लगता था कि सारा शहर सड़क पर उमड़ा हुआ है, लेकिन न कोई धक्का-मुक्की, न किसी से छेड़खानी। यहां तक कि खान-पान की चीजों के दाम भी उत्सव का अवसर देखकर बढ़ाए नहीं गए थे। होटल में हम खाना खाने के लिए गए थे। वहां जितनी भीड़ अंदर थी, उतनी ही भीड़ बाहर इंतजार में थी। जैसे-तैसे दो घंटे में खाना मिल पाया था। एक दिन कलकत्तावासी मित्र वहां ले गए, जहां दुर्गा की मूर्तियां बनती हैं। चारों ओर मिट्टी की बड़ी-बड़ी प्रतिमाएं। कलाकार उन मूर्तियों की साज-सज्जा में लगे थे। मूर्तियों के माथे पर बिंदी और काजल दूर से ही आकर्षित करते थे। उन दिनों हिंदी फिल्मों में हेमामालिनी छाई हुई थी। इसलिए अकसर चेहरे वैसे ही थे। तब कलकत्ता में ही मशहूर कलाकार उत्पल दत्त और महान लेखिका आशापूर्णा देवी से भी मुलाकात हुई थी। इतने बड़े कलाकार और लेखिका लेकिन मामूली सा भी अहंकार नहीं। हम बिना समय लिए गए थे। लेकिन वे दोनों बहुत प्यार से मिले। खूब बातें भी हुईं। आशापूर्णा हिंदी कम जानती थी इसलिए मित्र ने बांग्ला से हिंदी में अनुवाद करके मदद की थी। उत्पल दत्त हिंदी खूब जानते थे। उन दिनों हिंदी फिल्मों में उनका बोलबाला था लेकिन वे बहुत नाराज थे। कहने लगे, प्रेमचंद के देश के लोग कहानियां ढूंढ़ने अमेरिका क्यों जाते हैं। पिछले दिनों हिंदी फिल्मों के कथानकों पर जो बहस छिड़ी है, उसे जानकर आज भी बहुत हद तक उत्पल दत्त की बात सही नजर आती है। उनके और आशापूर्णा जी के दिए गए साक्षात्कार मेरे पास आज भी हैं। तब दुर्गा पूजा के अवसर वे लोग बहुत हुलसकर पूछते रहे कि हम किस-किस पंडाल में गए। कैसा लगा।

पश्चिम बंगाल में अक्टूबर महीने का यह सांस्कृतिक उत्सव है। कई दशक पहले मैं इस उत्सव के दौरान कोलकाता में थी। वहां ऐसा लगता था कि सारा शहर सड़क पर उमड़ा हुआ है लेकिन न कोई धक्का-मुक्की, न किसी से छेड़खानी। यहां तक कि खान-पान की चीजों के दाम भी उत्सव का अवसर देखकर बढ़ाए नहीं गए थे

इस यात्रा के बहुत दिन बाद डायनोसोर्स पर बनी फिल्म-जूरासिक पार्क आई थी। तब दुर्गा पूजा के दौरान वहां के कई कलाकारों ने दुर्गा को डायनोसोर की पीठ पर बैठा दिया था। यह कलाकारों का एक तरह से अपने वक्त से जुड़ने का प्रयास भी है। दुर्गा पूजा पर स्त्री शक्ति की पूजा तो करें ही, अपने आसपास की स्त्रियों की सुरक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। ऐसा क्यों है कि किसी उत्सव, मेले, ठेले, बाजार, होटलों में स्त्रियां असुरक्षित महसूस करें। जिस तरह आप उत्सव का आनंद लेने जा रहे हैं, वे भी आनंद के लिए ही आई हैं। उन्हें भी इसका उतना ही हक है, जितना किसी और को। ■

ब्यूटी के लिए कुमकुमादि तैलम

ब्यूटी

■ शहनाज हुसैन

आयुर्वेद के खजाने में स्किन के लिए कुमकुमादि तैलम (तेल) है, जिसमें लगभग 24 हर्बल अर्क हैं। ऑयल के अवयवों में केसर (केसर), चंदन, मंजिष्ठ, पद्माखा, वेटिवर (खस), भारतीय बरबेरी, बरगद के पेड़ के पत्ते और कई अन्य कीमती अर्क हैं। मुख्य रूप में तिल का तेल होता है। तिल का तेल सभी दोषों के लिए उपयुक्त है। इसलिए, कुमकुमादि तेल का इस्तेमाल सभी तरह की स्किन पर किया जा सकता है। तिल के तेल का इस्तेमाल रात में किया जाना चाहिए। यह स्किन के लिए चमत्कारी उपाय है। माना जाता है कि यह स्किन की कई समस्याओं को दूर करता है। इसके कई प्रभावी लाभ हैं क्योंकि इसमें एंटीसेप्टिक, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जड़ी-बूटियों के इस अनोखे संयोजन का इस्तेमाल संक्रमण और घावों के इलाज के लिए किया जाता है। इस तेल को टी ट्री ऑयल के साथ मिलाकर स्किन पर मुंहासे, फुंसी, दाने, खुजली और स्किन में जलन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

कुमकुमादि तैलम से नियमित मालिश करने से स्किन को फायदा मिलता है। यह स्किन को पोषित करता है और स्किन के जवां बनाए रखता है। यह रंग को साफ करता है और स्किन पर चमक लाता है। इसके कई अन्य लाभ हैं जैसे काले धब्बे और पैच को कम करना, स्किन की टोन को समान रखना। इससे स्किन साफ लगती है। तेल, दोष, पिगमेंटेशन, काले धब्बों को दूर रखता है। इससे स्किन चमकदार बनती है और स्किन की समस्याओं को दूर करता है। केसर भी स्किन को चमकदार व साफ करता है।

आजकल लोग न केवल स्वास्थ्य के लिए बल्कि ब्यूटी के लिए भी ऑर्गेनिक और नेचुरल अवयवों को लेकर अधिक जागरूक हैं। यही कारण है कि लोग सुंदरता और फिटनेस के लिए नेचुरल और स्वस्थ तरीका अपनाता हैं। इसीलिए कुमकुमादि तैलम जैसे आयुर्वेदिक इलाज प्रचलन में हैं। वास्तव में, इस तरह के उपायों से भारत और कई अन्य देशों में व्यापक शोध हुआ है। ज्ञान का खजाना और आयुर्वेदिक उपचारों का अनुभवजन्य मूल्य लोगों की पसंद बनता जा रहा है। कुमकुमादि तैलम या तेल स्किन के लिए ऐसा प्रोडेक्ट है, जो सुंदरता और स्वास्थ्य दोनों के लिए बेहतर जड़ी-बूटियों से बनाया जाता है। यह तेल प्राचीन नुस्खे से तैयार किया गया है, जो सदियों पहले लिखा गया था और सदियों से इसका इस्तेमाल भी किया जाता रहा है। इस चमत्कारी तेल का लाभ है कि इसका इस्तेमाल सभी प्रकार की स्किन के लिए किया जा सकता है। रात में स्किन पर केवल दो बूंदों लगाकर इसे पूरे चेहरे पर फैला लें। इसे 20 मिनट के लिए छोड़ दें और सादे पानी से धो लें। रूखी स्किन पर तेल की 4 से 5 बूंदों का इस्तेमाल करें। रात में ही कुमकुमादि तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसके कुछ तत्व धूप में स्किन को टैन कर सकते हैं। सेंसिटिव स्किन के लिए, इस्तेमाल से पहले हल्का सा हाथ की स्किन पर लगाकर देख लें। ■

■ अनिता घोष

केला पकौड़ा

सामग्री- कच्चा केला 4, कुट्टु का आटा 100 ग्राम, एक टुकड़ा अदरक कद्दूकस किया, धनिया पाउडर एक चम्मच, लाल मिर्च पाउडर एक चम्मच, छोटी इलायची पिसी हुई आधा चम्मच, नींबू का रस एक चम्मच, हरी मिर्च 2-3 कटी हुई, हरी धनिया एक चम्मच, सेंधा नमक स्वादानुसार, तलने के लिए घी।

विधि- केले को उबाल लें। उबले हुए केले को छील कर बाउल में रख कर, मैश कर लें। इसमें अदरक, इलायची पाउडर डाल का अच्छी तरह मिला लें। अब इसमें कुट्टु का आटा, धनिया पाउडर, हरी मिर्च, हरी धनिया, लाल मिर्च पाउडर,नींबू का रस और सेंधा नमक एक कप पानी डाल कर अच्छी तरह मिश्रण बना लें। गैस पर कढ़ाही रखें। कढ़ाही गरम हो जाने के बाद घी गरम करें। गरम घी एक साथ 3-4 पकौड़े डालें। मीडियम आंच पर सभी पकौड़ों को सुनहरा होने तक उलट-पुलट कर तलें। तलें हुए पकौड़ों को प्लेट में निकाल कर रखें। तैयार हो गए केले के पकौड़े। व्रत में हरी चटनी या दही के साथ के सर्व करें।

गोभी का हलवा

सामग्री- 1 गोभी, दो कप चीनी, खोया 200 ग्राम, एक कप दूध, दो चम्मच घी, एक चम्मच इलायची पाउडर, 15-20 काजू-बादाम के टुकड़े, गुलाब जल एक चम्मच

विधि- गोभी को टुकड़ों में काटकर मिक्सी में चला लें या कद्दूकस से घिस लें। मीडियम आंच में पैन में घी डाल कर गरम करें। काजू-बादाम डाल कर सुनहरा होने तक तल कर प्लेट में निकाल लें। इसी पैन में गोभी, चीनी, खोया और दूध डालकर तब तक चलाएं जब तक गोभी पूरी तरह पक न जाए। इसमें इलायची पाउडर डालें और अच्छे मिक्स कर लें। आंच से हटाकर गरमा-गरम हलवा ड्राई फ्रूट्स के साथ सजाकर सर्व करें।

कद्दू पूरी

सामग्री-200 ग्राम सिंघाड़े का आटा, 200 ग्राम कद्दू (कद्दूकस किया), आधा चम्मच अजवाइन, आधा चम्मच जीरा, एक चम्मच गरम मसाला पाउडर, 3-4 हरी मिर्च बारीक कटी, एक इंच अदरक बारीक कटी, एक चम्मच धनिया पत्ती बारीक कटी, नमक स्वादानुसार, पराठे सेंकने के लिए घी

विधि- एक बर्तन में आटे को छान लें। इसमें कद्दूकस किया कद्दू, जीरा अजवाइन, अदरक, गरम मसाला पाउडर, हरी मिर्च, हरी धनिया, एक चम्मच घी और नमक डाल कर अच्छे से मिक्स कर लें। थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर मुलायम आटा गूंथ लें। अब 15-20 मिनट के लिए गूंथे हुए आटे को ढंक कर रख दें। तय समय के बाद आटे की लोइयां बनाएं और धीरे-धीरे गोलाकार बेले लें। मीडियम आंच पर कड़ाही में घी डाल कर गरम करने के लिए रखें। घी गरम होते ही 2-3 पूरी एक साथ डालकर तल लें। इसी तरह सभी पूरियां छान ले। आंच बंद कर दें। तैयार हो गई कद्दू की पूरी। इसे दही या हरी चटनी के साथ परोसें।

टैरो

ऋचा श्रीवास्तव
(28 सितम्बर-04अक्टूबर)

मेष (21मार्च -20अप्रैल) यह सप्ताह शुभ साबित होगा। कुछ नए अवसर मिलेंगे। समय अनुकूल है। विवाह की बात चल सकती है। पारिवारिक सुख बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति प्राप्त होगी। विदेश से सम्बंधित कार्य सफल होंगे। रुके हुए काम बनेंगे। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय शुभ रहेगा।

वृषभ(21अप्रैल-21मई)- उद्देश्य में विश्वास लाभ पहुंचा सकता है। जो हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह संभव हो सकता है लेकिन बहुत अधिक परिश्रम के बाद। व्यावसायिकों के लिए अभी समय अनुकूलक नहीं है, जल्दबाजी में कोई निर्णय ना लें।

मिथुन (22मई-21जून)- नौकरी या व्यवसाय में कभी कभी उतार चढ़ाव भी आ सकता है। संतुलन ना खोएं। आशा की उम्मीद रखें, कार्य संपन्न होगा। उच्चाधिकारियों के साथ सही तालमेल बिठाएं। उनसे सही समय पर विचार व्यक्त करें। नए विचारों पर काम करें। भावुक होकर व्यर्थ की खरीदारी से बचने की जरुरत है। मन को स्थिर रखें।

कर्क (22जून-22जुलाई)- घर में जोश का माहौल और संतुष्ट महसूस कराने की सम्भावना है। अविवाहितों को सपनों का व्यक्ति मिल सकता हैं। यात्रा का भी योग बन रहा है। विलम्ब केवल पेशेवर लक्ष्यों से दूर ले जा सकता है। परिणाम सुधारने के लिए काम व्यवस्थित करें। जल्दबाजी में कोई भी निवेश करने से बचें।

सिंह (23जुलाई-21अगस्त)- यदि काबिलियत दिखाने के मौके का इंतजार कर रहे हैं तो समय अनुकूल है। छिपी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकता है। सामाजिक रूप से, उन दोस्तों से मिल सकते हैं जिन्हें भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता होगी। उन्हें सलाह देने से बचें, जो उद्यम करना चाहते हैं। यात्रा के रोमांचक अवसर मिल सकते हैं।

कन्या(22अगस्त-23सितम्बर)- चमकने के कई अवसर आ सकते हैं। उन्नति पाठ्यक्रम प्रतिद्वंदियों से आगे रख सकता है। अच्छा धन प्रबंधन पैसे बढ़ाने में मदद कर सकता है। करीबी व्यक्तिगत सम्बन्ध बहुत जीवंत होने की सम्भावना है। शारीरिक गतिविधि स्वस्थ रख सकती है। परिवर्तनों की परिवार के सभी सदस्यों द्वारा सराहना की जा सकती है।

तुला (24सितम्बर-23अक्टूबर)- सामाजिक और पेशेवर दायरे में सुर्खियों में बने रह सकते हैं। किसी भी बदलाव का पेशेवर जीवन पर स्थाई और सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। व्यवसाय विस्तार की योजना बना सकते हैं, उससे पूर्ण करने का प्रयास कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ समय निकालें और कुछ मनोरंजक गतिविधियों में शामिल हों। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ना बरतें।

वृश्चिक (24अक्टूबर-22नवम्बर)- थोड़ा थका हुआ और बेचैन महसूस कर सकते हैं। पानी के सेवन को नियमित रूप से संतुलित करने का प्रयास करें। पारिवारिक मतभेद का सामना करना पड़ सकता हैं, जो परेशान कर सकता है। कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बार बार और लम्बी यात्राओं से बचना चाहिए।

धनु (23नवम्बर-22दिसम्बर)- असीम संतुष्टि महसूस करेंगे। संघर्ष के अंतराल के बाद भौतिक लाभ व प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। नए अवसरों का स्वागत करेंगे। निजी सम्बन्ध में प्रेम विश्वास व सहयोग रहेगा। सामाजिक जीवन व्यस्त रहेगा।

मकर (23दिसम्बर-20जनवरी)- काम से जुड़े सभी मामलों में आंखें और कान खुले रखने चाहिए क्योंकि ऑफिस की राजनीति का सामना करना पड़ सकता है। सहकर्मियों एवं वरिष्ठ अधिकारिओं के साथ स्वस्थ सम्बन्ध रखें। लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें, उन पर उत्कृष्टता प्राप्त करें। व्यक्तिगत जीवन में क्रोध पर नियंत्रण रखने की जरुरत है। मांस पेशियों के लिए कसरत अथवा योग करें।

कुम्भ (21जनवरी-19फरवरी)- प्रियजनों के साथ भावनाओं को साझा करें। यदि परिवार के सदस्यों के बीच गलतफहमी हो रही है तो उन्हें दूर करने का प्रयास करें। कार्यों और विचारों को सकारात्मक रखें और करियर को लेकर असमंजस्य में ना रहें। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में सफलता मिलने का योग है। घर अथवा वाहन खरीदने का योग बन रहा है।

मीन (29 फरवरी-20मार्च)- ईगो छोड़कर परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने की सख्त आवश्यकता रहेगी। करियर कारोबार में प्रगति या विशेष पद की प्राप्ति के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता को बनाएं रखने के लिए जीवन साथी की भावनाओं की अनदेखी करने से बचें। ■